राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







12 एनसीपी-शिवसेना में टूट के बाद बदल गई महाराष्ट्र की तस्वीर........

छात्र की मौत मामले में राज्यपाल की कार्रवाई, विश्वविद्यालय के कुलपति ............ 12



वर्ष : 14 | अंक : 291 | नई दिल्ली , सोमवार, 04 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 38.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 60,355 |
| चांदी | 69,700 |
| सेंसेक्स | 65,280 |
| निफ्टी | 19,332 |

# जन विश्वास रैली : महागठबंधन के नेताओं ने भाजपा को केन्द्र से हटाने का लिया संकल्प






## रैली में राहुल गांधी, लालू प्रसाद, खरगे, दीपंकर, अखिलेश, तेजस्वी, येचुरी व डी राजा ने भरी हुंकार

## केन्द्र में बनेगी इंडिया की सरकार : राहुल

● बोलें-देश में बदलाव की शुरूआत बिहार से होती है

प्रात : किरण



पटना। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि देश से भाजपा को हटाकर आईएनडीआईए की सरकार बनाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि देश में जब भी बदलाव आता है तो बिहार से तूफान शुरू होता है और यहां से तूफान देश के दूसरे राज्यों तक जाता है। बिहार देश की राजनीति का सेंटर है और बदलाव की शुरूआत बिहार से ही होती है। श्री गांधी ने कहा कि यह देश नफरत का नहीं है, आखिर ये नफरत क्यों फैल रही है? उन्होंने कहा कि आज देश में दो तरह की विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ नफरत, हिंसा और अहंकार है, दूसरी तरफ मोहब्बत, भाईचारा और सम्मान है। उन्होंने कहा, नफरत का सबसे बड़ा कारण देश में अन्याय है। अन्याय युवाओं, किसानों और आप सब के खिलाफ है। प्रधानमंत्री दो-तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं। उनका पिछले 10 सालों में 10 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिया है। मैं पूछना चाहता हूं कि उन्होंने किसानों का कितना कर्जा माफ किया है। हिंदुस्तान के मजदूरों का कितना कर्जा माफ किया। इसलिए देश में नफरत फैल रही है।

40 साल में आज सबसे ज्यादा बेरोजगारीः

बेरोजगारी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, आज देश में 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। क्योंकि जिन छोटे उद्योगों से रोजगार पैदा होते थे, मोदी सरकार ने जीएसटी और नोटबंदी के जरिए उन्हें खत्म कर दिया। देश में आज बड़े-बड़े उद्योगपतियों की मोनोपॉली बन रही है। पीएम मोदी ने देश की सारी संपत्ति एक उद्योगपति को थमा दी है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना देश के युवाओं के खिलाफ है। केंद्र समाज के वंचित वर्गों की 73 प्रतिशत आबादी की उपेक्षा कर रहा है।

## राजद मतलब अधिकार, नौकरी और विकास : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जन विश्वास रैली में भजपा पर जमकर प्रहार किया। वहीं, राजद को लेकर एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि राजद का मतलब लोगों में विश्वास है। यह हमारी पार्टी के नाम से जाहिर होता है। तेजस्वी ने कहा कि -अब राजद को कोई माई की पार्टी कहता है, मैं कहता हूं ये बाप की पार्टी है। तेजस्वी आरजेडी का मतलब समझाते हुए कहा- आर से राइट्स मतलब अधिकार, जे से जॉब्स मतलब नौकरी व डी से डेवलपमेंट मतलब विकास। यानी राजद का मतलब ही है अधिकार, नौकरी और विकास। राजद इसी सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे पिता भाजपा के आगे कभी नहीं झुके, ना झुकेंगे। आप लोग मजबूत इरादे के साथ यहां आए हैं। आज इतनी बड़ी संख्या में आप लोग आए हैं कि पुराने सभी रेली का रिकॉर्ड टूट गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव के बाद जदयू खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि मोदी की गारंटी है। क्या वे गारंटी लेंगे कि नीतीश कुमार फिर नहीं पलटेंगे।



● बोलें- 17 महीने में लाखों लोगों को नौकरी दिलवाई

उन्होंने कहा कि आज हमारे चाचा नीतीश को बार-बार यह क्यों बनना पड़ता है कि हम अब कहीं नहीं जाएंगे। इस पर मोदी जी हंसते हैं। उन्होंने पहले कहा था कि मर जाएंगे मिट जाएंगे लेकिन अब हम कहीं नहीं जाएंगे। तेजस्वी ने कहा कि एक गाना अपने सुना होगा। इधर चला.. मैं उधर चला... जाने कहां..मैं किधर चला.. मैं फिसल गया.. तेजस्वी ने कहा कि चाचा जी आप बुजुर्ग हैं। आपको यही से हाथ जोड़कर प्रणाम लेकिन एक बात तय है 2024 में जदयू खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आज हमारे चाचा को बार-बार यह क्यों बताना पड़ता है कि हम अब कहीं नहीं जाएंगे। इस पर मोदी जी हंसते हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार में हम नौकरी देते रहे। वहीं 2020 के चुनाव के दौरान नीतीश कुमार कहा करते थे कि कहां से देगा नौकरी अपने बाप के पास से पैसे लाकर देगा। लेकिन जिस नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में नौकरी नहीं दी, उन्हीं के हाथों से 17 महीने के कार्यकाल के दौरान हमने लाखों लोगों को नौकरी दिलवाई। 17 महीने में हमने बहुत सारे काम किया। अब चाचा पलट गए। जहां रहें खुश रहें। इसके पहले तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि विपक्षी दलों में परिवारवादी पार्टियाँ हैं। जबकि पीएम मोदी को भाजपा में परिवारवाद नहीं दिखता है। एक दिन पहले मोदी बिहार आए तो मंच पर उनके साथ सम्राट चौधरी बैठते हैं। रामविलास पासवान के भाई पशुपति पारस बैठे हैं। जीतन राम मांझी की बेटे को मंत्री बना दिया। उन्हें भाजपा का यह परिवारवाद नहीं दिखता है। भाजपा में ऐसे परिवारवादी नेताओं की भरमार है।

## संविधान को नष्ट करने वाली पार्टी है बीजेपी : अखिलेश



प्रात : किरण

पटना। जनविश्वास रैली को संबोधित करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश 80 हराओ का नारा दे रहा है तो बिहार भी पीछे नहीं। 40 हराओं का नारा यहां से निकल कर आ रहा है। अगर यूपी और बिहार मिलकर 120 सीट हरा देंगे तो भाजपा का क्या होगा। सपा मुखिया ने कहा कि जनता ने भरोसा करके उन्हें बहुमत दे दिया। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने उनको बेरोजगारी दे दी है। अखिलेश ने कहा कि एजेंसी इसीलिए आई है कि राजनीति में हम लोग हैं और हम लोग इनका मुकाबला न कर रहे होते तो कोई एजेंसी नहीं आती। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब कभी हम लोग अगली बार मिलेंगे तो डबल इंजन की सरकार बाहर होगी। यूपी से लेकर बिहार तक भाजपा बाहर होगी। अखिलेश यादव ने जन विश्वास रैली से एक नारा भी दिया, जो कुछ इस तरह है- 120 हटाओ, देश बचाओ। उन्होंने आगे कह, कि तेजस्वी ने 17 महीने में 3 लाख नौकरी महागठबंधन सरकार के दौरान दी। तेजस्वी सत्ता में रहते तो 10 लाख रोजगार देने का वादा पूरा कर देते। सपा प्रमुख ने कहा कि कि बीजेपी हमें परिवारवादी पार्टी बताती है, लेकिन मैं बीजेपी से पूछना चाहता हूं कि किसी परिवार वाले को टिकट नहीं दोगे क्या? परिवार वालों से वोट भी नहीं मांगने जाओगे क्या? उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि किसान दुखी है, नौजवान के हाथ में नौकरी नहीं है और 10 साल के उनके कार्यकाल में जनता के लिए क्या उपलब्धि है? उम्मीद है कि यूपी के साथ-साथ बिहार भी बदलाव की तरफ चलेगा। बीजेपी संविधान को नष्ट करने वाले लोग हैं।

## विपक्षी दल मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और मोदी को विदा करेंगे : लालू

प्रात : किरण

पटना। जन विश्वास महारैली को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने वादा किया था कि सरकार बनने पर सबके खाते में 15 लाख जाएंगे। हम भी विश्वास कर लिए कि हो सकता है आएगा। सब परिवार का खाता जन धन योजना के तहत खुलवाया, लेकिन 15 लाख नहीं आया। बाद में कह दिया कि वह तो जुमला था। नरेंद्र मोदी ने सब को ठेंगा दिखा दिया। श्री यादव ने कहा कि अब हम सब विपक्षी दल मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और मोदी को विदा करेंगे। दिल्ली पर हम लोगों को कब्जा करना है। वहीं, राजद सुप्रीमो ने पीएम मोदी की पारिवारिक जिंदगी पर भी हमला बोला। कहा कि आजकल वे परिवारवाद पर हमला



कर रहे हैं। ज्यादा संतान होने वाले लोगों को बोलता है कि परिवारवाद है। परिवार के लिए लड़ रहा है। आपके पास परिवार नहीं है और आप हिन्दू भी नहीं हैं। जब आपकी माताजी का देहावसान हो गया तो हर हिन्दू अपनी मां के शोक में केस दाढ़ी मुंडवाता है। आपने क्यों नहीं छिलवाया? यह बताओ। देश भर नफरत फैला रहे हो। कहता है कि भगवान में प्राण प्रतिष्ठा कर दिया। बताओ कि बिना प्राण प्रतिष्ठा के ही भगवान ही अब तक थे? उन्होंने पीएम मोदी को हिंदू मानने से इनकार करते हुए अपनी बातें पूरी कीं तो राम-सीता होते हुए बेटी-बेटा तक पहुंचे। उन्होंने कहा- जनकपुर में श्रीराम चंद्र जी की शादी हुई। बिहार जैसे राज्य में एक से एक सूरमा पैदा लिए। इसी गांधी मैदान में न जाने कितनी बार देश भर नेताओं का सभाएं हुईं। यहीं से देश भर संदेश गया। बिहार के हवा में इतना दम हैं कि जो देश के लोग इसका अनुकरण करते हैं। मेरा किडनी का ट्रांसप्लांट हुआ है। हमारी बेटी रोहिणी ने अपनी किडनी मुझे दान दी। मुझे जीवनदान दिया। तेजस्वी यादव काफी मेहनत कर रहे हैं। लोगों को इतनी नौकरी दी। हम रोज पूछते थे- आज कितनी नौकरी दी? सिपाही में कितनी नौकरी दी? फिर यह भी कहा कि आरक्षण जोड़ लो, जब सिपाही को नौकरी दो। उन्होंने सीएम नीतीश के प्रकरण पर भी बात की। कहा- नीतीश कुमार को हमने कोई गाली-गलौज नहीं किया।

## नौकरी मतलब तेजस्वी... का नारा गूंजा

प्रात : किरण

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, माकपा के नेता सीताराम येचुरी और राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव रविवार को पटना में आयोजित जन विश्वास रैली में शामिल हुए। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित इस रैली को लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन इस रैली का आयोजन राष्ट्रीय जनता दल ने किया है। इस रैली में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के अलावा उनके पुत्र, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और सीपीआई के महासचिव डी राजा सहित कई अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए। रैली स्थल पर महागठबंधन के समर्थकों की भारी भीड़ दिखी। राजद की इस जन विश्वास रैली को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की राज्यव्यापी जन विश्वास यात्रा के समापन पर आयोजित किया गया है। रोजगार सृजन के प्रति प्रतिबद्धता जताने वाले तेजस्वी यादव के समर्थन में रैली के दौरान नौकरी मतलब तेजस्वी जैसे नारे गूंज रहे हैं। रैली संचालन राज्य सभा सांसद एवं र ाजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने किया। श्री झा रैली में जोश भरते दिखे। मनोज झा ने भीड़ से पूछा नौकरी मतलब...आवाज आई तेजस्वी। यह स्लोगन रैली की शुरूआत से समापन तक जारी रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष होंगे आमिर सुबहानी

पटना। बिहार के निवर्तमान मुख्य सचिव आमिर सुबहानी बिहार विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। एक आधिकारिक अधिसूचना में रविवार को यह जानकारी दी गई। यह अधिसूचना सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा के चार मार्च को नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभालने की घोषणा के एक दिन बाद जारी की गयी है। अधिसूचना में कहा गया है, एक महीने में सेवानिवृत्त होने वाले सुबहानी विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने की तारीख से पांच साल तक या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो, आयोग का नेतृत्व करेंगे। 1987 में सिविल सेवा परीक्षा में टॉप करने वाले सुबहानी ने दिसंबर, 2021 में प्रदेश के मुख्य सचिव का पद संभाला था।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में भूस्खलन में चार की मौत, दो घायल

म्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भारी बारिश के बाद हुये भूस्खलन में दो महीने के बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हो गए हैं। यहां पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात भूस्खलन के कारण मिट्टी के घर ढह जाने से एक महिला और उसकी तीन बेटियों की सोते समय मौत हो गई। पुलिस ने कहा, खराब मौसम की स्थिति के कारण, चसाना बेल्ट के सुदूर गांव कुंदरधन मोरहा बैंड में मोहम्मद फरीद का मिट्टी का घर ढह गया। उन्होंने बताया कि मोहम्मद फरीद की पत्नी फल्ला अख्तर और बेटियों नसीमा अख्तर, सफीन कौसर और समरीन कौसर की मौके पर ही मौत हो गई। एक और घर ढहने की घटना में 60 वर्षीय कालू और उसकी पत्नी बानो बेगम घायल हो गए। पुलिस एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंची और घायलों का बचाव और पुनर्वास शुरू किया।

**कार्यक्रम** पीएम 29 कार्यक्रमों में कई विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास ......

## पीएम मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।



मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। छह मार्च को वह कोलकाता में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और बारासात में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद मोदी बिहार जाएंगे और बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सात मार्च को जम्मू-कश्मीर में रहेंगे और शाम को दिल्ली में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। आठ मार्च को वह दिल्ली में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार (नेशनल क्रिएचर्स अवार्ड) में भाग लेंगे और फिर शाम को असम के लिए रवाना होंगे। मोदी अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग में सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे और फिर ईटानगर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वह असम के जोरहाट में अहोम सम्राज्य के महान सेनापति लाचित बोड़फुकन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री जोरहाट में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को मोदी उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मोदी 11 मार्च को दिल्ली में नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इसके बाद द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन शाम को वह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 12 मार्च को गुजरात के साबरमती और राजस्थान के पोखरण का दौरा करेंगे और फिर 13 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गुजरात और असम में तीन महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

## यह समय अपनी गति बढ़ाकर जीत प्राप्त करने का है : भागवत

पटना/एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने रविवार को कहा कि अनुकूल परिस्थितियों में विश्राम करने वाला हार जाता है जबकि अपनी गति बढ़ाकर कार्य करने वाले को विजयश्री मिलती है। उन्होंने कहा कि खरगोश और कछुआ की कहानी का सारांश यही है। आज देश में अनुकूल माहौल है। हमारा लक्ष्य अभी दूर है। यह समय अपनी गति बढ़ाकर जीत प्राप्त करने का है। पटना के राजेंद्र नगर स्थित शाखा मैदान में प्रातः काल आयोजित गणवेशधारी स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक गमले के पुष्प नहीं, बल्कि वन के फूल हैं जो अपने पोषण की व्यवस्था स्वयं करता है। हम लोगों को समाज ने सम्मान दिया है। स्वयंसेवकों को नहीं भूलना चाहिए कि हमारी दशा बदली है लेकिन दिशा नहीं। हमें विनम्रता और शील नहीं छोड़ना चाहिए। हम लोग बलशाली हो सकते हैं लेकिन उन्मुक्त नहीं। भागवत ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे अपने लिए चार काम सुनिश्चित करें। पहला कार्य शाखा की नित्य साधना। दूसरा कार्य शाखा से प्राप्त शिक्षा के आधार पर आचरण रखना।

## आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ेंगे पवन सिंह, तृणमूल बोली- खेला शुरू

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल के कोयलांचल क्षेत्र आसनसोल से उम्मीदवार के तौर पर घोषित किए गए भोजपुरिया स्टार और मशहूर सिंगर पवन सिंह ने यू टर्न ले लिया है। शनिवार शाम जब उन्हें पार्टी ने उम्मीदवार बनाया तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं का आभार जता रहे थे और कहा था कि वह आसनसोल की जनता पर भरोसा करते हैं। इसके बाद रविवार दोपहर उन्होंने घोषणा कर दी है कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे। सूत्रों ने बताया कि भोजपुरी गानों को लेकर हुए विवाद के बाद ही उन्होंने यह निर्णय लिया है। रविवार दोपहर पवन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। इधर, दूसरी ओर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने पवन सिंह के इस पीछे हटने के कदम पर भाजपा पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा है कि खेला शुरू हो



गया है। पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी ने पवन सिंह के चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान पर कहा है कि यह पश्चिम बंगाल के लोगों की अदम्य भावना और शक्ति की जीत है। भाजपा की तरफ से आसनसोल से पवन सिंह को उम्मीदवार बनाने पर तृणमूल कांग्रेस ने बड़ा हमला बोला था। तृणमूल ने पवन सिंह के पुराने गानों में बंगाल की महिलाओं के चित्रण पर सवाल खड़े किए थे। कुछ ही घंटों में यह विवाद काफी बढ़ गया। तृणमूल ने इसे बंगाल की महिला सम्मान से जोड़ दिया था। पार्टी के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि चुनाव के पहले भी खेला होने की शुरूआत हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि आसनसोल सीट पर फिलहाल तृणमूल कांग्रेस की ओर से शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## हरिद्वार में बढ़ी कांवड़ यात्रियों की भीड़, चहुंओर बम-बम भोले के जयकारे



**हरिद्वार, एजेंसी।** धर्मनगरी में शिवभक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है। चहुंओर बम-बम भोले के जयकारे लग रहे हैं। शनिवार से कांवड़ यात्रियों की भीड़ और बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि राज्यों से बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री गंगाजल लेने हरिद्वार पहुंच रहे हैं। आठ मार्च महाशिवरात्रि से पहले शिवभक्त गंगाजल लेकर अपने गंतव्य को लौटेंगे। पैदल और डाक कांवड़ यात्रियों की भीड़ अभी और बढ़ेगी। इधर कांवड़ यात्रियों की भीड़ से बाजारों की रौनक देखते ही बन रही है। शिव भक्तों की सुविधा को इस बार पहली दफा पुलिस की ओर से ट्रैफिक प्लान भी लागू किया गया है। इधर नगर निगम की ओर से पथ प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त कराई जा रही है। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने बताया कि चंडी पुल से होकर बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री गुजर रहे हैं। पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करायी जा रही है।

## वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाया गड्ढा बना खतरा

**नैनीताल, एजेंसी।** डीएसबी परिसर के कृष्णापुर स्थित कृषि विभाग में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाया गड्ढा परिसर प्रशासन और विद्यार्थियों की परेशानी का सबब बना हुआ है। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व खोदे गए गड्ढे में न हार्वेस्टिंग की पहल हुई और न ही गड्ढे को भरा गया। ऐसे में यहां कभी भी हादसा होने की संभावना बनी हुई है। नगर पालिका की ओर से वर्ष 2022 में अगस्त-सितंबर के दौरान डीएसबी के कृष्णापुर स्थित कृषि विभाग में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए खोदाई की गई थी। यहां लगभग पांच से छह फीट गहरा और दस फीट व्यास का गड्ढा तैयार किया गया था लेकिन इसके बाद गड्ढे को बेहतर बनाने और बारिश के पानी को छत से गड्ढे तक पहुंचाने का कार्य नहीं हुआ। इससे परिसर के आगे बना गड्ढा खतरे का सबब बना हुआ है। विभागाध्यक्ष प्रो. जीतराम ने पालिका से रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने और गड्ढे को भरने की मांग ही है। पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रशिक्षु आईएएस राहुल आनंद का कहना है कि शीघ्र ही क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

## पर्वतीय कृषि को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**नैनीताल, एजेंसी।** सतत विकास के लिए कृषि, जैविक और एप्लाइड विज्ञान में वर्तमान दृष्टिकोण पर 9वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कुमाऊं विवि के हरमिटेज स्थित देवदार सभागार में आयोजित किया गया। इसमें विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा के निदेशक डॉ. लक्ष्मीकांत मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान वक्ताओं ने हिल एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने पर जोर दिया। शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मीकांत ने टिकाऊ कृषि के विभिन्न पहलुओं, स्थिरता और लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने उत्तराखंड की जैव विविधता और इससे किसानों को होने वाले लाभ के बारे में बताया। हंगरी के डॉ. गबोर टाकौली ने गुणवत्ता वाले भोजन के बारे में बताया। कुविवि के डीन एग्रीकल्चर व एग्रोफोरेस्ट्री प्रो. जीत राम ने ड्रिप इरिगेशन के माध्यम से हिल एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने पर जोर दिया। तकनीकी सत्र में विभिन्न शोध कार्यों के 22 ओरल तथा 25 पोस्टर प्रेजेंटेशन संपादित किए गए। इससे पूर्व डॉ. छत्रपाल ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में डीएसबी परिसर की निदेशक डॉ. नीता बोरा शर्मा, डॉ. संजय कुमार झा आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन करते हुए निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर ललित तिवारी ने कृषि की पुरानी एवं नई नीतियों पर प्रभाव डाला। इस मौके पर कुलसचिव दिनेश चंद्रा, प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. पदम बिष्ट, प्रो. अतुल जोशी, प्रो. एमएस मावड़ी, प्रो. रितेश शाह, प्रो. हरीश बिष्ट, प्रो. आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# टिहरी, अल्मोड़ा और नैनीताल में पुराने चेहरों पर सुरक्षित दांव



**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में लोकसभा की पांचों सीटों पर हैट्रिक का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी भाजपा प्रत्याशी चयन के मामले में फूंक-फूंककर कदम बढ़ा रही है। पार्टी ने शनिवार को राज्य की तीन लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। इनमें टिहरी, अल्मोड़ा व नैनीताल-ऊधम सिंह नगर में पार्टी ने बिना कोई जोखिम उठाए वर्तमान सांसदों पर भरोसा जताया है। हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीट को होल्ड पर रखा गया है। इन सीटों पर उम्मीदवारों का भी ऐलान किया जाएगा। वर्तमान में हरिद्वार का प्रतिनिधित्व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और पौड़ी का प्रतिनिधित्व पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत कर रहे हैं। हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीट के लिए दावेदारों की संख्या भी ठीकठाक है। ऐसे में प्रत्याशी चयन को पार्टी मशक्कत में जुटी है। उम्मीद जताई जा रही है कि छह अथवा सात मार्च को संभावित केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में इन सीटों के लिए प्रत्याशी के नाम पर मुहर लग सकती है। उत्तराखंड में भाजपा वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से अजेय बनी हुई है। तब से यहां की पांचों सीटों पर वह विजय हासिल करती आई है। अब उसके सामने लगातार तीसरी बार लोकसभा की सभी सीटें जीतकर इतिहास रचने की चुनौती है। इसी दृष्टिकोण से पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति तय की है तो प्रत्याशी चयन को लेकर भी वह पूरी सतर्कता बरत रही है। इसके लिए पार्टी ने सभी लोकसभा सीटों पर विभिन्न स्तर से सर्वे कराए। यही नहीं, पार्टी ने दावेदारों के नाम का पैनल तय करने के दृष्टिगत पर्यवेक्षक भी क्षेत्र में भेजे। प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति ने सभी सीटों के लिए 55 नामों का पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजा था। इन सभी नामों पर हाल में हुई पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में चर्चा हुई। तब से सभी की नजरें दिल्ली पर टिकी थीं। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए देश के विभिन्न राज्यों के लिए जिन 195 प्रत्याशियों की सूची जारी की, उनमें उत्तराखंड की तीन सीटों के प्रत्याशी भी शामिल हैं। पार्टी ने टिहरी से माला राज्य लक्ष्मी शाह, अल्मोड़ा से अजय टम्टा और नैनीताल-ऊधम सिंह नगर से केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट को उम्मीदवार बनाया है। तीनों ही वर्तमान में इन सीटों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। साफ है कि पार्टी को तमाम आंतरिक सर्वे और विभिन्न समीकरणों के आधार पर यहां प्रत्याशियों के लिए माथापच्ची की आवश्यकता नहीं पड़ी। टिहरी सीट की बात करें तो कुछ एक अवसरों को छोड़ यह टिहरी राजपरिवार की परंपरागत सीट रही है। यानी, इसकी नुमाइंदगी राज परिवार ही करता आया है। टिहरी व उत्तरकाशी में राज परिवार के प्रति अनवरत आस्था रही है। वर्ष 2012 के उपचुनाव से इस सीट का प्रतिनिधित्व टिहरी राजपरिवार की माला राज्य लक्ष्मी शाह कर रही हैं। साथ ही उनकी स्वच्छ एवं बेदाग छवि है। पार्टी ने उन्हें लगातार चौथी बार टिकट देकर महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने का कार्ड भी खेला है।

## बॉलीवुड एक्ट्रेस रूप दुर्गापाल ने की मतदान करने की अपील, युवाओं को दिया खास मैसेज



**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को जिला प्रशासन की ओर से हर स्तर से प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान जिला आइकन स्वीप अल्मोड़ा और बॉलीवुड अभिनेत्री रूप दुर्गापाल ने सभी से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

रूप दुर्गापाल ने वीडियो जारी कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली अल्मोड़ा निवासी बॉलीवुड अभिनेत्री रूप दुर्गापाल ने वीडियो जारी कर कहा कि सभी लोग लोकतंत्र के पर्व में बढ़ चढ़कर भागीदार बनें।

अभिनेत्री रूप दुर्गापाल ने कहा कि मताधिकार एक शक्तिशाली अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। उन्होंने जनपद के युवाओं से भी अपील की है कि यदि आप 18 वर्ष के हैं और अभी तक वोटर आईडी नहीं बनवाई है तो भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भी रजिस्टर कर सकते हैं। या फिर अपने बीएलओ के माध्यम से भी अपना वोट बनवा सकते हैं।

अभिनेत्री रूप दुर्गापाल ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। इसके अलावा जिले भर के विभिन्न स्थानों में मतदान जागरूकता कार्यक्रम हुए। लोगों को मताधिकार के लिए प्रेरित किया गया।

## प्रशासन ने फार्मेसी कंपनी के कारखाने पर मारा छापा, सील

**काशीपुर, एजेंसी।** अवैध रूप से डायबिटीज की दवा बनाने वाली एक फार्मेसी कंपनी के कारखाने पर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी व एसडीएम की टीम ने छापा मारा। जहां कई अनियमितताएं मिलने पर टीम ने कारखाने को सील करके एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। साथ ही दवा की जांच के लिए सैंपल भी लिए हैं।

शुक्रवार को नगर के कुंडेश्वरी स्थित जैतपुर रोड पर एक आवास में ऊधमसिंह नगर के जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, जीएसटी अधिकारी पूजा पांडे, नायब तहसीलदार भीम सिंह ने कुंडेश्वरी पुलिस के साथ छापा मारा। जांच पड़ताल के दौरान वहां सागर एंड काका फार्मेसी प्राइवेट लिमिटेड की डायबिटीज की दवा मधु निवारक चूर्ण और दवा बनाने के उपकरण बरामद हुए। एसडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी के पास काफी समय से इस दवा के अवैध रूप से बनाए जाने और देश में दूर-दूर तक सप्लाई करने की शिकायतें आ रही थीं। मामले को संज्ञान में लेते हुए टीम ने यह कार्रवाई की। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. शुक्ला ने बताया जांच के दौरान मौके से न तो दवा बनाने का कोई लाइसेंस मिला, न ही जीएसटी फाइलिंग संबंधी कोई कागजात मिले। वहीं कारखाना के अंदर गंदगी फैली हुई थी। जिसके चलते उसको सील कर दिया गया है। मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि मौके से मिली दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही कारखाना संचालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सरोवरों में बरसेगा अमृत आत्मनिर्भर बनेंगे किसान

**भवाली (नैनीताल), एजेंसी।**
भीमताल और भवाली में अमृत सरोवर के जरिये गर्मी में पानी के इंतजाम की कवायद की जा रही है। भवाली नगर पालिका और भीमताल ब्लॉक की ओर से 10 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। इससे जहां जलस्रोतों को रिचार्ज किया जाएगा वहीं पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। कोशिश की जा रही कि ये सरोवर मत्स्य पालन के जरिये आय बढ़ाने में भी कारगार साबित होंगे। भवाली नगर पालिका की ओर से जलसंस्थान विभाग के कार्यालय की जमीन पर चार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। अमृत सरोवर बनने से पास के पंप के पानी को रिचार्ज होने का लाभ हो रहा है। सरोवर में मछली डालकर क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। भीमताल में छह सरोवर बनाए गए हैं। ब्लॉक प्रमुख भीमताल, डॉ. हरीश बिष्ट ने बताया कि अमृत सरोवर पानी की क्षमता को तो बढ़ाएंगे ही साथ ही पर्यटन को भी बढ़ाने का काम करेंगे। ब

# मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में छात्र के साथ मारपीट






**हल्द्वानी, एजेंसी।**
राजकीय मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में एक बार फिर हंगामा हो गया। सीनियर छात्रों पर जूनियर को थप्पड़ जड़ने, अभद्रता करने का आरोप है। मामले को अनुशासन कमेटी ने कार्रवाई के लिए एंटी रैगिंग कमेटी को रेफर कर दिया है। कॉलेज में पिछले पांच साल में रैगिंग के सात मामले आ चुके हैं।

राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में एमबीबीएस के तृतीय वर्ष व इंटर्न के साथ ही द्वितीय वर्ष के छात्र एक होटल में फेयरवेल पार्टी कर रहे थे। पार्टी में एक सीनियर छात्र की कॉलेज से बाहर की महिला मित्र भी शामिल थी। आरोप है कि जूनियर ने महिला मित्र को लेकर कमेंट कर दिया।

गुरुवार रात डेढ़ बजे जब सभी छात्र-छात्राएं हॉस्टल पहुंचे तो हंगामा हो गया। जूनियर छात्र का आरोप है कि उसे चार-पांच सीनियर छात्रों ने बुरी तरह पीटा। थप्पड़ जड़ा और मुर्गा भी बनाया। इससे वह डरा हुआ है। जूनियर छात्र ने कॉलेज प्रशासन से शिकायत भी की है।

घटना को गंभीरता से लेते हुए प्राचार्य प्रो. अरुण जोशी ने अनुशासन कमेटी की बैठक बुला ली। बैठक में तय हुआ कि शनिवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक होगी। घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने हंगामे में शामिल सीनियर व जूनियर छात्रों के अभिभावकों को फोन पर घटना की जानकारी दी गई। कुछ अभिभावकों का कहना था कि बच्चे हैं। गलती हो गई है।

## आंधी-तूफान से गिरे 11 केवी के दो पोल, 150 मीटर लाइन क्षतिग्रस्त

**ऋषिकेश, एजेंसी।** आंधी और तूफान चलने से शुक्रवार को आसन पुल धर्मावाला के समीप 11 केवी के दो बिजली के पोल गिर गए। प्रतीतपुर बांसूवाला में पेड़ गिरने से करीब 150 मीटर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस कारण तिमली फीडर से जुड़े करीब 12 से अधिक गांवों में दोपहर 12:45 बजे से शाम 4:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस कारण साहिया छानी, साहिया बाजार, समाल्टा, पानुवा, अलसी, सकनी, कनबुआ, उत्पाल्टा, उपरोली, नेवी, खताशा, पाटी, फटेऊ, मलेथा, दातनू बड़नू, कोठा, तारली, खमरोली, आरा, अष्टी, कोरुवा समेत 350 से अधिक गांव में शाम चार बजे से बिजली आपूर्ति बाधित रही। शाम सात बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। चकराता क्षेत्र में तेज हवा चलने के कारण लाइन बार-बार ट्रिप करती रही। इस कारण दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक बिजली की आंख-मिचौनी जारी रही। शाम सात बजे बाद बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बहाल हो सकी। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना ने बताया कि शाम तक अधिकांश जगहों पर बिजली आपूर्ति बहाल करा दी गई है। शेष जगहों पर संबंधित अवर अभियंताओं को बिजली बहाल कराने के निर्देश दिए हैं।

## गहरी नींद में सो रहा था परिवार, गोशाला में भड़क गई आग

**दन्या, एजेंसी।** आधी रात में गोशाला में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जबकि घर में परिवार के लोग अग्निकांड से अनभिज्ञ होकर गहरी नींद में सो रहे थे। गश्त में निकली पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच परिवार के लोगों को जगाया। ग्रामीणों के साथ रेस्क्यू कर गोशाला से मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

बीते गुरुवार की देर रात दन्यां पुलिस बाजार क्षेत्र में गश्त ड्यूटी पर थी। रात करीब एक बजे पुलिस को बाजार के समीप आटी गांव में एक घर से आग की लपटें उठती दिखाई दी। धुएं का गुब्बार और आग की लपटें देखकर पुलिस गांव की ओर भागी। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक गोशाला की छत पर रखे घास के ढेर में भीषण आग लगी हुई थी।



पास में स्थित घर में सभी लोग सो रहे थे। किसी को भी आग लगने की जानकारी नहीं थी। पुलिस ने संबंधित घर और आस-पास के लोगों को उठाने के लिए आवाज देकर उठाया।

इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों के साथ रेस्क्यू अभियान चला गोशाला में फंसी एक गाय, पांच बकरियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद ग्रामीणों के साथ मिलकर आग को पूरी तरह से बुझाया। मवेशियों की जान बचाते हुए बड़े अग्निकांड की घटना को टाला।

गृह स्वामी ने बताया कि मवेशियों के लिए धुआं लगाया था, हो सकता है रात में वह पूरी तरह से बुझा नहीं। अंदर चिंगारी फिर से भड़क गई, जिससे सूखी घास में आग लगी। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक पुष्कर खाती, हेड कांस्टेबल गोपाल गिरी आदि रहे।

## लालकुआं से अमृतसर के लिए दौड़ेगी नई ट्रेन, ये हैं अपने स्टेशन का समय

**नैनीताल, एजेंसी।**
यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे मुख्यालय की ओर से शुक्रवार को लालकुआं से अमृतसर के रूट पर नई एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन का आदेश हुआ है। इसमें बताया कि लालकुआं रेलवे स्टेशन से अमृतसर रेलवे स्टेशन के लिए गाड़ी संख्या 15016 और 15015 का साप्ताहिक संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन 5 मार्च से प्रत्येक मंगलवार लालकुआं से संचालित होगी, वहीं 6 मार्च से अगले दिन प्रत्येक बुधवार को अमृतसर से लालकुआं के लिए चलेगी।

रेलवे मुख्यालय गोरखपुर की ओर से अब यात्रियों की सुविधा और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नयी ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए गाड़ी संख्या 15016 को लालकुआं से अमृतसर रूट के लिए सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर चलाया जाएगा, जबकि वापसी में अगले दिन बुधवार को गाड़ी संख्या 15015 अमृतसर से सुबह 5 बजकर 55 मिनट पर संचालित होगी। लालकुआं से दोपहर 1:40 बजे छूटेगी, जो रुद्रपुर स्टेशन पर 2:13 बजे, मुरादाबाद 4:07 बजे, सहारनपुर रात 08:15 बजे, अंबाला 10:00 बजे, लुधियाना 11:46 बजे, जालंधर 12:50 बजे, अमृतसर स्टेशन पर अगले दिन सुबह 2:20 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन अमृतसर से बुधवार को सुबह 5:55 बजे स्टेशन से चलेगी, जो जालंधर स्टेशन पर सुबह 07:07 बजे, लुधियाना स्टेशन में 08:12 बजे, अंबाला स्टेशन पर 10:05 बजे, सहारनपुर स्टेशन पर 11:25 बजे, मुरादाबाद स्टेशन में दोपहर 02:52 बजे, रुद्रपुर स्टेशन में 04:50 बजे चलकर, लालकुआं स्टेशन में शाम 05:35 बजे पहुंचेगी। इन ट्रेनों में जनरेटर सह लगेज यान का एक, एलएसएलआरडी का एक, साधारण द्वितीय श्रेणी के तीन, शयनयान श्रेणी के छह, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के पांच, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक और वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का एक कोच सहित कुल 18 कोच लगाए गए है।

# नए मकानों पर चला बुलडोजर, बरसात में भी पांच घंटे तक होती रही कार्रवाई

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
वनभूमि पर कब्जे को लेकर वन विभाग ने फिर से बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार सुबह करीब नौ बजे वन विभाग, पुलिस और प्रशासन की टीम बागजाला क्षेत्र पहुंची। यहां बरसात के बावजूद दो बजे तक कार्रवाई कर आठ निर्माणाधीन मकान तोड़े गए। संयुक्त टीम की तैयारी देख कहीं विरोध की स्थिति पैदा नहीं हुई।

वहीं, वनभूमि पर अतिक्रमण के मामले में सभी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। गौलापार के बागजाला में वनभूमि पर अतिक्रमण को लेकर पिछले दिनों वन विभाग ने सर्वे किया था, जिसके बाद तय हुआ कि पुरानी बसावट को लेकर नोटिस देकर पक्ष जाना जाएगा, लेकिन नए बन रहे मकानों को तोड़ा जाएगा।

13 फरवरी को कार्रवाई होनी थी, मगर बनभूलपुरा मामले को लेकर मामला अटक गया था। इसके बाद 27 फरवरी का दिन तय किया गया, लेकिन इस दिन पुलिस फोर्स न मिलने के कारण अभियान स्थगित करना पड़ा। इस पर शनिवार को कार्रवाई की योजना बनी।

ऐसे में सुबह संयुक्त टीम भारी फोर्स के साथ बागजाला पहुंच गई, जहां टीमों को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर निर्माणाधीन मकानों को तोड़ने के लिए भेजा गया। दोपहर दो बजे तक कार्रवाई का सिलसिला चला। पूर्व में चिह्नित आठों निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। करीब पौने हेक्टेयर जमीन विभाग ने कब्जा लिया है। सभी जगहों पर अब चेतावनी बोर्ड भी लगेगा। वन विभाग ने पहले चरण मे निर्माणाधीन मकान ध्वस्त किए हैं। अब 100 हेक्टेयर जमीन से जुड़े 750 परिवारों को नोटिस भेजकर डीएफओ के वहां सुनवाई होगी। फिलहाल पुराने मकान या किसी अन्य तरह के निर्माण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। मौके पर ग्रामीणों को यह बात बताई गई। रेंजर चंदन अधिकारी ने बताया कि जिन लोगों की तरफ से निर्माण करवाया जा रहा था, उनके विरुद्ध वन






अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनमें अशोक शर्मा, देवकी नंदन, किशन भट्ट, हनीफ, शारदा कश्यप, रमेश आर्य, मुकेश झा के अलावा एक अज्ञात शामिल है।

## बकाया बिजली बिल जमा कर रहे कर्मचारियों से अभद्रता

**हल्द्वानी, एजेंसी।** गौलापार में बिजली बकाया बिल जमा कर रहे ऊर्जा निगम के कर्मचारियों के साथ अभद्रता और सरकारी काम में बांधा डालने का आरोप लगाया गया है।

ऊर्जा निगम के अवर अभियंता नवीन चंद्र पंत ने खेड़ा पुलिस चौकी में दी तहरीर में कहा कि शुक्रवार को कर्मचारी मनोहर सिंह कुंवरपुर क्षेत्र में बिलों की वसूली के लिए गए थे। वहां एक घर में बिजली बिल के बकाया भुगतान के बारे में कहा गया इसके लिए एक युवक से फोन पर बात की गई। बिल जमा नहीं होने पर कनेक्शन काटे जाने की बात कही गई। आरोप है कि इस पर उसने गाली गलौच करनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद आरोपी युवक अपने साथ 7-8 लोगों को लेकर विद्युत उप संस्थान पहुंचा और वहां मौजूद कर्मचारी मनोज पंत, नारायण राम के साथ अभद्रता और गालीगलौच की गई। मनोहर सिंह को उपखंड बुलाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। उन्होंने आरोपियों पर उप संस्थान में घुसकर विद्युत उपकरणों को नुकसान पहुंचाने, राजस्व वसूली से प्राप्त धनराशि में सेंध लगाकर क्षति पहुंचाने और कर्मियों से मारपीट करने का भी आरोप लगाया। एसडीओ नीरज पांडे ने बताया कि बकाया बिल लेने गए कर्मचारी के साथ उपभोक्ता ने अभद्रता और गालीगलौच की और बिजली घर में तोड़फोड़ का प्रयास किया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में हल्की बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

नई दिल्ली। दिल्ली में रविवार सुबह हल्की बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया और न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते 24 घंटे में 4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। शहर में आज और बारिश या बूंदाबांदी की संभावना के साथ बादल छाए रहने की उम्मीद है। शहर में आर्द्रता का स्तर 73 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 103 दर्ज किया गया है जो मध्यम श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

### दिल्ली में सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में मोटरसाइकिल के डिवाइडर से टकराने से एक व्यक्ति और उसकी मां की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान फरीदाबाद निवासी राहुल और उसकी मां शांति देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि को गेट नंबर 4 आईपी पार्क सराय काले खां पर एक दुर्घटना के बारे में सनलाइट कॉलोनी पुलिस स्टेशन को सूचना मिली थी, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। वहां एक बुलेट मोटरसाइकिल मिली और दोनों घायलों को एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जांच के दौरान, यह पता चला कि दोनों फरीदाबाद स्थित अपने घर से आईटीओ की ओर जा रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, असंतुलित होकर मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गई जिसमें दोनों मां-बेटे घायल हो गए थे।

### प्रवेश वर्मा ने दी कमलजीत सहरावत को शुभकामनाएं

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को अपने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में दिल्ली की भी पांच सीटें शामिल हैं। पार्टी ने दिल्ली वेस्ट से वर्तमान सांसद प्रवेश वर्मा का टिकट काटकर उनकी जगह कमलजीत सहरावत को टिकट दिया है। प्रवेश वर्मा ने सहरावत को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में प्रवेश वर्मा ने लिखा, दिल्ली वेस्ट से पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने पर कमलजीत सहरावत को शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी फिर से दिल्ली में सातों सीटें जीतेगी और देश में 370 से अधिक सीटें जीतकर पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएगी। वर्मा ने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता की वजह से देश नित नई ऊंचाई को स्पर्श कर रहा है। उनके नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। देश विकसित होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर है।

### दिल्ली में अपने घर पर मिला सब-इंस्पेक्टर का शव



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर का शव पूर्वी दिल्ली में उनके घर के अंदर पाया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उन्होंने अपने सर्विस पिस्टल से आत्महत्या की है। मृतक की पहचान के. गणेश के रूप में हुई है, जो हैदराबाद के निवासी थे और वह मधु विहार पुलिस स्टेशन में तैनात थे। पुलिस ने कहा कि उन्हें रात करीब 2 बजे गणेश के परिवार से उनकी मौत के बारे में सूचना मिली। 2019 बैच के पासआउट गणेश के फोन पर संपर्क नहीं होने की सूचना दी गई, जिससे संभावित दुर्घटना का संदेह पैदा हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, तुरंत, स्थानीय पुलिस गणेश के फ्लैट पर पहुंची, जो बंद था। पहली मंजिल के फ्लैट की बालकनी में पहुंचने पर, पुलिस ने खिड़की से गणेश का शव देखा। उनकी गोद में सर्विस पिस्तौल थी। अधिकारी ने कहा, मोबाइल क्राइम और फोरेंसिक टीमों को घटनास्थल पर बुलाया गया है। प्रथम दृष्टया लगता है कि गणेश ने पिस्टल का इस्तेमाल कर आत्महत्या कर ली है। मामले में पूछताछ जारी है।

# विद्वान नहीं मनुष्य होना ही बड़ी बात : डा. विश्वनाथ त्रिपाठी

## आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट की तीसरी वर्षगांठ पर गोष्ठी एवं काव्य पाठ आयोजित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ विश्वनाथ त्रिपाठी ने कहा कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी कहते थे 30-40 किताबें पढकर तो कोई भी विद्वान हो जाएगा, पर विद्वान होने से क्या होता है। मनुष्य होना बड़ी बात। उन्होंने यह बात शनिवार को साहित्य अकादमी सभागार में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट की तीसरी वर्षगांठ पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। संगोष्ठी का विषय ह्यआचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदीः साहित्य और भाषा के फक्कड़ साधकह्य था। गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ ज्योतिष जोशी थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विश्वनाथ त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रभात शुंगलू एवं रत्नेश मिश्र ने आचार्य जी की कविताओं का पाठ भी किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता जर्नादन द्विवेदी, हास्य कवि सुरन्द्र शर्मा समेत ट्रस्ट की अध्यक्ष डा. अपर्णा द्विवेदी, महासचिव नुपूर द्विवेदी के अलावा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार आदि मौजूद थे। इस मौके पर श्री त्रिपाठी ने अपने गुरु आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के साथ के अपने अनुभवों का साझा करते हुए कहा कि आचार्य जी विद्वता की बहुत इज्जत करते थे। वह पढते बहुत थे और कभी-कभी तो 16-16 घंटे तक पढाई करते थे। उन्होंने आचार्य जी की कालीदास के सौंदर्यशास्त्र पर चर्चा करते हुए कहा कि वह पहले से प्रतिष्ठित सौंदर्य को प्रतिष्ठित नहीं कर रहे थे बल्कि वह उसे पुर्नस्थापित करत रहे थे। आचार्य जी ने सिर्फ सौंदर्य को ही नहीं बल्कि दोनों पक्षों को लिखा है, इसलिए वह हजारी प्रसाद द्विवेदी है।

डा. ज्योतिष जोशी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल और आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी हिन्दी साहित्य के दो अन्यतम शिखर हैं, जिनको स्पर्श किए बिना हमारा समस्त साहित्य ज्ञान अधूरा है। उन्होंने दोनों साहित्यकारों का स्मरण करते हुए कहा कि आचार्य शुक्ल जहां मयार्दा पुरुषोत्तम हैं तो वहीं आचार्य द्विवेदी लीला पुरुषोत्तम हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य जी लिखते हैं कि जो इतिहास को स्वीकार न करे वह आधुनिक नहीं और जो चेतना को न माने वह इतिहास नहीं। इससे सबसे पहले ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ अपर्णा द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत पौधा दे कर किया, एवं मंच का संचालन भी किया। ट्रस्ट की महासचिव नूपुर द्विवेदी पांडे ने ट्रस्ट की साल भर की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने ट्रस्ट की अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# अपहरणकर्ता के चुगंल से बच्चे को मुक्त कराया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



कापसहेड़ा इलाके में अपनी पत्नी को वापस बुलाने के लिए एक शख्स द्वारा अपहरण किए गए 11 साल के बच्चे को 36 घंटे के अंदर पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है, जबकि आरोपित को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि आरोपित समीर उर्फ मुनेश को महाराष्ट्र के अहमदनगर में छापा मारकर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपित मूलरूप से दिल्ली के खजूरी खास का रहने वाला है। एसएचओ नवीन कुमार की टीम सर्विलांस के जरिए लोकेशन को ट्रैक करती रही और उसके पीछे-पीछे पुलिस टीम लगी रही। इसका परिणाम हुआ की पुलिस 36 घंटे के भीतर बच्चे को दिल्ली से बरामद करने में कामयाब हो गई।

डीसीपी के अनुसार 23 फरवरी को बच्चे के किडनैप किए जाने की शिकायत बच्चों की मां ने दी थी। उसने बताया कि उनका बेटा दुकान पर पानी लेकर पापा के लिए गया था, लेकिन वह वापस नहीं आया। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की। बच्चों के पिता से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसी के दामाद समीर का कॉल आया है और कहा कि उसका साला उसके पास है। यदि उसकी पत्नी उसके साथ रहना शुरू नहीं करेगी, तो वह बच्चे की हत्या कर देगा। समीर की शादी कसर अली की बेटी से 4 साल पहले हुई थी। उसकी डेढ़ साल का एक बेटी भी है।

आरोपित लगातार अलग-अलग लोकेशन से अलग-अलग नंबर से कॉल कर रहा था। पुलिस टीम टेक्निकल सर्विलांस से लगातार उसके पीछे लगी हुई थी। बच्चे को दिल्ली के आईएनए मार्केट के पास से 25 फरवरी को बरामद कर लिया गया था। जबकि उस समय से लगातार भाग रहा था, इसे महाराष्ट्र के अहमदनगर में छापा मारकर एक मार्च को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसे पुलिस दिल्ली वापस लेकर आ रही है।

# एक कार एक्सीडेंट में तीन की मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में एक कार के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पूर्व दिल्ली में कार डिवाइडर से टकराई, विपरीत कैरेजवे पर गई और एक ट्रक से टकरा गई। कार में सवार सात लोग फरीदाबाद में एक शादी समारोह से लौट रहे थे जब बदरपुर फ्लाईओवर पर यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान ओखला के संजय कॉलोनी निवासी राज (21), संजू (38) और दिनेश (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि अंसुल (18) की हालत गंभीर है, जबकि नीरज (18), अजीत (28) और विशाल (28) का इलाज चल रहा है। ये सभी एक ही इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा कि बदरपुर पुलिस स्टेशन में घटना के बारे में शनिवार दोपहर 12:48 बजे एक कॉल आई। डीसीपी ने कहा, बदरपुर फ्लाईओवर पर, मारुति ऑल्टो कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर से टकरा गई और फिर विपरीत कैरिजवे पर चली गई जहां वह एक ट्रक से टकरा गई। सभी सात लोगों को एम्स ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया। डीसीपी ने बताया कि वे सभी फरीदाबाद निवासी अपने रिश्तेदार सोहन लाल की शादी के रिसेप्शन में शामिल होने गए थे।

# बीवी को वापस भेज दो, नहीं तो तेरे बेटे को मार दूंगा, पत्नी के जाने पर पति ने साले को किया किडनैप



नई दिल्ली। कापसहेड़ा थाना पुलिस ने साले का अपहरण कर फिरौती मांग रहे जीजा को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान खजूरी खास के समीर उर्फ मुनीश के रूप में हुई है। वह दूसरी कक्षा तक पढ़ा है और रिक्शा चलाने का काम करता है। करीब एक महीने पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। उसे लगता था कि उसका ससुर उसकी पत्नी की दूसरी शादी करवाने वाला है। इसी वजह से उसने साले का अपहरण किया। दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि कापसहेड़ा थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि 11 वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया गया है। शिकायतकर्ता तब्बसुन खातून ने बताया था कि उनका बेटा उनके पति कसार अली को दुकान पर पानी देने गया था, लेकिन वापस नहीं आया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। कसार अली ने बताया कि उन्हें उनका दामाद समीर फिरौती के लिए कॉल कर रहा है। फिरौती न देने पर वह बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहा है और पत्नी व बेटी को वापस करने का दबाव भी बना रहा है। उसे लगता है कि उसकी पत्नी की शादी किसी और से हो गई है और कसार अली को उसके वर्तमान ठिकाने के बारे में अच्छी तरह पता है। समीर की शादी चार वर्ष पहले कसार अली की बेटी से हुई थी। इस विवाह से उनकी डेढ़ वर्ष की बेटी है। एक महीने पहले उसकी पत्नी बिना बताए हुए उसे छोड़कर चली गई थी। समीर उसकी मांगों को पूरा न होने पर उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपित को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। टीम में एसआइ जसबीर मलिक, कमल कांत, विनोद कुमार, सुनील, एएसआई अजीत सिंह, हेड कॉन्स्टेबल बीरेंद्र, आलोक, राजेश आदि शामिल थे। पुलिस ने उस मोबाइल नंबर की डिटेल खंगाली, जिस नंबर से धमकी दी जा रही थी। उस के आधार पर दिल्ली-एनसीआर के विजय घाट, दरियागंज, सीलमपुर, गांधी नगर, खजूरी, कोटला मुबारकपुर आदि में छापेमारी की गई। यहां पर पता लगा कि समीर राहगीरों के अलग-अलग नंबरों से शिकायतकर्ता को कॉल कर रहा था। जब शिकायतकर्ता को समीर का कॉल आया तो संक्षिप्त बातचीत के बाद शिकायतकर्ता ने उसकी मांग मान ली। इसके बाद आईएनए मेट्रो स्टेशन के पास जाल बिछाया गया। इसके बाद समीर बच्चे को वहां पर छोड़कर भागने में कामयाब हो गया। समीर को पकड़ने के लिए टीम ने उसके मूल गांव उत्तर प्रदेश के संभल के अकबरपुर में भी छापेमारी की, लेकिन वह वहां पर नहीं आया। बाद में पता लगा कि समीर ने अपना मोबाइल एक्टिवेट किया है और वह नया सिम कार्ड इस्तेमाल कर रहा है। इसके बाद उसे महाराष्ट्र के अहमदनगर से गिरफ्तार कर लिया गया।

# मनोज तिवारी जमीन से जुड़े नेता हैं जीतेंगे बड़े मार्जन से : मुकेश बंसल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उत्तर पूर्वी दिल्ली से लगातार दो बार सांसद मनोज तिवारी जनता तथा जमीन से जुड़े नेता है। इस बार वे लगातार जीत दर्ज कर हैट्रिक बनाएगें। यह कहना है कर्दम पुरी से भारतीय जनता पार्टी के निगम पार्षद मुकेश बंसल का। मुकेश बंसल कहते हैं मनोज तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान विकास के अनेक कार्य किये तथा जनहित में नई योजनायें बनाई जिन पर काम चल रहा है। मुकेश बंसल कहते है उनके कार्यों को देखते हुए ही पार्टी ने उन्हें तीसरी बार भी प्रत्याशी बनाया है। मुकेश बंसल कहते हैं मिदुर्भासी मनोज तिवारी कार्यकताओं के साथ-साथ जनता के लिए सदैव उपलब्ध रहते हैं। मुकेश बंसल कहते हैं इस बार भी मनोज तिवारी बड़े अन्तराल से चुनाव जीतेगें। और इस बार उनकी जीत का अन्तराल पिछली बार से भी अधिक होगा। मुकेश बंसल कहते हैं मुकेश बंसल ने आगे कहा की भाजपा के राजनीतिक कद के आगे अन्य सभी राजनीतिक पार्टियां बहुत ही छोटी दिखाई देती है क्योंकि एक तरफ जहां अन्य पार्टियां सत्ता को हासिल करने के लिए उन राजनीतिक पार्टियों से भी गठबंधन कर रही है जिनसे वह कहते थे की हमारी विचारधारा नहीं मिलती वही दूसरी तरफ भाजपा ने अकेले ही जनहित के लक्ष्य को सर्वोपरि रखते हुए देश की जनता के लिए ऐसी ऐसी योजनाएं बनाई है, ऐसी ऐसी नीतियां बनाई है जिन्होंने हर धर्म का, हर वर्ग का व हर समुदाय का विकास किया है। मुकेश बंसल कहते हैं मनोज तिवारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों तथा अपने दस साल के कार्यों तथा उपलब्धियों के नाम पर जनता से आशीर्वाद मांगेंगे और जीत की हैट्रिक बनाएंगे।

# पूर्व केन्द्रीय डॉ. हर्षवर्धन ने किया राजनीति से संन्याहस का ऐलान

- ईएनटी क्लीनिक उनकी वापसी का रहा है इंतजारः हर्षवर्धन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। हाल ही में भाजपा की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची में चांदनी चौक से उनके स्थान पर प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की वापसी की शुभकामनाओं के साथ उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि उन्हें उनके साथ काम करने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकताओं, प्रशंसकों और आम नागरिकों के साथ-साथ पार्टी के नेताओं को धन्यवाद दिया।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने कैरियर का उल्लेख करते हुए उन्होंने अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने की बात कही। उन्होंने कहा, कृष्णा नगर में मेरा ईएनटी क्लीनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे तंबाकू और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ, जलवायु परिवर्तन और सरल व टिकाऊ जीवन शैली सिखाने के लिए काम करेंगे। अपने तीस साल से अधिक के करियर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन तीस सालों में पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव लड़े और अनुकरणीय अंतर से जीते और पार्टी संगठन तथा राज्य और केंद्र की सरकारों में कई प्रतिष्ठित पदों पर काम किया। उन्होंने कहा कि संघ के कहने पर वे राजनीति में आए थे। वे (संघ) मुझे केवल इसलिए मना सके क्योंकि मेरे लिए राजनीति का मतलब हमारे तीन मुख्य शत्रुओं- गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ने का अवसर था।

डॉ हर्षवर्धन ने कहा, दिल से एक स्वयंसेवक, मैं हमेशा पंक्ति में अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के प्रयास के दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन का उत्साही प्रशंसक रहा हूं। केन्द्र में मंत्री के तौर पर उन्हें पहले पोलियो मुक्त भारत बनाने की दिशा में काम करने और बाद में खतरनाक कोविड -19 से जूझ रहे हमारे लाखों देशवासियों के स्वास्थ्य की देखभाल करने का दुर्लभ अवसर मिला।

# आकाशीय बिजली गिरने से छत से गिरा मलबा, लोगों में मच गई चीख पुकार

- तभी मैं और मेरी पत्नी तुरंत बेड से कमरे के एक कोने में आ गए। जैसे ही बेड से उतरा, काफी मलबा बेड के ऊपर आ गिरा।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बरवाला गांव में शनिवार की देर रात करीब दो बजे एक घर की छत पर आकाशीय बिजली गिरने से छत क्षतिग्रस्त हो गई। नीचे कमरे में सो रहे दंपति के बेड के पास मलबा गिरा। तभी दंपति कमरे के एक कोने में चले गए। कुछ ही सेकेंड बाद फिर से काफी मलबा बेड के ऊपर गिरा। समय रहते दंपति ने खुद को सुरक्षित कर लिया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बिजली गिरने की काफी तेज आवाज होने से पड़ोसी भी डर गए। पीड़ित पवन ने बताया कि वे गहरी नींद में सो रहे थे। तभी रात करीब दो बजे काफी तेज आवाज सुनाई दी। बेड से उठते ही छत से मलबा नीचे गिरने लगा। तभी मैं और मेरी पत्नी तुरंत बेड से कमरे के एक कोने में आ गए। जैसे ही बेड से उतरा, काफी मलबा बेड के ऊपर आ गिरा। देखते ही देखते कमरे में गेट से लेकर बेड तक काफी मलबा फैल गया। पवन ने बताया कि मलबा जमा होने की वजह से वे गेट भी नहीं खोल पा रहे थे। किसी तरह मलबा को हटाकर गेट खोल, फिर बाहर आए। पास वाले कमरे में परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। वे भी तेज आवाज सुनकर कमरे से बाहर आ गए थे। सभी कमरे से हमें निकालने की कोशिश करने लगे। गनीमत रहा कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पड़ोसियों ने बताया कि रात दो बजे काफी तेज आवाज आई। हम सभी डर गए। सुबह पता चला कि पड़ोस वाले छत पर बिजली गिरी है, जिससे छत टूट गई। ग्रामीण प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि सुबह इसकी जानकारी मिली। इस मामले को लेकर जल्द ही परिवार के साथ जिला प्रशासन से मिलेंगे। प्राकृतिक आपदा से परिवार को हुए, नुकसान की भरपाई को लेकर मुआवजे की मांग करेंगे।

# भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की हुई विशेष बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। दिल्ली के ककरोला गांव में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज दिल्ली प्रदेश की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज दिल्ली प्रदेश के संयोजक डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने की। इस मौके पर समाज से जुड़े कई मुद्दों पर जहां एक और चर्चा की गई, वही संगठन विस्तार पर जोर दिया गया और वाल्मीकि जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग भी उठाई गई। साथ ही कई लोगों ने ठेकेदारी प्रथा खत्म करो के नारे भी लगाए। डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने कहा कि सभी को आदि धर्म का प्रचार करना है और हमें शिक्षा के महत्व को पहचाना है। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि हमे अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलानी है जिससे कि बच्चे पढ़ लिखकर समाज और देश का नाम रोशन करें। मैं संगठन की ओर से बैठक में आए हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद भी करता हूं और सभी से अपील करता हूं कि सभी भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज का विस्तार करने में अग्रणीय भूमिका निभाएं। इस मौके पर धर्म प्रचारक जगदीश जी महाराज, गुजरात से चेतन सोलंकी, रमेश मकवाना, गिरी राज, दिनेश, सुरेंद्र सोलंकी, महेश मकवाना, सुधीर परमार, समाज सेवीका प्रमिला चौधरी, जयप्रकाश वाल्मीकि, यूथ विंग अध्यक्ष सुशील उज्जैनवाल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### मधु विहार थाने में एसआई ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मधु विहार थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सब इंस्पेक्टर का शव मधु विहार थाना परिसर में स्थित फ्लैट से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान गणेश के रूप में हुई है, जो हैदराबाद के निवासी थे और वह मधु विहार पुलिस स्टेशन में तैनात थे। वह 2019 बैच का सब इंस्पेक्टर थे और थाना परिसर में बने फ्लैट में रहते थे। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शनिवार देर रात लगभग 2 बजे गणेश के परिजनों से सूचना मिली कि उनका फोन नहीं लग रहा है और उन्हें किसी अनहोनी का संदेह है। इसके तुरंत बाद स्थानीय पुलिस एसआई के फ्लैट पर पहुंची, जो अंदर से बंद था। पुलिसकर्मियों ने खिड़की से फ्लैट के अंदर झांक कर देखा, जहां एसआई गणेश मृत अवस्था में पड़ा था

# 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए नवयुग स्कूलो में प्रवेश पंजीकरण 5 मार्च से शुरू होगा : सतीश उपाध्याय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने जानकारी दी कि एनडीएमसी 2024-25 शैक्षणिक वर्ष के लिए नवयुग स्कूल के प्रवेश की शुरूआत 5 मार्च 2024 से ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से कर रही है। आवेदन की अंतिम तारीख 20 मार्च 2024 है, और कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में कुल 12 नवयुग स्कूल हैं जिनका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लगभग 9000 छात्रों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करना है, समाज के कमजोर वर्ग समेत।

एनडीएमसी द्वारा विभिन्न पहलों के माध्यम से छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। नवयुग स्कूल पब्लिक स्कूलों के समान अंग्रेजी माध्यम में मुफ्त, गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए हैं, और नवयुग स्कूलों में प्रवेश के लिए अधिक प्रतिष्ठित है। उन्होंने बताया कि 9 नवयुग स्कूलों में प्रवेश स्तर 1 है, जबकि 3 स्कूलों में वह केजी स्तर से है। नवयुग स्कूल रणनीतिक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में स्थित हैं, जैसे कि सरोजिनी नगर, गोल मार्केट, लक्ष्मीबाई नगर, लोधी रोड, मोती बाग, विनय मार्ग, पंडारा रोड, मंदिर मार्ग, पटौदी हाउस, दरभंगा हाउस, और जोर बाग।

इस वर्ष से, कक्षा क/ङ्ग के लिए आवेदन एनडीएमसी वेबसाइट या इन संबंधित स्कूलों की वेबसाइटों पर जाकर ऑनलाइन मोड से भरे जाएंगे। आवेदन पत्र के साथ द्विभाषी भाषा में विस्तृत सूचना ब्रोचर भी जारी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभिभावकों से अपेक्षा की जाती है कि वे फॉर्म भरने से पहले निदेर्शों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, माता-पिता संबंधित नवयुग स्कूल में जाकर या सूचना विवरणिका में दिए गए टेलीफोन नंबर पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं। अभिभावकों को ऑनलाइन फॉर्म भरने में मदद करने के लिए प्रत्येक नवयुग स्कूल में सुविधा काउंटर स्थापित किए गए हैं। ये आवेदन पत्र केवल प्रवेश स्तर और कक्षाओं के लिए हैं। रिक्ति स्थानों की उपलब्धता, यदि कोई हो, के अधीन अप्रैल, 2024 में कक्षा 2, 3, 4 और 7 में भी प्रवेश पर विचार किया जाएगा।

नवयुग स्कूल सरोजिनी नगर में, कक्षा श्कऔर श्क्क्रमें प्रवेश पूरी तरह से 21.03.2024 को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (ठळअ) ठररठएळ-24 द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा के माध्यम से निर्धारित योग्यता पर आधारित है। इसके लिए कक्षा 6वीं के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म फिलहाल एनटीए की वेबसाइट पर 5.03.2024 तक खुले हैं। उन्होंने बताया कि अब तक ठररठएळ-2024 के माध्यम से लगभग 140 सीटों के लिए 1800 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया पिछले वर्ष के समान बनी रहेगी, और सभी नवयुग स्कूलों पर ब्रोशर उपलब्ध हैं। इच्छुक माता-पिता अपने बच्चों को 20 मार्च 2023 तक एनडीएमसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्टर करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्र और माता-पिता सहायता के लिए एक हेल्पलाइन नंबर प्रदान किया जाएगा, और चयनित उम्मीदवारों की सूची एनडीएमसी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी और मोबाइल संदेश और कॉल के माध्यम से संचारित की जाएगी। चयन स्वीकृत अधिकारी द्वारा पूर्व-मंजूरित अंक मानदंडों पर आधारित होगा। उन्होंने नवयुग स्कूलों का मिशन दर्जनों के अलावा लोअर-मिडिल-इनकम ग्रुप के प्रतिष्ठित बच्चों को मूल्यों, पर्यावरण जागरूकता, एडवेंचर, और शारीरिक शिक्षा पर जोर देने के साथ आधुनिक शिक्षा प्रदान करने का है। नवयुग स्कूलों का गौरवपूर्ण इतिहास है कि वहां से पढ़े गए छात्र विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर चुके हैं '

# दिल्ली में किसान महापंचायत को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने किया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 14 मार्च को दिल्ली में किसान महापंचायत में 400 से अधिक किसान संघ भाग लेंगे। एसकेएम ने कहा कि उसने संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) को एक प्रस्ताव भेजा है जिसमें सभी किसान संघों और संगठनों के बीच मुद्दा-आधारित एकता की अपील की गई है। इस बीच, किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी रखेंगे। एसकेएम ने 2020-21 में केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था। यह एमएसपी की कानूनी गारंटी, कृषि ऋण माफ करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन का भी नेतृत्व कर रहा है। एसकेएम में शामिल 37 किसान संघों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में अपनी प्रस्तावित महापंचायत को लेकर शनिवार को एक बैठक की। भारती किसान यूनियन (लखोवाल) के महासचिव हरिंदर सिंह लखोवाल ने संवाददाताओं से कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष जारी रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि 14 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में एक महापंचायत आयोजित की जाएगी। किसान नेताओं ने कहा कि देश भर से 400 से अधिक किसान संघ महापंचायत में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि किसान प्रतिनिधि ट्रैक्टर ट्रॉली से नहीं, बल्कि बसों और रेलगाड़ियों से दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे सभी फसलों के लिए एमएसपी पर कानूनी गारंटी और 2020-21 के आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। एसकेएम ने 22 फरवरी को घोषणा की थी कि वह दिल्ली में महापंचायत आयोजित करेगी। इस बीच, किसान नेताओं ने शुभकरण सिंह की मौत के मामले में पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गई जीरो प्राथमिकी को भी खारिज कर दिया। पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी सीमा पर 21 फरवरी को हुई झड़प में शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी और लगभग 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। सिरसा (82) ने कहा कि किसान अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार कब तक सड़कों को बंद रखेगी, अंततः उन्हें इस मुद्दे को समाधान करना होगा। सिरसा ने कहा, क्या ऐसा कुछ है जिसका कोई समाधान नहीं है? जिन मांगों को लेकर हम आंदोलन कर रहे हैं वे पुरानी हैं। उन्होंने कहा, सरकार को फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देनी चाहिए। किसान नेता ने सवाल किया, अगर किसानों को उनकी उपज के लिए एमएसपी नहीं मिलेगा, तो वे कहां जाएंगे? उन्होंने कहा, अगर उद्योगों के हजारों करोड़ रुपये के ऋण माफ किए जा सकते हैं, तो किसानों और खेत मजदूरों के क्यों नहीं? सिरसा ने कहा कि किसान पिछले कई दिनों से पंजाब-हरियाणा की शंभू और खनौरी सीमा पर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम उनमें से नहीं हैं जिन्होंने सड़कें अवरूद्ध की हैं। अगर हरियाणा सरकार ने हमारे दिल्ली चलो मार्च को रोकने के लिए अवरोधक लगाए हैं, तो हम भी शांतिपूर्वक बैठे हुए हैं और अपना आंदोलन जारी रखे हुए हैं। एसकेएम ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि 22 फरवरी, 2022 को चंडीगढ़ में किसान संगठन की एक आम बैठक में गठित छह सदस्यीय समिति द्वारा अनुमोदित आठ सूत्री प्रस्ताव को एक मार्च को एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम के प्रतिनिधियों को सौंपा गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि को लेकर एक बैठक आयोजित

कुशेश्वरस्थान प्रखण्ड संवाददाता कुशेश्वरस्थान-- महाशिव रात्री को लेकर प्रखंड के बड़गांव स्थित भगवती मंदिर परिसर में रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक पूर्व मुखिया बादल सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें महाशिवरात्रि के अवसर पर विगत 15 वर्षो से चली आ रही शिव पार्वती विवाह की झांकी निकालने का परम्परा कायम रखने का निर्णय लिया। झांकी में किशोर वयस्क लड़का को शिव, पार्वती,नारद मुनि, सहित भूत प्रेत के भेष भूषा बनाकर गा जे बाजे के साथ शिव बारात की झांकी निकाले जाने का निर्णय लिया। मौके पर समिति सदस्य सुजीत कुमार राय, संजय कुमार सिंह,विनोद कुमार सिंह,राम जतन राय, उपेन्द्र राय,भीखन शर्मा, नाग मणि निराला, सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### विदेशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

उजियारपुर उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत अंगारघाट थाना क्षेत्र के सुपौल गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए धंधेबाज की पहचान सुपौल निवासी स्वर्गीय जागेश्वर साह का पुत्र रंजीत साह के रूप में की गई है। जानकारी देते हुए अंगारघाट थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई जहां से 106 बोतल में 79.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। वहीं पुलिस तत्परता दिखाते हुए धंधेबाज रंजीत साह को भी हिरासत में लिया है। छापेमारी दल में एसआई शंभू सिंह, सुजीत कुमार, विदेश्वर कुमार सिंह शामिल थे।

### मोटरसाइकिल चोरी की अलग-अलग तीन प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से हुई मोटरसाइकिल चोरी मामले में अलग-अलग तीन प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। एक ओर जहां कल्याणपुर निवासी स्वर्गीय राजेंद्र चौधरी के पुत्र बसंत चौधरी ने घर के दरवाजे से 4 फरवरी को एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही चकहवीब पंचायत के शाहपुर परोही वार्ड चार निवासी स्वर्गीय बलदेव झा के पुत्र महेश झा ने 21 फरवरी की रात्रि दरवाजे से दो मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं दूसरी ओर साख मोहन गंगौली निवासी मुरली महतो के पुत्र रमेश कुमार महतो ने 24 फरवरी की रात्रि दरवाजे से हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर विभूतिपुर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता नीतीश कुमार ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। बताया कि 27 फरवरी को विद्युत चोरी की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल गठन कर बोरिया वार्ड 11 में रामप्रीत महतो के आवासीय परिसर में छापेमारी की गई। रामप्रीत महतो का पूर्व का विद्युत बकाया होने के कारण विद्युत विच्छेदित कर दिया गया था। फिर भी उपभोक्ता अवैध तरीके से एलटी तार से टोका फंसाकर विद्युत उपयोग कर रहा था। जिससे विभाग का पूर्व बकाया लेकर कुल 15591 रुपए की क्षति हुई है।

### चौबीस घंटे का राम नाम यज्ञ सम्पन्न

जंदाहा।जंदाहा नगर पंचायत अंतर्गत अर्नियां ग्राम स्थित समता कॉलेज के समीप शिव मन्दिर के प्रांगण में चौबीस घंटे का राम नाम यज्ञ का ग्रामीणों द्वारा आयोजन किया गया।रामनाम यज्ञ बीते शनिवार को दिन के ढाई बजे से शुरू होकर आज रविवार को दिन के ढाई बजे पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भक्तिमय माहौल में सम्पन्न हो गया।आयोजित यज्ञ में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष रामभक्तों द्वारा यज्ञ मंडप की परिक्रमा की गई इस अवसर पर पूरा अरनिया ग्राम जय श्री राम के उदघोष से गूंज उठा।यज्ञ की समाप्ति के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद भी ग्रहण किया।

### पूर्व मुखिया के अंतिम शव यात्रा में शामिल हुए हजारों लोग

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत महमदपुर सकड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज कुमार यादव के असामयिक निधन की खबर सुनकर जन सैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। बेगूसराय के सिमरिया घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया जहां मुखाग्नि बड़े पुत्र रोशन कुमार में दिया। निधन के दूसरे दिन की परिजनों को सांत्वना देने लोगों का तांता लगा रहा है। बता दें कि महमदपुर सकड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज कुमार यादव का शनिवार की सुबह असामयिक निधन हो गया। वे बीमारी से ग्रसित थे।

# प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत के अध्यक्षता में बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी बिहार ग्राम रक्षा दल बिहार प्रदेश के आह्वान पर मधुबनी के पवित्र भूमि टाउन क्लब के मैदान में दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई 'बैठक की अध्यक्षता करते हुए दल के प्रदेश अध्यक्ष श्री राऊत ने कहा है कि 23 फरवरी को पटना में भाजपा कार्यालय के मुख्य द्वार पर ग्राम ग्राम रक्षा दल के नौजवानों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से दिए जा रहे हैं धरनार्थियों पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज कतई उचित नहीं है क्योंकि ग्राम रक्षा दल के नौजवान बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विजय कुमार सिन्हा जी से मिलकर ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों की ओर ध्यान को आकृष्ट करना चाह रहे थे उसी क्रम में भाजपा कार्यालय के मुख्य द्वार पर ग्राम रक्षा दल के नौजवानों का जमावड़ा होने लगा भीड़ को देखते हुए प्रतिनिधि मंडल से वार्ता कर मांग पत्र ले लेना चाहिए लेकिन श्री राऊत ने दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि ग्राम रक्षा दल के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता के बजाय लाठी चार्ज करना लोकतंत्र के साथ भद्दा मजाक है बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जब विपक्ष के नेता थे तब ग्राम रक्षा दल के नौजवानों की कल्याण की बात किए थे ' सत्ता में आते ही सब कुछ भूल गए 'वैसे सूबे बिहार के नौजवान ग्राम रक्षा दल गठन से लेकर अभी तक पक्ष एवं विपक्ष के राजनेताओं एवं पार्टियों के द्वारा मजाक के पात्र ही बनते आ रहे हैं ग्राम रक्षा दल के नौजवानों को कोई भी राजनेता एवं पार्टियों संज्ञान लेने को तैयार नहीं है दस लाख बेरोजगारों को भी नौकरी देने की बात करने वाले तेजस्वी यादव भी ग्राम रक्षा दल के नौजवानों को कल्याण नहीं कर सके जो बहुत ही दुखद एवं निंदनीय बात है दल के प्रदेश महामंत्री विजय कुमार साह ने कहा है कि पटना में के सामने ग्राम रक्षा दल के नौजवानों पर हुए लाठी चार्ज को कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं लोकसभा चुनाव में आचार संहिता से पहले यदि ग्राम रक्षा दल का कल्याण नहीं हुआ तो सरकार एवं विपक्ष का विरोध ही नहीं बल्कि लोकसभा के चुनाव में अपना उम्मीदवार भी खड़ा करेंगे जिसकी सारी जवाबदेही सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के राजनेताओं की होंगी इस विचार को बैठक में उपस्थित सभी ग्राम रक्षा दल के नौजवानों ने ध्वनि मत से ताली बजाकर समर्थन किया साथ ही झंझारपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत को अपना उम्मीदवार भी घोषित किया ग्राम रक्षा दल का कल्याण करें या लोकसभा चुनाव में पक्षी या विपक्ष विरोध के लिए तैयार रहे इस बैठक में गुप्ता राजाबाबू अनिल पासवान देवेंद्र कुमार मुकेश कुमार गुप्ता लाल बाबू यादव सुमन महतो हरि नाथ पासवान मो परवेज आलम पूनम देवी मोहम्मद शौकत अली पार्वती देवी मनीषा देवी समसुल जमा मोहम्मद हारुन तेजी लाल यादव हृदय साफी राम सोगारथ यादव संजय कुमार साह चंदन रजक अब्दुल खैर लीलाधर यादव सैकड़ो की संख्या में ग्राम रक्षा दल के नौजवान उपस्थित हुए ।

# मानवअधिकार सुरक्षा संगठन की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की बैठक रविवार को सदर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार के अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में होली मिलन समारोह सहित संगठन के द्वारा सदस्यता अभियान एवं कई विषयों पर चर्चा की गई। वही प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि संगठन को विस्तार के लिए अधिक से अधिक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा महिला सहित युवा सदस्य को अधिक से अधिक संगठन से जुड़े ताकि संगठन और मजबूती और मजबूत बन सके। वही 21 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि संगठन में कई पदाधिकारी सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो पाते हैं वैसे पदाधिकारी सदस्य को चयनित करके संस्था से निष्कासित किया जाएगा वही जो पदाधिकारी सदस्य अच्छे कार्य कर रहे हैं उन्हें आगामी बैठक में सम्मानित किया जाएगा। बैठक में रविवार को जिला सदस्य नितेश सहाय के अच्छे कार्य को देखते हुए सर्व सम्मति से उन्हें दरभंगा जिला के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ललित यादव,प्रदेश महासचिव मोहन कुमार ठाकुर,प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ सजल यादव,प्रदेश अध्यक्ष स्वास्थ्य प्रकोष्ठ रंजीत कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नाबार्ड पटना के उप महाप्रबंधक ने किया मिथिला ग्राम नाबार्ड रुलर मार्ट का निरीक्षण



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), बिहार क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के उप महाप्रबंधक सतपाल आजाद ने समस्तीपुर जिले का एक दिवसीय दौरे के दौरान सरायरंजन गढ़मा पैक्स, रुरल हाट तथा जिला मुख्यालय में अवस्थित मिथिला ग्राम नाबार्ड रुलर मार्ट का निरीक्षण किया। डीजीएम श्री आजाद ने मिथिला पेंटिंग कलाकारों एवं समूह के सदस्यों से रू-ब-रू होते हुए कलाकारों एवं मार्ट की सराहना की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। तत्पश्चात परतापुर स्वयं सहायता समूह भवन के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर औसेफा गोटरी किसान उत्पादक संगठन के सहयोग से नाबार्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डीजीएम श्री आजाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं जननी है, ये गुण पुरुषों में नहीं है। इसलिए महिलाओं का हमेशा सम्मान होना चाहिए। महिलाओं को पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए तथा अपने कौशल को विकसित करने में निवेश करना चाहिए। डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पुरे सप्ताह महिला दिवस मनाया जाएगा। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीलम कुमारी ने मोटा अनाज का उत्पादन, उससे बनने वाले उत्पाद एवं लाभ के बारे विस्तार से बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र के ई. विनीता कश्यप ने महिलाओं के लिए स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की विस्तृत जानकारी दी। मिथिला पेंटिंग कलाकार मधु ठाकुर ने अपने संघर्ष की कहानी से लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन औसेफा के निदेशक देव कुमार ने किया। डीजीएम श्री आजाद ने डॉ. नीलम कुमारी, ई. विनीता कश्यप, मधु ठाकुर को मिथिला पेंटिंग देकर सम्मानित किया। मौके पर औसेफा के परियोजना प्रबंधक प्रेरणा कुमारी, कोर्डिनेटर सोनू कुमार, बुककिपर शिवनाथ महतो, एफपीओ के निदेशक सोनी कुमारी, चंचला देवी, नगीना देवी, विवेक कुमार एवं सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों मे मारपीट, कई लोग जख़्मी




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना अंतर्गत घाट टोल मलंगिया मे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो मे मारपीट हो गया मारपीट मे दोनों पक्षो से कई लोग गंभीर रूप से जख़्मी हो गया है जख़्मी निभा देवी ने जानकारी देते हुए बताई की जब मैं शाम सात बजे आंगन मे खाना बना रही थी तो मेरा ही दियाद रामदेव सहनी अरहु लिया देवी सुलेखा देवी भोला सहनी एवं अन्य लोगो ने हरवे हथियार से लैस होकर गाली देते हुए मेरे आंगन मे आ गया मेरे द्वारा गाली देने से मना किया तो सभी लोग आग बबूला होकर मारपीट करने लगा मुझे बचाने मेरी सास नन्द ससुर आये तो उसे भी सभी लोगो ने मिलकर लाठी डंडा लोहे के रड से मारपीट कर जख़्मी कर दिया उसके बाद गांव के लोगो ने हमलोगो को रहिका प्राथमिकी स्वास्थ्य केंद्र रहिका लाया जहाँ हमलोगो का इलाज हुआ और इस बात को लेकर रहिका थाना को आवेदन दिए. इस बाबत रहिका थाना अध्यक्ष रविन्द्र कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की दो पक्षो मे जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना सामने आ रही है दोनों पक्षो से प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है आगे की कार्यवाई की जा रही है।

# विकास मित्र मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं : डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा की अध्यक्षता में जिला के सभी 334 विकास मित्रों के साथ बीका (इक्ळअ) में बैठक हुई । सबसे पहले जिला पदाधिकारी ने विकास मित्रों का स्वागत करते हुए कहा कि विकास मित्रों ने विकास कार्यों के साथ-साथ हमेशा प्रशासन के लिए एक मददगार के रूप में ग्रासरूट लेवल पर काम किया है। उन्होंने कहा कि वैशाली की धरती विश्व के प्रथम गणतंत्र की धरती है। इसलिए आप और हम सभी मिलकर इस लोकसभा चुनाव में मतदान को 66% से ऊपर ले जाएं । उन्होंने विकास मित्रों से कहा कि जितने भी महादलित टोला है, वहां सभी जाएं और देखें कि किस टोला में पिछले चुनाव में वोटिंग प्रतिशत कम रहा है और सामाजिक तत्वों की पहचान कर प्रशासन को अवगत कराएं। डराने धमकाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव टोला में संदेश फैलाइए की स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रशासन की तैयारी मुकम्मल है। आप इसमें सहभागी बने । बैठक में अपर समाहर्ता श्री बिनोद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त श्री शम्स जावेद अंसारी, अपर समाहर्ता (आपदा) श्री मनोज कुमार सिंह, तीनों अनुमंडलों के अनुमंडल अधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी , जिला जन संपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित कई पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने एक व्यक्ति को नेपाली मुद्रा के साथ किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी सशस्त्र सीमा बल48वी वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी उसराही के जिम्मेवारी के इलाके मे सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। सहायक उप निरीक्षक संजोबा मतई की अगुवाई में अन्य जवानों द्वारा गश्ती ड्यूटी के दौरान अचानक से की गई कार्यवाही में भारत नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 273/42 से लगभग 20 मी भारतीय क्षेत्र से नेपाल को जा रहे एक व्यक्ति अब्दुल बारीक उम्र 16 वर्ष सपुत्र मोहम्मद मुख्तार डफली गाव डाकघर थाना देवधा जिला मधुबनी बिहार को नेपाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया है। नेपाली मुद्रा 8,93,500 जब्त किए गए नेपाली मुद्रा एवं गिरफ्तार व्यक्ति को को अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना देवधा को सुपुर्द कर दिया गया है। चंद्रशेखर द्वितीयकमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट 48वी वाहिनी जयनगर ने बताया आगामी लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये नाका पेट्रोलिंग विशेष चेकिंग के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है। अवैध रूप से हो रही तस्करी के सामान को जब्त किया जा रहा है ।

# अम्बेडकर क्रिकेट क्लब रहिका द्वारा टूनामेंट अयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका प्रखंड कार्यालय के समीप अम्बेडकर क्रिकेट क्लब रहिका द्वारा आयोजित टूनामेंट मे फर्नीचर मार्ट ईलवन बनाम अहमद इलेवन मलमल के बीच पहला सेमी फाइनल खेला गया। इस मैच में टास़ जीतकर मलमल के कप्तान ने फर्नीचर मार्ट को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया फर्नीचर मार्ट की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे 7 विकेट 256 रन बनाने मे सफल हु जबाब मे मलमल की पुरी टीम 218 रनो पर आल आउट हो गयी । मलमल की टीम ने निर्धारित ओवर में अपनी सभी विकेट गवाते हुए महज 238 रन ही बना पायी और मैच गवाकर टूनामेंट से बाहर होगी फर्नीचर मार्ट इलेवन ने फाइनल मे अपनी जगह पक्की कर ली । फर्नीचर मार्ट इलेवन टीम की ओर से पहले मैच मे शानदार बल्लेबाजी करने बोले बल्लेबाज सोनू रहमान व रौशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम पावर प्ले मे शानदार बल्लेबाजी करते हुए नजर आये फर्नीचर मार्ट इलेवन टीम के ओर से मोती ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 सफलता हासिल किये वही बल्लेबाजी मे रौशन व कप्तान कलीम ने शानदार अर्धशतक बनाया कप्तान कलीम को मैन आफ द मैच दिया गया फर्नीचर मार्ट ईलवन टीम इस प्रकार कप्तान कलीम रजाउद्दीन सोनू रहमान मोती अनिल रोशन सुनील राहुल इकबाल अंसारी राहुल ठाकुर अजय मलिंगा विजय फरहान अदनान खालिद कन्हैया साथ कोंच सुशील मेन्टर रियासत अली उर्फ कल्लू टीम मनेजर गणेश ठाकुर आदि थे।

# पारस एचएमआरआई की ओर से ईएनटी शिविर में मरीजों को दी गयी मुफ्त सलाह



- वर्ल्ड हीयरिंग डे के अवसर पर खानकाह मुजीबिया फुलवारीशरीफ में लगाया गया मुफ्त शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। वर्ल्ड हीयरिंग डे के अवसर पर फुलवारीशरीफ के खानकाह मुजीबिया में रविवार को एकदिवसीय मुफ्त ईएनटी जांच शिविर का आयोजन किया गया। पारस एचएमआरआई, पटना की ओर से आयोजित इस शिविर में कान, नाक और गला से जुड़ी सभी तरह की समस्याओं पर निःशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर में ईएनटी के इलावा ब्लड प्रेशर और रैंडम ब्लड शुगर की भी मुफ्त जांच की गयी। पारस एचएमआरआई की ईएनटी रोग एंव कोक्लियर इम्प्लांट विशेषज्ञ डॉ. रश्मि प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में सभी उम्र के मरीज पहुंचे और अपनी समस्याओं के बारे में बताया। उन्हें उनकी समस्याओं के अनुरूप परामर्श दिया गया और कान, नाक व गला से संबंधित सभी तरह के विकारों से बचे रहने के तरीके बताए गए। मरीजों ने शिविर को लेकर खासा उत्साह दिखाया और 185 की संख्या में मरीज इस शिविर में पहुंचे। डॉ. रश्मि प्रसाद ने बताया कि हमारे यहाँ कोक्लियर इम्प्लांट, बाहा इम्प्लांट और अत्याधुनिक माइक्रोस्कोपी, इंडोस्कोपी तरीके से आप्रेशन की भी सुविधा उपलब्ध है। पारस एचएमआरआई के यूनिट हेड डॉ. वैभव राज ने बताया कि वर्ल्ड हियरिंग डे मनाने का मकसद लोगों को बहरेपन की समस्या के कारण और उसके निवारण के प्रति जागरूक बनाना और सचेत करना है। साथ ही कान और सुनने की देखभाल के महत्व पर ध्यान देना है। इसी जिम्मेदार सोच को आगे बढ़ाते हुए पारस एचएमआरआई ने ये पहल की है। हमें खुशी है कि लोगों की इसपर बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार और झारखंड का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है। 350 बिस्तरों वाले पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुर्धातुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और व्यापक कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के लिए प्रसिद्ध।

# डीएम ने की विभिन्न कोषांगों के नोडेल पदाधिकारी के साथ बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, सुब्रत कुमार सेन ने आगामी लोक सभा आम निर्वाचन की तैयारी हेतु जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की । निर्वाचन कार्य में कर्मियों का डाटा बेश तैयार कर लिया गया है। उन्होंने निदेश दिया कि विभागीय निदेशानुसार आवश्यकतानुसार कर्मियों को निर्वाचन कार्य में लगायें। तैयार डाटा बेश का सत्यापन कर उनका प्रशिक्षण करायें। प्रशिक्षण स्थल का मुआयना करने का निदेश कोषांग के पदाधिकारी को दिया गया और प्रशिक्षण विभिन्न स्तरों पर चिन्हित तिथियों को कराने को कहा गया। नियंत्रण कक्ष, व्यय अनुश्रवण कोषांग, एम.सी.एम.सी. तथा हेल्प लाईन, 1950 आदि कोषांग समेकित रूप से समाहरणालय सभागार के उपरी तल पर कार्यरत रहेगा जहां विभिन्न स्तरों पर इन्फोर्समेन्ट एवं अनुश्रवण का कार्य किया जायेगा। सभी बूथों पर 15 मार्च तक सभी तरह की आवश्यक मूल भूत सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। ढक्ऊवोटरों के बुनियादी सुविधा, रैम्प और व्हिल चेयर की पर्याप्त व्यवस्था करने का निदेश संबंधित कोषांग के पदाधिकारी को दिया गया। ऊएटढ तथा कम्यूनिकेशन प्लान को ससमय पोर्टल पर इन्ट्री करने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त उत्पाद विभाग के कार्यों और चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया जायेगा। स्पष्ट रूप से उन्होंने निदेश दिया कि निर्वाचन कार्य में बच्चों का सहयोग/प्रयोग न लें। ई.वी.एम. कोषांग, मतपत्र कोषांग, बज्रगृह कोषांग, कार्मिक कल्याण कोषांग, स्वीप कोषांग, सी.पी.एम.एफ. कोषांग आदि कोषांगो का भी संबंधित पदाधिकारियों से उसकी तैयारियों को लेकर समीक्षा किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त नवीन कुमार, निवार्ची पदाधिकारी मुजफ्फरपुर संजीव कुमार, सभी ई.आर.ओ. तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थें।

# फंदे से लटके विवाहिता मामले में मृतिका के पिता ने थाने में दिया आवेदन

## मायके वालों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के विभूतिपुर वार्ड 16 में 29 फरवरी को अपने ही घर में गमछा का फंदा लगाकर छत के पंखे से लटके मिले विवाहिता मामले में मृतिका के पिता नरहन निवासी नागर साह ने विभूतिपुर थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया कि 8 वर्ष पूर्व मैं अपनी चौथी पुत्री पूनम देवी 30 वर्ष का विवाह विभूतिपुर वार्ड 16 निवासी जगदीश साह के पुत्र अर्जुन साह के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ किया। विवाह उपरांत मेरी पुत्री की पति अर्जुन साह,सास प्रमिला देवी ससुर जगदीश साह आए दिन मेरी पुत्री पूनम देवी के साथ मारपीट व गाली गलौज करते हुए अपने पिता से एक लाख एवं एक अपाचे मांग कर लाने को कहा। इस क्रम में हुए लोग कई बार मेरी पुत्री को मारपीट कर घर से भाग भी दिया। मेरी पुत्री बोली मेरे पिता की आर्थिक स्थिति सही नहीं है वह कहां से पूर्ति करेंगे। इसके बाद षड्यंत्र रचकर अर्जुन साह मेरी पुत्री से ढाई लाख रुपया उठवा लिया। लोन वाले को किस्त का पैसा नहीं देते जिसके कारण परिवार में तनाव में बना रहता। जिसके बाद सभी लोन का पैसा माफ करवाने के लिए षड्यंत्र रचकर मेरी पुत्री को हत्या कर दिया। जिसमें मृतिका के पिता ने मृतका के पति सास ससुर सहित परिवार के नौ लोगों को आरोपित किया है। थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि आवेदन मिला है प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

# चुनाव में हमारे युवा मतदाताओं तथा महिला निर्वाचकों की भागीदारी अत्यन्त महत्वपूर्ण: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर जिला प्रशासन द्वारा पटना में नियमित तौर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) अभियान अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चल रहा है। अर्बन अपैथी दूर करने के लिए लगातार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जीविका दीदियाँ सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स एवं ग्राम संगठनों के द्वारा स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। विकास मित्रों द्वारा महादलित-बहुल बस्तियों एवं टोलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा अपने-अपने परियोजना क्षेत्रों में निर्वाचकों को जागरूक किया जा रहा है। आज बख्तियारपुर, घोसवरी, फुलवारीशरीफ सहित विभिन्न प्रखंडों एवं नगर क्षेत्रों में मतदाताओं को अपने-अपने मताधिकार का प्रलोभन-मुक्त ढ़ंग से प्रयोग करने हेतु विविध तरह की गतिविधियों से प्रेरित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

मुरलीगंज (मधेपुरा) मुरलीगंज रेलवे स्टेशन से लगभग दो सौ मीटर पुरब रविवार को करीब साढ़े तीन बजे ट्रेन की चपेट में आने से बुरी तरह से जख्मी एक युवक की मौत हुई है। जानकारी होते हीं स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ राजेश कुमार ने उक्त युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में मातम छा गए। मृतक की पहचान कोल्हापट्टी वार्ड एक निवासी सीताराम पासवान के पुत्र अकलेश पासवान (25) वर्ष के रूप में हुआ है। बताया गया कि पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार युवक आत्महत्या के नियत रेलवे पटरी पर गया था।

### पूर्व मंत्री की मां का निधन

बोचहां। प्रखंड के पूर्व प्रमुख स्वर्गीय अर्जुन राय की धर्मपत्नी एवं बिहार सरकार के पूर्व भूमि सुधार मंत्री सह औराई भाजपा विधायक राम सुरत राय की मां श्रीमती रामरती देवी का निधन हो गया। उनके निधन पर परिवार में शोक की लहर छा गई।किसान नेता नीरज नयन, पत्रकार मुमताज आलम, चंद्रभूषण कुमार, मुमताज अहमद, अखिलेश चौधरी, मनोज कुमार सहित अन्य लोगों ने पूव मंत्री के गरहां स्थित उनके पैतृक आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की एवं संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

### शराब मामले में 48 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने बीते 24घंटे के दौरान कुल 69अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिसमें शराब मामले में 48अभियुक्त गिरफ्तार हुए हैं। एसएसपी कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार इस अवधि में 106लीटर देशी और 442.555लीटर विदेशी शराब बरामद किए गये हैं। इसके अलावा वाहन चेकिंग कू दौरान 77हजार 5सौ रुपये का जुमार्ना एवं 5 वाहनों को जब्त किया गया है

# 2 साल में समाज को मथकर बिहार में जनता का राज लाएंगे और पलायन कर चुके लोगों को वापस बुलाकर यहीं रोजगार दिया जाएगा: प्रशांत किशोर

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि इस बार हम संकल्प लेकर आए हैं। हमने किसी नेता और दल का नहीं आपका हाथ पकड़ा है, आपके बच्चों का हाथ पकड़ा है। दो साल में जैसे आप दही को मथकर मक्खन निकालते हैं, वैसे ही समाज को मथकर, बिहार को मथकर ऐसे लोगों को निकालेंगे, जिसको आपके आशीर्वाद और वोट से जिताकर लाएं और जनता का राज बनाएं। दो साल में जनता का राज बनेगा, तो लोगों ने कहा कि दो काम होने चाहिए। हमारा पहला संकल्प है, नाली-गली बने चाहे ना बने, स्कूल अस्पताल जब सुधरेगा तब सुधरेगा, लेकिन साल भर के अंदर आपके घर से जितने लोग बाहर कमाने गए हैं या आपके गांव में जितने युवा बेरोजगार बैठे हैं उनको नौकरी मिले चाहे ना मिले, कम से कम 10 से 15 हजार रुपए का रोजी-रोजगार बिहार में करके दिया जाएगा।

60 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए हर महीने 2 हजार रुपए पेंशन की व्यवस्था की जाएगीः प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने कहा कि लोगों ने बताया कि बिहार में सबसे ज्यादा परेशान बुजुर्ग लोग हैं, जो मजदूरी भी नहीं कर सकते हैं। 60 साल से अधिक उम्र की महिला और पुरुषों के लिए हर महीने 2 हजार रुपए पेंशन की व्यवस्था की जाएगी। लोगों से सवाल पूछते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि अगली बार वोट रोजगार के लिए होना चाहिए कि 5 किलो अनाज के लिए? इसपर लोगों ने रोजगार कहा। प्रशांत किशोर ने अगला सवाल किया कि आपको अपने बच्चों के लिए पढ़ाई चाहिए या अपनी जाति का नेता चाहिए? इसपर लोगों ने कहा हमें अपने बच्चों के लिए पढ़ाई चाहिए।

# भाजपा कार्यकताओं ने थानाप्र भारी को सौंपा ज्ञापन




प्रात: किरण संवाददाता

बिदुपुर। भाजपा बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा हरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव दायित्व बिदुपुर थाना प्रभारी पंकज कुमार से मुलाकात कर विदुपुर थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों की प्रभावी रोकथाम, प्रमुख चौराहों पर सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति,सघन पेट्रोलिंग चलाने, अवैध शराब एवं अन्य नशा कारोबारियों की पहचान कर कारोबार पर सशक्त रोक लगाने, बिना नंबर वाली गाड़ियों के परिचालन से होने वाली कठिनाईयों एवं अवैध खनन में लिप्त माफियाओं पर नकेल कसने से संदर्भित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रखण्ड रालोजपा अध्यक्ष राज कुमार सिंह,प्रो मुकेश सिंह, विदुपुर पूर्वी मंडल महामंत्री पंकज कुमार पंकज, विदुपुर पश्चिमी मंडल मंत्री राहुल कुमार शर्मा, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष रोहन कुमार शर्मा,मो रुस्तम, रणजीत साह सहित कई अन्य प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# काशनगर थाना बनने से पुलिस व लोगों को मिलेगी काफी सुविधा:पुलिस कप्तान



प्रात: किरण संवाददाता

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और कार्यों के निष्पादन के लिए पंचायत सरकार भवन में संचालित काशनगर ओपी को थाना का दर्जा मिलने के बाद रविवार को एक भव्य समारोह आयोजित कर जिला पुलिस कप्तान हिमांशु ने काशनगर थाना का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया।आयोजित समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधि सहित आमजनों को संबोधित करते हुए पुलिस कप्तान हिमांशु ने कहा कि काशनगर थाना बनने के बाद क्षेत्र के आमलोगों को काफी सहुलियत होगी और मामला दर्ज कराने से लेकर कांड का निष्पादन, और चार्जशीट पदाधिकारियों के द्वारा यही से किया जाएगा।अब सोनवर्षा राज थाना जाने की जरूरत नहीं पडेगी।उन्होंने कहा कि थाना बनने से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी।आज से पूर्ण रूप से थाना में तब्दील हो गया है।उन्होंने पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित होनी चाहिए।इससे न केवल क्षेत्र में अपराधिक गतिविधि कम होगी बल्कि आमजनों को समय पर न्याय भी मिलेगा।मालूम हो कि वर्ष 1967 में काशनगर ओपी स्थापित किया गया था।पुलिस कप्तान को थानाध्यक्षों के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के उपरांत दो फलदार वृक्षारोपण किया गया।उद्घाटन के मौके पर सिमरीबख्तियारपुर पुलिस निरीक्षक मो सुजाउद्दीन, सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार, बसनही थानाध्यक्ष संतोष कुमार निराला, काशनगर थानाध्यक्ष चन्द्रजीत प्रभाकर, मुखिया प्रवेन्द्र सिंह कुमकुम,पूर्व प्रमुख रणधीर कुमार राकेश, सरपंच प्रकाश मेहता, आजाद किशोर बबलू, रमण यादव, मो फरीद, धीरज कुमार पंकज, रतेन्द्र भगत, वालेश्वर मेहता, मो नन्हे सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बीपी मंडल अभियंत्रण महाविद्यालय में विज्ञान सप्ताह के तहत ओपन हाउस डे का हुआ शुभारंभ



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा बीपी मंडल इंजीनियरिंग कॉलेज में विज्ञान सप्ताह के तहत शनिवार को ओपन हाउस डे का आयोजन किया गया। इसमें कई स्कूल-कॉलेजों के 9वीं से 12वीं कक्षा के 300 से ज्यादा छात्र शामिल हुए। उन्हें प्रयोगशालाएं दिखाए गए। प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार अमर ने बताया कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा विभाग के आदेश पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जनसंपर्क पदाधिकारी प्रो. निशिकांत कुमार ने बताया कि छात्रों को विज्ञान की ओर प्रोत्साहित करने के लिए यह एक अच्छी पहल है। कार्यक्रम के नोडल इंचार्ज डॉ. मनीष कुमार जायसवाल ने बताया कि यह ओपन हाउस डे सफलतापूर्वक आयोजित किया गया है। होली क्रॉस स्कूल, ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल स्कूल सिंहेश्वर, किरण पब्लिक स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, ब्राइट एंजल्स स्कूल और पहल के छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। उन्होंने अभिभावकों से छात्रों को पहल-एक प्रयास में पढ़ने के लिए भेजने की अपील की।

# मनीष यादव के लोजपा (रा) के जिला उपाध्यक्ष बनने पर लोगों ने दी बधाई




प्रात: किरण संवाददाता

महुआ महुआ प्रखंड के मोहनपुर धनराज उर्फ खीराचक निवासी राजेन्द्र राय के पुत्र महुआ प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष मनीष कुमार यादव को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया।जिलाध्यक्ष सजीव कुमार सिंह ने मनीष यादव का मनोनय करतें हुए बताया कि यें पिछले कई वर्षों से पार्टी के कई पदों पर कार्य किए हैं जिसका लाभ पार्टी को आगामी लोकसभा चुनाव में मिलेगा। वहीं पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी अशरफ अंसारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं हाजीपुर लोकसभा प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मनीष यादव पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता हैं युवाओं में काफी लोकप्रिय हैं इनकें मनोनय का लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक डॉ अच्युतानंद सिंह,संगठन मंत्री ई रविन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, राघोपुर के पूर्व प्रत्याशी राकेश रौशन, विस्तार प्रमुख अजय कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अवधेश सिंह, छात्र जिला अध्यक्ष श्रीकांत पासवान, महिला जिला अध्यक्ष रिंकु कुमारी, व्यवसायिक जिला अध्यक्ष संतोष स्वराज, युवा जिला अध्यक्ष पवन राज, प्रदेश महासचिव राज कुमार गुप्ता, संतोष शर्मा, रौनक कुमार, गीता कुशवाहा, सनोज पासवान, उपेन्द्र यादव, देवेन्द्र पासवान, लखन देव पासवान, मोहम्मद ईरशाद, उदय सिंह सहित अन्य लोग शामिल है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण




प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सहायक व्यय प्रेक्षक, वीडियो चौकसी, वीडियो दर्शन, लेखा दल, उड़नदस्ता, स्टैटिक चौकसी एवं मद्य निषेध दलों के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को कला भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण निर्वहन करने का निर्देश दिया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव सफल, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संचालन को देखते हुए राजनीतिक पार्टियों,अभ्यर्थियों द्वारा धन बल के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने तथा निर्वाचन अभियान के दौरान उनके द्वारा किये जा रहे व्यय का अनुश्रवण करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश का अनुपालन करने के बारे में बताया गया। साथ ही जिला व्यय अनुश्रवण समिति के बारे में बताते हुए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय संबंधी मुद्दों पर सुनवाई के संदर्भ में जानकारी दी गई। अभ्यर्थियों द्वारा व्यय पंजियों में यदि किसी व्यय सामग्री को नहीं अंकित किया जाता है या निरीक्षण की तिथि को व्यय पंजी उपस्थापित नहीं किया जाता है तो अभ्यर्थियों को अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत करने संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी दलों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों से कराया गया।

# अर्द्धसैनिक बल के ठहरने को लेकर भवन चिन्हित करने का निर्देश



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सीपीएफ एवं एएमएफ कोषांग की समीक्षा बैठक शनिवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अर्द्धसैनिक बल के ठहरने की जगह का चयन एवं वहां उपलब्ध न्यूनतम आवशयक सुविधा एवं बिजली,पानी एवं शौचालय आदि की स्थिति की समीक्षा की गयी। डीएम ने अर्द्धसैनिक बल हेतु मानक के अनुरूप भवन चिन्हित कर जल्द सूची उपलब्ध कराने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिया गया। इसके लिए निर्धारित मापदंड के अनुसार छोटे-बड़े वाहन की व्यवस्था करने का निर्देश वाहन कोषांग को दिया गया। सीपीएफ के ठहराव स्थल पर आवश्यक संसाधन का आंकलन करने तथा आंकलन अनुरूप संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को सभी चयनित स्थल पर पर्याप्त मात्रा में चापाकल एवं नल-जल की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह,अपर समाहर्ता अरूण कुमार सिंह,अनुमंडल पदाधिकारी धीरज कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी एसजेड हसन, नोडल पदाधिकारी, अर्द्धसैनिक बल समन्वय एवं एएमएफ कोषांग ब्रजेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उदाकिशुनगंज के साथ-साथ अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# लोजपा रा जिला कार्यकारणी की बैठक आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास सहरसा जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा के आवास पर उनके अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम संस्थापक रामविलास पासवान के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा की पार्टी के बूथ स्तर तक का संगठन हम सबों के प्रयास से सर जमीन पर उतर चुका है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास चुनावी मैदान में हर समय तैयार है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता पुरी तैयारी के साथ पार्टी को बूथ स्तर तक ले जाने में सफल हुए हैं। बिहार की आम आवाम लोजपा रा के नेता चिराग पासवान को विकल्प के रूप में देख रही है। सभी कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए कमर कस करके तैयार रहे। बैठक को बैठक को जिला प्रधान महासचिव रमेश चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश्वरी पासवान, मणिकांत सिंह, ध्यानी पासवान, प्रदीप पासवान, सचिव अंकु कुमार सिंह, लकी कुमार, महासचिव हरे कृष्ण कुमार, सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अध्यक्ष संजय पोद्दार ,सिमरी बख्तियारपुर नगर अध्यक्ष दुर्गेश पासवान ,सहरसा नगर अध्यक्ष चंद्रदेव कुमार, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पूजा चौधरी,सत्तर कटैया प्रखंड अध्यक्ष कुमोद कुमार यादव, युवा जिलाध्यक्ष संदीप पासवान, छात्र जिलाध्यक्ष अमरेश पासवान, आईटी सेल जिलाध्यक्ष गगन कुमार, लेबर से जिलाध्यक्ष पिंटू पंडित ,खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन कुमार, अरुण सादा, कहरा प्रखंड अध्यक्ष नरेश गुप्ता, कहरा प्रखंड महिला अध्यक्ष बीवी कौसर, गोविंद मिस्त्री, शशिधर पासवान ,दशरथ साहनी, सुधीर कुमार, मनोज कुमार शाह, मोहम्मद नकीब आलम, मनोज पासवान, प्रमोद पासवान, विमल पासवान, रूपेश कुमार ,सुरेंद्र कुमार यादव ,पप्पू कुमार, नितीश कुमार राय, राम नंदन कुमार, मंटून कुमार आदि उपस्थित थे।

# एसपी ने किया अपग्रेड हुए बैजनाथपुर थाने का उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता




सौरबाजार/सहरस- बैजनाथपुर पुलिस शिविर को गृह विभाग के आरक्षी शाखा द्वारा थाना का दर्जा दिया गया। थानाध्यक्ष अरमोद कुमार के अध्यक्षता में रविवार को बैजनाथपुर थाना का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने फीता काट कर किया। उद्घाटन को लेकर थाना परिसर को आकर्षक ढंग से रंग-बिरंगे गुब्बारे व फूलों से सजाया गया था। बैजनाथपुर पुलिस शिविर को थाना का दर्जा मिलने से क्षेत्र के लोगों में हर्ष हैं। पहले बैजनाथपुर पुलिस शिविर में दिया गया आवेदन पुलिस शिविर प्रभारी के अनुशंसा के बाद सौरबाजार थाना में एफआईआर के रूप में दर्ज किया जाता था। अब बैजनाथपुर थाना में एफआईआर दर्ज की जाएगी। बैजनाथपुर थाना को अपना भवन नहीं रहने के कारण कैदी को परेशानी होती है क्योंकि हाजत की भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। बैजनाथपुर थाना वर्तमान में कोसी कॉलोनी परिसर स्थित एक कमरे में चल रहा है। उद्घाटन के बाद एसपी ने कहा कि पुलिस शिविर अपने निकटवर्ती थाने के अधिकृत ही काम करती थी। जिसको लेकर विधि व्यवस्था में समस्या उत्पन्न होने पर ससमय पर्याप्त संख्या में पुलिस बल नहीं मिल पाता था। जिसकी वजह से पुलिस कर्मियों की कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। शराब तस्करी एवं अपराधिक घटनाओं को सख्ती के साथ रोका जाएगा, साथ ही हर प्रकार की अपराधिक गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर अविनाश कुमार थानाध्यक्ष सौरबाजार,बैजनाथपुर थाना एसआई अरुण कुमार, दिनेश ठाकुर , जिला पार्षद प्रतिनिधि सह जदयू नेता अमर यादव समेत दर्जनों पुलिस बल के जवानों ने पुष्प की वर्षा कर एसपी का स्वागत किया।

# बेता में ब्यूटी बॉक्स यूनिसेक्स सैलून का हुआ उद्घाटन



● दरभंगा में पहली बार ब्यूटी बॉक्स यूनिसेक्स सैलून के द्वारा थ्री डी और एचडी मेकअप दो नई सुविधा दी जायेगी: डॉ.प्रगति शुभा

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा शहर के आसपास के क्षेत्र के युवाओं को स्टाइलिश बनाने के लिए ब्यूटी बॉक्स यूनिसेक्स सैलून खुल गया है। रविवार को शहर के बेंता चौक वाली गली में पी. एन.पी होटल स्थित ब्यूटी बॉक्स यूनिसेक्स सैलून का उद्घाटन सुधीर गामी एवं अरुणा गामी ने फीता काट कर किया। डॉ. प्रगति शुभा ने कहा हेयर कटिंग एक विज्ञान है। आज के दौर में इस क्षेत्र में भी रोजाना प्रयोग किए जा रहे हैं। अच्छे हेयर स्टाइल से पर्सनेलिटी को अलग पहचान मिलती है। डॉ प्रगति ने कही ब्यूटी बॉक्स यूनिसेकस सैलून में दो नई सुविधा दी जायेगी। जिसमें थ्री डी मेकअप और एचडी मेकअप जो दोनों दरभंगा में पहली बार इस तरह की सेवा दी जाएगी। हमारे यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर से प्रशिक्षित मेकअप आर्टिस्ट के द्वारा लोगों को सुविधा दी जाएगी। आगे और बेहतर कार्य करेंगे और अपने इस संस्थान की फ्रेंचाइजी अलग-अलग शहरों के लिए दी जाएगी। डॉ प्रगति ने बताया बालों की समस्याओं को दूर किया जाएगा और बालों को मनचाहा रूप दिये जा सकते हैं। जिसमे बालों को लंबे या छोटे या कोई अन्य रूप दिये जा सकेंगे। हमारे इस सैलून में पुरुषों के बालों के लिए 200 से शुरू होंगे और महिलाओं के बालो के लिए 400 से सेवा दी जाएगी। सभी तरह के लोग यहां आ सकते हैं किसी को किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। सैलून के सभी कार्य प्रोपराइटर,अरुणा गामी की देखरेख में एक घरेलू वातावरण में कार्य होगा और लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध की जाएगी। ब्यूटी बॉक्स यूनिसेक्स सैलून के द्वारा शहर के लोगों को नया लुक देना है पहले ही दिन भारी संख्या में युवा सहित हर उम्र के लोगों ने बाल कटवाए। लोगों ने कहा कि यहां के स्टाफ का व्यवहार काफी अच्छा है साथ ही रिजनेबल रेट पर दी जाने वाली सुविधा भी काफी अच्छी है। इस नए ब्यूटी बॉक्स यूनिसेक्स सैलून में हेयर डिजाइन,हेयर कटिंग,थ्री डी,एच. डी,हाइड्रा फेशियल,कार्बन लेजर फेशियल,पी.आर.पी प्लेट लेटस रिच प्लाज्मा टीमेंट सहित ईएफसी जिसमे बालो को झड़ने से बचाने के लिए प्राकृतिक रूप से कार्य किये जाते है। फेशियल व ब्लीच,की आदि की सुविधा है। ऑफर के तौर पर सभी ग्राहकों को छूट दी जा रही है। अरुणा गामी एवं सुधीर गामी प्रोपराइटर सह पी. एन.पी होटल के मालिक ने बताया अब दरभंगा शहर लहेरियासराय बेता सहित आसपास के लोगों को अपने शहर में ही दुल्हा-दुल्हन को शादी में मैकअप कराने के लिए बड़े शहर में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा अक्सर देखा गया है पार्किंग की कमी के कारण चार पहिया एवं दो पहिया वाहन लगाने की दिक्कत होती है। लेकिन हमारे यहां पूरा ध्यान रखा गया है और पार्किंग के साथ 24 घंटे सुरक्षा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। श्री गामी ने कहा सभी तरह के लोगों का ध्यान एवं भावनाओं का ख्याल हमारे इस ब्यूटी बॉक्स यूनिसेकस सैलून में रखा जायेगा। इस अवसर पर डॉ कुमार प्रशांत,संजय कापरी एवं हनी,रजक,रौशनी,बैधवी,रजत सहित शहर के गण्यमानय लोग मौजूद थे।

# सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षकों का अमूल्य योगदान, विद्यालय समाज के लिए वरदान : डॉ मधुकर

प्रात: किरण संवाददाता

दानापुर : देश के भविष्य व सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षकों का अमूल्य योगदान होता है` शिक्षकों के कंधों पर समाज व देश की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है, इनके जीवन में सहजता व सरलता होनी चाहिए क्योंकि बच्चे व समाज के लोग इनका अनुसरण करते हैं` किसी भी समाज में खोला गया विद्यालय उस समाज के लिए वरदान होता है` उक्त बातें रविवार को स्थानीय शिवाला मोड़ रोड स्थित शीतल नगर मे एस एस इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि हेतुकर झा मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ मधुकर झा ने कही` उन्होंने कहा कि शीतल नगर में रेमंत झा द्वारा खोला गया विद्यालय इस कॉलोनी के लोगों के लिए वरदान साबित होगा, यहां के लोग अपने बच्चों को इस विद्यालय के माध्यम से एक जिम्मेदार नागरिक बना सकेंगे` मौके पर आयोजित कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हेतुकर झा मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ मधुकर झा, समाधान भारत ग्लोबल के संस्थापक डॉ हिमांशु पांडेय, एसबीआई के वरीय शाखा प्रबंधक हर्ष राज व युवा शिक्षाविद सह बिहारी स्कॉलर्स फोरम के संस्थापक गोपाल विद्यार्थी, निदेशिका डॉली झा व संस्थापक रेमंत झा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किए, तत्पश्चात विद्यालय प्रशासन ने अतिथियों को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया` कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ हिमांशु पांडेय ने कहा कि किसी व्यक्ति को समाज के लिए अगर सही मायने में कुछ करना है तो उसे विद्यालय खोलना चाहिए व मेधावी व पिछड़े वर्ग के बच्चों को प्लेटफॉर्म देना चाहिए ताकि सशक्त समाज का निर्माण हो सके` वहीं गोपाल विद्यार्थी ने कहा कि विद्यालय वह जगह होती है जहां हर वर्ग व विभिन्न धर्मों के बच्चे एक साथ मिलकर जीवन जीने की कौशल सीखते हैं, श्री विद्यार्थी ने विद्यालय परिवार से बच्चों को संस्कार के साथ शिक्षा देने की अपील की है उन्होंने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि पश्चिम सभ्यताओं के पीछे पागलपन के कारण आजकल हमारे समाज व परिवार में अपनत्व की भावना की काफी कमी दिख रही है, बच्चों को अपनी पौराणिक संस्कृति से जुड़ी हुई शिक्षा देने की जरूरत है` वहीं शाखा प्रबन्धक हर्ष राज ने विद्यालय प्रशासन को हरसंभव वित्तीय सहायता प्रदान करने को आश्वस्त किया` उद्घाटन के अवसर पर नामांकन कराने वाले दर्जनों बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से स्टडी किट प्रदान किए गरीब व मेधावी बच्चों के लिए विद्यालय में दस फीसदी सीट रिजर्व संस्थापक रेमंत झा ने अभिभावकों को विद्यालय के बारे में विस्तृत जानकारी दी व उन्हें उनके बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए आश्वस्त किया` उन्होंने कहा कि विद्यालय में दस फीसदी सीट समाज के गरीब व मेधावी बच्चों के लिए रिजर्व है, हम हरसंभव समाज के बच्चों की बेहतरी का प्रयास करते रहेंगे` वहीं विद्यालय की निदेशिका डाली झा ने अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया` निदेशिका ने बताया कि हमारा विद्यालय आपके बच्चों के सपनों को उड़ान देने को तैयार है, हमारी पूरी तैयारी है कि हम कम से कम शुल्क लेकर बेहतर शिक्षा प्रदान कर सके, समाजहित के लिए उठाया गया यह कदम में आप सबों का सहयोग अपेक्षित है` उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ साथ संस्कारयुक्त शिक्षा देने की विशेष प्रावधान है।

सम्पादकीय

## कृत्रिम स्थिरता की चाहत

एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना की प्रेरक सोच पर गंभीर सवाल हैं। ऐसी ही सोच के तहत दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया था। उससे दल-बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों-विधायकों की स्वतंत्र चेतना पर जरूर ताला लग गया। खबरों के मुताबिक एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना पर 22वां विधि आयोग अपनी सिफारिशें जल्द ही केंद्र सरकार को सौंप देगा। इस बीच आयोग ने अपनी सिफारिशों की प्रस्तुति पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी उच्चस्तरीय समिति के सामने की है। इसमें दो संविधान संशोधनों की सिफारिश की गई है। कोविंद समिति नरेंद्र मोदी सरकार की इस इच्छा पर सुझाव देने के लिए बनाई गई है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभाओं, और पूरे देश में नगर-निकायों के चुनाव एक साथ संपन्न कराए जाएं। इस बीच विधि आयोग ने जो सुझाव रखे हैं, उसके मुताबिक सभी विधानसभाओं के चुनाव दो किस्तों में इस तरह संपन्न कराए जाएंगे, जिससे 2029 में लोकसभा के साथ-साथ उन सबका चुनाव कराया जा सके। एक दूसरा संशोधन इस योजना को टिकाऊ बनाने के लिए दिया गया है। इसके तहत अगर सदन की मध्यावधि में कोई सरकार गिर जाती है, तो विकल्प के तौर पर विभिन्न दलों की एकता सरकार बनाई जाएगी। अगर यह संभव नहीं हुआ, तो फिर नया चुनाव बची अवधि भर तक के लिए कराया जाएगा, ताकि एक राष्ट्र-एक चुनाव का क्रम बना रहे। इस योजना में यह समझ अंतर्निहित है कि सभी दलों की नीतियां कमोबेश एक जैसी हैं और सारी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा व्यक्तियों की महत्त्वाकांक्षाओं के बीच है। इसलिए यूनिटी गवर्नमेंट सहजता से बन जाएगी। बहरहाल, उससे कहीं ज्यादा गंभीर सवाल इस योजना की प्रेरक सोच पर है। स्पष्टतः यह सोच कृत्रिम राजनीतिक स्थिरता थोपने की है। ठीक ऐसी ही सोच के तहत 1985 में दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया था। इस कानून से दल-बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों-विधायकों के स्वतंत्र राजनीतिक रुख तय करने की प्रवृत्ति पर जरूर ताला लग गया। अब जो सुझाव विधि आयोग ने दिए हैं, उनसे राजनीतिक प्रक्रिया और सरकारों को जवाबदेह बनाए रखने की विधायिका की भूमिका पर वैसा ही अंकुश लग सकता है। आज भारतीय लोकतंत्र की मूलभूत समस्या सत्तासीन लोगों और संस्थाओं की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था का कमजोर पड़ते जाना है। अब जो सुझाव दिए गए हैं, उनसे खर्च तो शायद ही बचे, लेकिन जवाबदेही का सिस्टम जरूर और कमजोर हो जाएगा।

## राहुल क्या वायनाड से लड़ेंगे?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए लोकसभा सीट का चुनाव मुश्किल काम होता जा रहा है। वे पिछली बार दो सीटों से लड़े थे, जिसमें अमेठी से हार गए थे और केरल की वायनाड सीट से जीते थे। इस बार भी वे वायनाड सीट से नामांकन करेंगे तो घर बैठे चुनाव जीतेंगे। लेकिन उनके सामने एक नैतिक बाधा खड़ी हो गई है। सीपीआई के महासचिव डी राजा की पत्नी ऐनी राजा को सीपीआई ने उस सीट से उम्मीदवार बना दिया है। राजा के साथ राहुल के बहुत अच्छे संबंध हैं। अगर वहां दोनों आमने सामने होते हैं तो उसका असर देश के दूसरे हिस्सों में भी देखने को मिलेगा। सीपीआई के नेताओं ने कांग्रेस के ऊपर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है कि राहुल को वायनाड से नहीं लड़ा चाहिए। राहुल के साथ दूसरी मुश्किल यह है कि उत्तर प्रदेश में परिवार की पारंपरिक सीटों-अमेठी और रायबरेली में लड़ाई लगातार मुश्किल होती जा रही है। पिछली बार वे अमेठी से हारे थे और सोनिया गांधी रायबरेली से जीत गई थीं। लेकिन इस बार सोनिया गांधी को चुनाव नहीं लड़ा है। कहा जा रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली से लड़ सकती हैं। लेकिन दूसरी ओर भाजपा ने इन दोनों सीटों को लेकर बड़ी तैयारी की है। इन दोनों लोकसभा सीटों के तहत आने वाली विधानसभा सीटों से जीते समाजवादी पार्टी के विधायकों को भाजपा ने तोड़ दिया है। अमेठी की अदिति सिंह पहले ही भाजपा में चली गईं थीं और अब ऊंचाहार के मनोज पांडेय भी भाजपा में जा रहे हैं। आसपास के सभी ठाकुर और ब्राह्मण विधायक भाजपा के साथ हो गए हैं। इसलिए दोनों में से कोई लोकसभा सीट सुरक्षित नहीं है। तभी राहुल के लिए वायनाड छोड़ा बहुत आसान नहीं होगा।

## सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे में घाटे का सौदा करने को मजबूर है कांग्रेस

-योगेंद्र योगी-

कभी देश में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से लोकसभा चुनाव की सीटों को लेकर घाटे का सौदा करने को मजबूर हो गई है। कांग्रेस की यह हालत पिछले लोकसभा चुनाव में और हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद हुई है। कमजोर होती कांग्रेस से रिक्त हुआ राजनीतिक स्थान क्षेत्रीय दल ले रहे हैं। कांग्रेस की स्थिति यह हो गई है कि यदि राजनीति में टिकना है तो क्षेत्रीय दलों के सामने झुकना है। कांग्रेस ने क्षेत्रीय दलों से गठबंधन करके करीब 70 सीटों की कुर्बानी दे चुकी है। इन सीटों पर पिछली बार कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 421 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से कांग्रेस मात्र 52 सीटें जीतने में कामयाब हो सकी। जिस तरह कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन कर रही है, उससे आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सबसे बड़े दल के तौर पर उभर कर आने पर ब्रेक लग सकता है। ऐसी हालत में केंद्र में यदि गैरभाजपा गठबंधन बहुमत में आता भी है तो कांग्रेस के लिए कप्तान की भूमिका निभा पाना मुश्किल होगा। हालांकि विगत विधानसभा चुनाव को यदि लोकसभा चुनाव की भविष्यवाणी माने तो विपक्षी दलों की केंद्र में सरकार बनाने के संभावना क्षीण है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच दिल्ली के अलावा हरियाणा, गुजरात, गोवा और चंडीगढ़ में भी गठबंधन हुआ है। आम आदमी पार्टी 46 में से सात सीटों पर चुनाव लड़ रही है। गोवा और चंडीगढ़ के लिए भी अरविंद केजरीवाल ने अपने उम्मीदवार को चुनाव लड़ाने की तैयारी की थी, लेकिन गठबंधन के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। गोवा में एक सीट पर उम्मीदवार का ऐलान करने के बाद आम आदमी पार्टी ने दोनों सीटें कांग्रेस को दी हैं। दिल्ली में भी पहले आम आदमी पार्टी ने छह सीट पर चुनाव लड़ने की बात कही थी, लेकिन बाद में चार सीटों पर ही समझौता कर लिया। दिल्ली में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी से 3 सीटों पर चुनाव लड़ने की सहमति पर समझौता करना पड़ा। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी सात में से चार सीटों- पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नई दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। शेष तीन- उत्तर पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली और चांदनी चौक संसदीय सीट से कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत दर्ज की थी। लगातार दो बार लोकसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के प्रत्याशी एक भी सीट पर जीत दर्ज करने में कामयाब नहीं हुए। गुजरात में 26 में से दो सीटें अनुसूचित जाति और चार सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। आम आदमी पार्टी दो और कांग्रेस 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस की कमजोर राजनीतिक हालत का फायदा उठाने से गठबंधन का कोई भी दल नहीं चूक रहा है। हर दल जितना हो सके कांग्रेस की बांह मरोड़ने में जुटा हुआ है। समाजवादी पार्टी के तीखे तेवर दिखाने के बाद कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा घाटा हुआ है। कांग्रेस अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से डील कर चुकी है। पार्टी उत्तर प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जो लोकसभा में सबसे ज्यादा सांसद भेजता है। महाराष्ट्र में कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के बीच आठ सीटों पर अभी तक फैसला नहीं हो सका है, जिसके बीच गतिरोध बना हुआ है। पश्चिम बंगाल भी कांग्रेस के लिए चुनौती बना हुआ है। तृणमूल सभी 42 सीटों पर चुनाव लडे की घोषणा कर चुकी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि कांग्रेस को अपने प्रभाव क्षेत्र वाले राज्यों से चुनाव लड़ा चाहिए। क्षेत्रीय दलों वाले राज्यों में कांग्रेस के लिए कोई स्थान नहीं है। ममता के इन तेवरों से जाहिर है कि अलबत्ता तो पश्चिमी बंगाल में तृणमूल से कोई सीट शेयरिंग नहीं होगी। यदि होती भी है तो कांग्रेस दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सकेगी। तृणमूल कांग्रेस को दो से अधिक सीटें देने के लिए तैयार नहीं है, जो पूर्वी राज्य में कम से कम पांच सीटें मांग रही है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने अपना रुख रख दिया है और स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# राष्ट्रीय आदर्शों से हटाना होगा स्थाई ग्रहण

**अनेक दिग्गजों का नाम सूची में शामिल न करके उन्हें अपनी कार्यशैली, प्रतिबध्दता और अनुशासन की दिशा में सोचने हेतु स्पष्ट संकेत दे दिये हैं। यूं तो समाजवादी पार्टी सहित अनेक दलों ने अपने प्रत्याशियों के नामों की पहली किस्त जारी कर दी है परन्तु अभी भी प्रतीक्षा, मूल्यांकन और क्रिया की नीतियों पर ही ज्यादातर दल चल रहे हैं। देश के विकास, विदेश में प्रभाव और गुलामी से निजात के प्रयासों का त्रि-चरणीय प्रचार लेकर चलने वाली भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यों, उपलब्धियों एवं योजनाओं के साथ-साथ नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत छवि को आगे किये हुए है। देश की आदिकालीन सनातन संस्कृति को पोषित करने का दावा करने वाली वर्तमान सरकार के पास अपने कार्यकाल को राष्ट्रहित में प्रमाणित करने के लिए बहुत कुछ है जबकि विपक्ष आरोपों की अनेक कहानियों, भयावह भविष्य की कल्पनाओं तथा नाटकीय भूमिका के साथ मतदाताओं के मध्य पहुंच रहा है। राज्यसभा के चुनावों के दौरान भी भाजपा ने अपनी रणनीति के आधार पर अपेक्षा से अधिक सीटें जीत कर विरोधियों के माथे की रेखायें गहरी कर दी हैं। इस चिन्ता मुक्ति के चिन्तन गायन में सामूहिक संगठन के अनेक घटक अपनी-अपनी ढपली पर अपना-अपना राग अलाप रहे हैं। कांग्रेस ने अनेक स्थानों पर काफी नीचे आकर क्षेत्रीय दलों के साथ समझौते करने शुरू कर दिये हैं। वहीं दूसरी ओर हल्द्वानी से लेकर संदेशखाली तक के मामले गमार्ते जा रहे हैं।**






**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया-**
**लेखक स्वतन्त्र पत्रकार हैं**

देश में आगामी लोकसभा चुनाव के नित नये बदलते परिदृश्यों के साथ मौसम भी कदम ताल करने लगा है। गर्मी, सर्दी और बरसात में भी वर्चस्व की जंग छिड गयी है। कभी तेज धूप की दम पर गर्मी फैलने लगती है तो कभी वर्फवारी-ओलावृष्टि की ताकत से सर्दी का प्रकोप बढने लगता है। गरज के साथ मूसलाधार वारिस के साथ बरसात भी अपने प्रभाव को दिखा रही है। मौसम के सतरंगी आनन्द की बेला में भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। अनेक दिग्गजों का नाम सूची में शामिल न करके उन्हें अपनी कार्यशैली, प्रतिबध्दता और अनुशासन की दिशा में सोचने हेतु स्पष्ट संकेत दे दिये हैं। यूं तो समाजवादी पार्टी सहित अनेक दलों ने अपने प्रत्याशियों के नामों की पहली किस्त जारी कर दी है परन्तु अभी भी प्रतीक्षा, मूल्यांकन और क्रिया की नीतियों पर ही ज्यादातर दल चल रहे हैं। देश के विकास, विदेश में प्रभाव और गुलामी से निजात के प्रयासों का त्रि-चरणीय प्रचार लेकर चलने वाली भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यों, उपलब्धियों एवं योजनाओं के साथ-साथ नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत छवि को आगे किये हुए है। देश की आदिकालीन सनातन संस्कृति को पोषित करने का दावा करने वाली वर्तमान सरकार के पास अपने कार्यकाल को राष्ट्रहित में प्रमाणित करने के लिए बहुत कुछ है जबकि विपक्ष आरोपों की अनेक कहानियों, भयावह भविष्य की कल्पनाओं तथा नाटकीय भूमिका के साथ मतदाताओं के मध्य पहुंच रहा है। राज्यसभा के चुनावों के दौरान भी भाजपा ने अपनी रणनीति के आधार पर अपेक्षा से अधिक सीटें जीत कर विरोधियों के माथे की रेखायें गहरी कर दी हैं। इस चिन्ता मुक्ति के चिन्तन गायन में सामूहिक संगठन के अनेक घटक अपनी-अपनी ढपली पर अपना-अपना राग अलाप रहे हैं। कांग्रेस ने अनेक स्थानों पर काफी नीचे आकर क्षेत्रीय दलों के साथ समझौते करने शुरू कर दिये हैं। वहीं दूसरी ओर हल्द्वानी से लेकर संदेशखाली तक के मामले गमार्ते जा रहे हैं। बैगलुरु के रामेश्वर कैफे से लेकर केरल के आतंकी अड्डों तक की चचार्यें तेज हो रहीं हैं। गजवा-ए-हिन्द से लेकर हिन्दू राष्ट्र तक के मंसूबे उभरकर सामने आ रहे हैं। अतिक्रमण करके बनाये गये आलीशान महलों को जायज ठहराने वालों की संख्या में निरंतर इजाफा होता जा रहा है। रेड माइनर के दौरान ख्याति बटोरने वाले वकील हसन अपने अतिक्रमण को हटाने पर अपने मानवतावादी कृत्य को लेकर सौदेबाजी पर उतर आये। सन 2016 में भी उनका अतिक्रमण हटाया गया था परन्तु तब वे खामोश रहे किन्तु रेड माइनर में सहयोग करने के एवज में वे स्वंय को कानून से ऊपर मानने लगे हैं। कुछ खास लोगों का रोजगार ही अतिक्रमण की धरती से शुरू होता है। सरकारी जमीनों पर तराजू लगाकर बैठने वाले धीरे-धीरे दुकान-मकान बनाकर उसे अपनी बपौती मान बैठते हैं। इन सबसे बेखबर बने बैठे उत्तरदायी लोग किन्हीं खास कारणों से उनके संरक्षक की भूमिका का निर्वहन करते हैं। यही हाल देश की दलगत राजनीति का है जो अपने वोटबैंक की खातिर संविधान को तिलांजलि देने से भी नहीं कतराती। राष्ट्रीय आदर्शों अब स्थाई ग्रहण लग चुका है जिसे हटाये बिना संतुलित विकास की आभा का प्रकाश आना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। दल-बदल सहित अनेक विकृतियों को अब एक विशेष आदर्श के रूप में देखा जाने लगा है। राजनीति में पुराने कार्यकर्ता की कीमत पर विपरीत सिध्दान्तवादियों को आमंत्रित करने का क्रम चल निकला है। जोड-तोड की जुगाड वाली गोरी नीतियां देश में खूब फलफूल रहीं हैं। लोकसभा चुनावों में जीत का परचम फहराने के लिए सभी दल एआई से लेकर चुनावी सलाहकारों तक की सशुल्क सेवायें ले रहे हैं। उधार के सिन्दूर से मांग भरने वाले स्वयं को स्थाई सुहागिन मानने लगे हैं। दलबदलुओं की भितरघाती नीतियां यदि पुराने परिवार में घातक सिध्द हुई है तो फिर नये घर में विश्वसनीयता की कसौटी पर कैसे खरी उतरेंगी, यह एक यक्ष प्रश्न है जिसे हल किये बिना पानी पीने से पाण्डवों के चार भाइयों सरीखे हाल होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। कथनी, करनी और नियत के विश्लेषण हेतु व्यवहार का अतीत कुरेदना आवश्यक ही नहीं बल्कि अति आवश्यक होता जा रहा है। यही कारण है कि अनेक चुनावी दंगलों में प्रत्याशियों की हार का कारण उनकी व्यक्तिगत नकारात्मक छवि ही होती है जिसका फायदा जीतने वाले को बिना प्रयास के स्वतः ही मिल जाता है। अतीत गवाह है कि इन्दिरा गांधी की रायबरेली से हार का कारण उनकी अपनी नीतियों के घातक परिणाम के रूप में ही सामने आया था।

# बंगाल पर दहाड़, मणिपुर पर खामोशी?

**परन्तु अपने बंगाल दौरे पर प्रधानमंत्री संदेशखाली प्रकरण को भी साम्प्रदायिक रंग देने से बाज नहीं आये। चूँकि आरोपी का नाम शेख शाहजहां है इसलिए उन्होंने अपनी सार्वजनिक सभा में यह कहा कि कहा कि – ह्यआज बंगाल की जनता यहां की मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है कि क्या ह्यकुछ लोगों का वोटह्ल आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा अहम हो गया है? ह्यकुछ लोगों के वोटह्ल से उनका सीधा इशारा मुस्लिम मतों की तरफ था। उन्होंने संदेशखाली प्रकरण पर केवल बंगाल की तृणमूल कांग्रेस को ही नहीं घेरा बल्कि इसी बहाने इंडिया गठबंधन पर भी यह कहते हुये निशाना साध दिया कि – ह्यइंडी गठबंधन के बड़े–बड़े नेता संदेशखाली पर आंख, कान, मुंह सब बंद करके बैठे हैं?ह्ल मोदी ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टीकरण करने वालों का साथ देने वाला तथा तृणमूल कांग्रेस को बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा करने वाला दल बताया। साथ ही उन्होंने राम मंदिर मुद्दे को भी यह कहकर भुनाने की कोशिश की कि ह्यहम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं।**






**तनवीर जाफरी-**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

लोकसभा के आम चुनावों का बिगुल बज चुका है। राजनेताओं ने चुनावी सभायें, रैलियां व रोड शो करने शुरू कर दिये हैं। साम्प्रदायिक व जातीय ध्रुवीकरण, लोभ-लालच, सुनहरे सपने दिखाने, धार्मिक भावनायें भड़काने, विपक्षी नेताओं को अपमानित करने उन्हें डराने धमकाने व खरीदने का दौर जारी है। सत्तारूढ़ दल जहां हर सूरत में स्वयं को सत्ता में बनाये रखना चाहता है वहीं विपक्ष, सत्ता हासिल करने के लिये कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहता। केंद्रीय सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक बार फिर चुनाव प्रचार की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाल ली है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में चुनावी बिगुल फूंकने के बाद पिछले दिनों बंगाल राज्य का दौरा किया। उन्होंने यहां कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसके बाद पीएम मोदी ने यहां जनसभा की और जैसी कि उम्मीद थी उन्होंने संदेशखाली हिंसा के मामले पर बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने यहां तक कहा कि ह्यसंदेशखाली की घटना पर ममता बनर्जी की सरकार को शर्म आनी चाहिएह्ल। खबरों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां पर आरोप है कि उसने संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार किये और आदिवासियों की जमीनें हड़प लीं। यदि यह आरोप सही है तो निश्चित रूप से आरोपी किसी भी दल या समुदाय का क्यों न हो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिये और कानून के मुताबिक उसे सजा जरूर मिलनी चाहिये। फिलहाल आरोपी शेख शाहजहां को गिरफ़्तार भी किया जा चुका है और तृणमूल कांग्रेस से उसे छः वर्षों के लिये निष्कासित भी किया जा चुका है। परन्तु अपने बंगाल दौरे पर प्रधानमंत्री संदेशखाली प्रकरण को भी साम्प्रदायिक रंग देने से बाज नहीं आये। चूँकि आरोपी का नाम शेख शाहजहां है इसलिए उन्होंने अपनी सार्वजनिक सभा में यह कहा कि कहा कि - ह्यआज बंगाल की जनता यहां की मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है कि क्या ह्यकुछ लोगों का वोटह्ल आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा अहम हो गया है? ह्यकुछ लोगों के वोटह्ल से उनका सीधा इशारा मुस्लिम मतों की तरफ था। उन्होंने संदेशखाली प्रकरण पर केवल बंगाल की तृणमूल कांग्रेस को ही नहीं घेरा बल्कि इसी बहाने इंडिया गठबंधन पर भी यह कहते हुये निशाना साध दिया कि - ह्यइंडी गठबंधन के बड़े-बड़े नेता संदेशखाली पर आंख, कान, मुंह सब बंद करके बैठे हैं?ह्ल मोदी ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टीकरण करने वालों का साथ देने वाला तथा तृणमूल कांग्रेस को बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा करने वाला दल बताया। साथ ही उन्होंने राम मंदिर मुद्दे को भी यह कहकर भुनाने की कोशिश की कि ह्यहम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैंह्ल। भाजपा काफी लम्बे समय से बंगाल में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण कर सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रही है। राज्यों में सुशासन की दुहाई देते हुये भाजपा ने ह्यडबल इंजन की सरकार ह्य जैसा एक नया शगूफा छोड़ा है। केवल भाजपा या उसके नेता ही नहीं बल्कि देश का मीडिया भी इस समय संदेशखाली प्रकरण को बढ़ा चढ़ाकर पेश करने इसे साम्प्रदायिक रंग देने व ममता बनर्जी को एक ह्यविलेनह्ल के रूप में पेश करने में व्यस्त है। परन्तु बड़ा आश्चर्य है कि न तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज तक मणिपुर की हिंसक घटनाओं पर कोई प्रतिक्रिया देते सुना गया न ही मुख्य धारा का मीडिया मणिपुर की घटनाओं को तवज्जोह दे रहा है। गौर तलब है कि 3 मई 2023 यानी दस महीनों से ह्यडबल इंजनह्ल की सरकार वाला राज्य मणिपुर सुलग रहा है। पूरा राज्य साम्प्रदायिक हिंसा की चपेट में है वहां गृह युद्ध जैसे हालात हैं। क्या मंत्री क्या अधिकारी क्या पुलिस ऑफिसर तो क्या सैन्याधिकारी क्या थाना तो क्या मंत्री निवास कुछ भी सुरक्षित नहीं। पुलिस थानों से हथियार तक लूटे जा चुके। इन्हीं हिंसक झड़पों के दौरान सैकड़ों चर्च और एक दर्जन से अधिक मंदिरों को भी तोड़ दिया गया। कई गांव के गांव आग के हवाले कर दिये गये। इसी डबल इंजन की सरकार वाले राज्य मणिपुर से दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ यौन उत्पीड़न करने की वीडियो ने पूरे देश को शर्मसार किया। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार वहां प्रत्येक व्यक्ति शस्त्रधारी हो चुका है। मणिपुर हिंसा पर खामोशी बरतने वाले प्रधानमंत्री ने मणिपुर की दो कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ यौन उत्पीड़न करने के घटना पर मानसून सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए केवल इतना कहा कि इस घटना ने ह्लभारत को शर्मसार कर दिया है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ उसे कभी माफ नहीं किया जा सकताह्ल। मणिपुर में इस समय लाखों लोग घर से बेघर हो चुके हैं सैकड़ों लोगों की जानें जा चुकी हैं। अनेक महिलाओं के साथ बलात्कार हुये हैं। परन्तु चूँकि मणिपुर में मामला बहुसंख्यक मैतेई और अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के बीच का है। यहां जातीयता का संघर्ष है धर्म का नहीं। मणिपुर में भाजपा का शासन है और राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वयं मैतेई समुदाय से हैं। मणिपुर की 60 विधानसभा सीटों में से 40 सीटों पर मैतेई समुदाय का दबदबा है क्योंकि उनकी जनसंख्या कुल आबादी की 53 प्रतिशत है। शेष कुकी या नागा जैसे समुदाय अल्पसंख्यक श्रेणी में आते हैं। परन्तु चूँकि यहां ह्यशेख शाहजहांह्ल नामधारी कोई चरित्र सामने नहीं इसलिये न तो राज्य की भाजपा सरकार पर कोई इलजाम है न ही तुष्टीकरण के कोई आरोप न ही भ्रष्टाचार व परिवारवाद व अपराधीकरण की कोई शिकायत।

# एक साथ चुनाव से पहले सुधार जरूरी

**अजीत द्विवेदी-**

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की योजना पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है और कहा जा रहा है कि जल्दी ही इसकी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी जाएगी। इसकी मसौदा रिपोर्ट को लेकर मीडिया में जो खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक कमेटी एक देश, एक चुनाव के नाम से संविधान में एक खंड जोडने की सिफारिश कर सकती है, जिसमें इस योजना से जुड़े सारे नियम और कानून शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि कोविंद कमेटी एक कॉमन मतदाता सूची के साथ सारे चुनाव एक साथ कराने की योजना पेश करेगी। इस योजना पर उठाए जा रहे सबसे गंभीर सवाल का जवाब देते हुए कहा गया है कि अगर पांच साल के कार्यकाल के बीच कोई सरकार बहुमत गंवा देती है तो समय से पहले चुनाव कराने की बजाय यूनिटी सरकार बनाई जाएगी और चुनाव समय पर ही होगा। यानी किसी हाल में विधानसभा या लोकसभा भंग नहीं होगी और एक साथ चुनाव का चक्र नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। ध्यान रहे पहले इस तरह के किसी कानूनी प्रावधान के बगैर ही पूरे देश में एक साथ चुनाव होते थे। लेकिन एक बार यह चक्र टूट गया तो टूटता गया क्योंकि यूनिटी सरकार बनाने जैसी किसी योजना के बारे में नहीं सोचा गया। इसमें कोई संदेह नही है कि इस तरह की कोई भी योजना लोकतंत्र के बहुत बुनियादी सिद्धांतों को चोट पहुंचाएगी। इससे दलबदल को बढ़ावा मिलेगा और खरीद फरोख्त की घटनाओं में और बढ़ोतरी होगी। अभी अलग अलग चुनाव होने पर नागरिकों के पास मौका होता है कि अगर वह केंद्र की सरकार से नाराज है तो सत्तारुढ़ दल को किसी राज्य के चुनाव में सबक सीखा दे। लेकिन सारे चुनाव एक साथ होने और पांच साल में एक ही बार चुनाव होने से जनता के हाथ से वह मौका निकल जाएगा। लोकतंत्र का मतलब वास्तविक अर्थों में पांच साल पर एक बार वोट देना भर रह जाएगा। इसी तरह भारत जैसे विविधता वाले देश में चुनाव का राष्ट्रीय और केंद्रीकृत मुद्दा होगा, जिससे संघवाद और विविधता दोनों की धारणा प्रभावित होगी। इसलिए एक साथ चुनाव के साथ कई सैद्धांतिक व बुनियादी समस्याएं हैं, जिन पर कई बार चर्चा हुई है। हैरानी की बात है कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग एक यूटोपियन विचार पर इतना समय और ऊर्जा खर्च कर रहे हैं लेकिन चुनाव के जरूरी सुधारों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। एक साथ चुनाव कराने की जिद पूरी करने से पहले जरूरी है कि चुनाव सुधार किए जाएं। चुनाव की प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाने के उपाय किए जाएं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदे के कानून को असंवैधानिक बता कर खारिज कर दिया और उस पर रोक लगा दी। इसके बाद चुनाव आयोग ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगा। लेकिन उसने यह नहीं बताया कि राजनीतिक या चुनावी चंदे की क्या वैकल्पिक व्यवस्था होगी? लोकसभा के चुनाव होने हैं और कई राज्यों में विधानसभा के भी चुनाव होने वाले हैं। उनसे पहले चंदे की क्या एक वही व्यवस्था चलेगी, जिसमें पार्टियों को 20 हजार रुपए से कम का चंदा नकद मिलता है और चंदा देने वाले का नाम बताने या जानने की जरुरत नहीं होती है?गौरतलब है कि भारत में इस तरीके से ही सबसे ज्यादा चंदा दिया जाता है। पार्टियां जो बैलेंस शीट पेश करती हैं या चंदे का हिसाब देती हैं उसमें बताती हैं कि उनको मिले चंदे का ज्यादा बड़ा हिस्सा अघोषित स्रोत से मिला है। बहुजन समाज पार्टी तो कई बरसों से यही बता रही है कि इस अघोषित स्रोत के अलावा उसको किसी और स्रोत से कोई चंदा नहीं मिला है। क्या चुनाव आयोग को नहीं पता है कि अघोषित स्रोत से जो चंदा मिलने की बात उसे बताई जाती है उसका बड़ा हिस्सा काले धन का होता है? फिर क्यों चुनाव आयोग इसे रोकने या ठीक करने का उपाय नहीं कर रहा है?कितने बरसों से राजनीतिक दलों को चुनाव लडने के लिए सरकारी फंडिंग की बात चल रही है लेकिन वह भी कोई फुलप्रूफ योजना नहीं है। उससे किसी पार्टी के अतिरिक्त खर्च करने पर रोक नहीं लगेगी। सबको पता है कि पार्टियां चुनाव आयोग की ओर से तय की गई सीमा से कई गुना ज्यादा खर्च करती हैं। लेकिन उसे रोकने का कोई उपाय नहीं है। इसका नतीजा यह है कि जिन पार्टियों के पास ज्यादा पैसे हैं वो किसी न किसी तरीके से ज्यादा खर्च करते हैं और इससे चुनाव का मैदान सबके लिए बराबरी का नहीं रह जाता है। इसी तरह चुनाव आयोग कितने बरसों से आपराधिक छवि वाले नेताओं को चुनाव लडने से रोकने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसमे भी कामयाबी नहीं मिल है। नब्बे के दशक में बड़ी संख्या में बाहुबली किस्म के नेताओं का राजनीति में पदार्पण हुआ, जो अब मुख्यधारा के बड़े नेता बन चुके हैं। उनके बताए रास्ते पर सैकड़ों दागी नेता राजनीति में सक्रिय हैं। अपने धनबल और बाहुबल के दम पर वे अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले ज्यादा ताकतवर साबित होते हैं। चुनाव जब से बड़ी पूंजी का खेल बन है, तब से बड़ी संख्या में करोड़पति और अरबपति इस खेल में उतरे हैं। उन सबका अपना स्वार्थ होता है और ज्यादातर के खिलाफ आर्थिक अपराध के मामले भी होते हैं। चंदे के साथ साथ चुनाव आयोग को दागी नेताओं को रोकने के उपायों पर भी गंभीरता से काम करने की जरुरत है। चुनाव की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पिछले कुछ समय से सवालों के घेरे में है। विपक्षी पार्टियों ने इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। लेकिन ईवीएम के मामले में चुनाव आयोग और सरकार दोनों इतने संवेदनशील हैं कि उसके बारे में कुछ भी निगेटिव सुनने को राजी नहीं हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि ईवीएम मौजूदा सरकार का ब्रेन चाइल्ड है, जिसकी वजह से वह इतनी सेंसिटिव है, इसकी शुरूआत कांग्रेस के राज में हुई थी। इसके बावजूद सरकार इसके बारे में कोई शिकायत नहीं सुनना चाहती है। ईवीएम के प्रति भरोसा कायम करने के लिए विपक्षी पार्टियों ने चुनाव आयोग को यह सुझाव भी दिया है कि वह सौ फीसदी वीवीपैट मशीनों की पर्चियों की गिनती की व्यवस्था करे।

## संक्षिप्त खबरें

### रात्रि में बस के धक्के से वृद्ध व्यक्ति की मौत

तरैया। थाना क्षेत्र के मुरलीपुर गांव में एसएच 104 पर रात्रि में बस के धक्के से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।मृतक मुरलीपुर नट बस्ती के बुधु नट थे।घटना शनिवार के रात्रि की है।जिसके बाद अक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर करते हुए बस को पकड़ने और मुआवजा की मांग करने लगे। परिजनों ने बताया कि शनिवार कि रात्रि में उनकी दो चचेरी पौत्री की बरात आई थी।किसी कार्य को लेकर सड़क पर जैसे ही पहुंचे कि एक अनियंत्रित बस ठोकर मार कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को कारवाई का भरोसा दिलाते हुए जाम हटाने का प्रयास करने लगे। पचभिंडा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मो.आजाद उर्फ टनटन जी,पैक्स अध्यक्ष राहुल सिंह,कौशल कुमार सिंह,वार्ड सदस्य जितेंद्र सहित अन्य गणमान्य ग्रामीणों ने परिजनों को मुआवजा दिलाने के आश्वाशन के बाद सड़क जाम को हटवाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया।मृतक के पुत्र संतोष नट ने बताया उनके दो चचेरे भाई धर्मेंद्र नट व जितेंद्र नट की पुत्रियों की बरात आई थी। पुलिस ने रविवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### सड़क दुर्घटना में मजदूर घायल, सदर अस्पताल रेफर

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी मुबारक अंसारी के पुत्र हाफिज अंसारी सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए हैं। वे मजदूरी कर पैदल घर लौट रहे थे कि इसी बीच सढ़वारा बाजार के पास एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गए। जिससे वे बुरी तरह ग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी इसुआपुर ले जाया गया।

# सारण एसपी ने गौरा थाना का फीता काट कर किया उद्घाटन

- पहले इस क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकी के लिए मढौरा थाना पर निर्भर रहना पड़ता था किन्तु अब यहां की घटनाओं की प्राथमिकी गौरा में ही दर्ज होगी और गौरा थाना में पुलिस पदाधिकारी की संख्या भी बढ़ा दी गई है

प्रात : किरण संवाददाता



मढ़ौरा ग्रामीण। मढौरा प्रखंड के गौरा ओपी को थाना में तब्दील किए जाने के बाद रविवार को सारण एसपी गौरव मंगला ने गौरा थाना का पिता काटकर किया उद्घाटन इस मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान एसपी ने कहा कि अब गौरा के लोगों की प्राथमिकी मढौरा की बजाय गौरा में ही दर्ज हो जाएगी ।और अन्य कई सुविधाएं भी मिलेगी। पहले इस क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकी के लिए मढौरा थाना पर निर्भर रहना पड़ता था किन्तु अब यहां की घटनाओं की प्राथमिकी गौरा में ही दर्ज होगी और गौरा थाना में पुलिस पदाधिकारी की संख्या भी बढ़ा दी गई है। जिससे इस क्षेत्र में अपराध नियंत्रण पर विशेष फोकस हो पाएगा। इस मौके पर नरहरपुर के मुकेश सिंह, गौरा के मुखिया विवेक कुमार, हथिसार कौशल राय, नरहरपुर के सूर्यदेव सिंह,गोविंद मिश्रा सहित अन्य कई लोगों ने भी गौरा ओपी को थाना का दर्जा दिए जाने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। इन लोगों का कहना है कि अब किसी भी समस्या से सम्बन्धित प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए उन लोगों को मढौरा थाने पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उनकी कोई भी शिकायत अब गौरा में ही दर्ज हो जाएगी। जिससे उनके समय की बबार्दी बचेगी।

## कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। रविवार को माँझी के सलेमपुर स्थित एक सौ साल पुराने शिव मंदिर में स्थापित नर्बदेश्वर शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे से युक्त कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष सम्मिलित हुए। बता दें कि पूर्व में स्थापित शिव लिंग के विखंडित होने के बाद पुनः वैदिक रीति रिवाज से हवन पूजन के साथ भगवान नर्बदेश्वर शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। पांच दिवशीय यज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया। कलश यात्रा में परशुराम सिंह, गंगा देवी, धर्मेंद्र कुमार सिंह समाज, श्री सूरज सिंह ,उपेंद्र सिंह ,तारकेश्वर सिंह, प्रेम सिंह ,राजदेव सिंह ऋषि मुनि चौधरी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# सामाजिक सद्भाव संदेश होली पर्व का उत्साह दुगुना कर दिया, माता सती स्पोर्ट्स समारोह



प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर। रसूलपुर का माता सती स्थान के पास आयोजित वॉलीबॉल टूनामेंट मैच के आयोजन करा माता सती स्पोर्ट्स क्लब ने क्षेत्र को सामाजिक सद्भाव देने और आसन्न होली उत्सव का उत्साह दुगुणा कर दिया। नवयुवक संघ द्वारा विजेता और उपविजेता सहित एकमा एकारी सरयुपार और पंजाब हता के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए इस आयोजन में सैनिक सम्मान समारोह विशिष्ट अभिभावक सम्मान समारोह और कलाकारों को सम्मान देकर समाज को एक अच्छा संदेश देने का प्रयास किया गया है। पूर्व विधायक स्वर्गीय रामेश्वर दत्त शर्मा के सुपुत्र प्रोफेसर दिलीप शर्मा ने इस आयोजन में उपस्थित सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, पूर्व विधायक धूमल सिंह डिप्टी कमांडेंट विक्की कुमार पांडे डॉ अमित तिवारी समाजसेवी संदीप पांडे सहित सभी गणमान्यो का अभिवादन करते हुए श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन पटना के अध्यक्ष प्रण शर्मा जी का हमेशा इस आयोजन में सहयोग एवं नौजवानों का उत्साहवर्धन के लिए खूब सराहना किया है। सैनिक सम्मान समारोह में सम्मानित होने के बाद उप कमांडेंट श्री विक्की कुमार पांडे ने रमेश सजल और रौनक रतन के गीतों की सराहना करते हुए कहा देश के जवानों को सम्मान देकर रसूलपुर के लोगों ने अगाध राष्ट्र प्रेम का परिचय दिया है। लोगों का यही प्रेम हमारे जवानों को निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने राष्ट्र की सुरक्षा में जान हथेली पर लिए खड़े रहने को प्रेरित करता है शिक्षक विश्वनाथ तिवारी भारत दुबे पूर्व मुखिया भोला सिंह संतोष कुशवाहा धबाकी बाबा राजेंद्र पटेल रामकिशुन महतो गुलाबचंद राम अनिल तिवारी मुख्तार ठाकुर सहित उपस्थित सभी लोगों ने क्लब के संस्थापक स्वर्गीय हरिहर दुबे जी के समाजिक योगदान को याद करते हुए आयोजन को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया।

# अभाविप की नई इकाई का हुआ गठन, पुरानी इकाई भंग

- वही विभाग संयोजक सूरज कुमार ने छात्रों से आह्वान किया कि शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही राष्ट्रसेवा के लिए आज से ही विद्यार्थी परिषद का सदस्य बने

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एक बैठक स्थानीय केसीटीसी महाविद्यालय में हुई। इस बैठक में पुरानी महाविद्यालय इकाई को भंग कर नई इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए प्रान्त एसएफडी प्रमुख प्रो. पंकज कुमार ने कहा कि अभाविप अपने कार्य पद्धति के बदौलत ही आज विश्व की सबसे बड़ी छात्र संगठन बनी है। परिषद कार्यकर्ता गुरु-शिष्य की परंपरा का ख्याल संजोए रखने और छात्रों को संस्कार में पिरोने का काम करती है। आज विद्यार्थी परिषद से समाज को काफी अपेक्षाएँ हैं। विद्यार्थी परिषद में सक्षम बनकर कई कार्यकर्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में नित अपने परचम लहराएँ हैं। वही विभाग संयोजक सूरज कुमार ने छात्रों से आह्वान किया कि शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही राष्ट्रसेवा के लिए आज से ही विद्यार्थी परिषद का सदस्य बने। विद्यार्थी परिषद के द्वारा हम कॉलेजों की शैक्षणिक स्तर में सुधार ला सकते हैं, साथ ही अपने जीवनके आदर्श मूल्यों को भी समाहित कर सकते हैं। आज विद्यार्थी परिषद समाज के कई क्षेत्रों में कई प्रकल्पों के माध्यम से उन्नयन का कार्य कर रही है, वो चाहे कृषि क्षेत्र हो, स्वास्थ्य क्षेत्र हो, तकनीकी क्षेत्र हो, पर्यावरण का क्षेत्र हो, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा जगत हो, सब जगह संगठन का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर जिला संयोजक अंकित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रो. प्रकाश चंद्र सिंह एवं नगर सहमंत्री अरुण कुमार गिरी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दो अपराधियों को अग्नेयास्त्र के साथ किया गिरफ्तार

- घटना के संबंध मे थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया की गुप्त सूचना पर अग्नयास्त्र के साथ टिंकू मिया पचपतरा रिविलगंज निवासी तथा विशाल कुमार साह नंदपुर तरैसा थाना निवासी को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया गया है
- आर्म्स एक्ट सहित अपराधिक मामले के सुसंगत धाराओं मे नामजद किया गया है

प्रात : किरण, संवाददाता



बनियापुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के उच्च विद्यालय सहाबुद्दीन भिट्ठी एनएच 90 के पास गुप्त सूचना पर बनियापुर पुलिस दल के सहयोग से जिला आसूचना इकाई के सहयोग से दो अपराधियों को एक देशी रिवाल्वर एक जिंदा कारतूस एव 3 मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध मे थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया की गुप्त सूचना पर अग्नयास्त्र के साथ टिंकू मिया पचपतरा रिविलगंज निवासी तथा विशाल कुमार साह नंदपुर तरैसा थाना निवासी को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया गया है,जिनके पास से एक देशी रिवाल्वर एक जिंदा कारतूस तथा तीन मोबाइल जप्त किया गया। जिन्हे आर्म्स एक्ट सहित अपराधिक मामले के सुसंगत धाराओं मे नामजद किया गया है। पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष सहित थाना के अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## जेपीयू के विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्यों का हुआ स्थानांतरण

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्व-विद्यालय के अंतर्गत आने वाले अंगीभूत महाविद्यालय के प्राचार्य का स्थानांतरण किया गया है। उक्त आशय का पत्र है कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार बाजपेई के आदेश अनुसार कुल सचिव डॉक्टर रंजीत कुमार के द्वारा निर्गत किया गया है। जिसके तहत उन्होंने अपने पत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य का स्थानांतरण संबंधी आदेश निर्गत किया गया है इसके तहत यदुनंदन महाविद्यालय दिघवारा के प्राचार्य डॉ. रामानन्द राम का स्थानान्तरण राजा सिंह महाविद्यालय, सिवान में एवं राजा सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उदय शंकर पाण्डेय जिनके पास भोला प्रसाद सिंह महाविद्यालय, भोरे, गोपालगंज के प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार है का स्थानान्तरण उक्त महाविद्यालय (भोला प्रसाद महाविद्यालय, भोरे, गोपालगंज) में तत्काल प्रभाव से कर दिया गया है।

# कैंसर पीड़िता को सांसद के प्रयास से मिला इलाज की राशि

प्रात : किरण, संवाददाता



बनियापुर । प्रधानमंत्री राहत कोष के अंतर्गत महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीगवाल के द्वारा सरेया पंचायत के कन्हौली संग्राम निवासी सैमुम वीवी पति सलीम अंसारी जो कैंसर से पीड़ित है जिनका इलाज महावीर कैंसर संस्थान पटना में चल रहा है सांसद सिगरीवल ने अपने स्वय प्रयास कर पीड़िता की मदद करते राहत कोष से इलाज की राशि स्वीकृत कराया तथा अपने कार्यकर्ता प्रखंड महामंत्री दीपू कुमार चतुवेर्दी के द्वारा उनके हाथों इलाज की राशि घर पर भिजवाए ।जिसमे इस पर लोगो ने हृदय से आभार व्यक्त किया। मौके पर स्थानीय निवासी आनंद सिंह दुर्गेश कुमार सिंह फिरोज अंसारी गुड्डू अंसारी उपस्थित थे। पीड़ित के लड़के ने सांसद के प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया. बताया कि माननीय सांसद जी हम सभी के हर सुख दुख में बढ़ चढ़कर शामिल होते हैं।

# जदयू कार्यकर्ता सभी बूथों पर चट्टानी एकता के साथ पार्टी के लिए काम करेंगे : अल्ताफ

- जदयू लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटा
- जदयू सभी बूथों पर सात सदस्य कमेटी का किया गठन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जदयू जिला अल्ताफ आलम राजू ने गुगल मिट के माध्यम से प्रखण्ड,नगर प्रभारी प्रखण्ड अध्यक्षों की सयुक्त वर्चुअल बैठक किया जिला अध्यक्ष ने कहा की जिला के सभी बूथों पर जदयू के सात सदस्य समर्पित कार्यकर्ता साथियों का कमेटी बनाने का प्रदेश से निर्देश मिला है इसी को लेकर समीक्षा बैठक किया गया आगामी लोकसभा चुनाव को मध्य नजर देखते हुए सभी तैयारी किया जा रहा है सभी प्रभारी एवम प्रखण्ड,नगर अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है की आपस में समन्वय स्थापित कर के पार्टी के हित में कार्य करे साथ ही आयुष्मान कार्ड निर्माण विशेष अभियान के तहत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के सुभारंभ हो चुका है आयुष्मान कार्ड सभी जनवितरण प्रणाली के दुकान पर कैंप लगा कर बनाया जायेगा इसका प्रचार प्रसार जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेवार आप समर्पित साथियों की है वर्चुअल बैठक में सभी प्रखण्ड ,नगर प्रभारी एवम प्रखण्ड, नगर अध्यक्ष उपस्थित थे

# भारत विकास परिषद रक्सौल द्वारा निःशुल्क अन्नपूर्णा रसोई सेवा के लगातार दसवें महीने 450 लोगों को कराया गया भोजन

- परिषद के सेवा संयोजक योगेन्द्र प्रसाद ने परिषद द्वारा सेवा प्रकल्प के तहत इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य गरीब व लाचार लोगों की भूख मिट सके

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। रविवार के मेन रोड स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में सेवा प्रकल्प के तहत अन्नपूर्णा रसोई सेवा के माध्यम से बेघरों , दिहाड़ी मजदूरों, गरीब, असहाय एवं भिक्षुओं के बीच निःशुल्क भोजन वितरित किया गया। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं सचिव उमेश सिकारिया ने संयुक्त रूप से बताया कि बीते नौ महीने से परिषद द्वारा निःशुल्क अन्नपूर्णा रसोई सेवा उदारमना हृदय एवं सेवा भावी लोगों तथा परिषद के सदस्यों के आपसी सहयोग से निःशुल्क भोजन वितरण निर्बाध गति से चल रहा है। साथ ही उम्मीद है कि माँ अन्नपूर्णा कृपा से परिषद द्वारा यह सेवा कार्य अनवरत चलता रहेगा। परिषद के सेवा संयोजक योगेन्द्र प्रसाद ने परिषद द्वारा सेवा प्रकल्प के तहत इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य गरीब व लाचार लोगों की भूख मिट सके। वे स्वस्थ रहें और उन्हें भी खुशियों का एहसास हो। वहीं परिषद के उपाध्यक्ष विजय कुमार साह ने कहा कि परिषद द्वारा वितरित प्रत्येक महीने के भोजन के मेनू में कुछ फेर बदल कर भोजन परोसा जा रहा है इस बार भोजन में जीरा राइस, दाल फ्राई, आलू गोभी की रसदार सब्जी एवं रंग-बिरंगी तिलौरी परोसा गया जिसे लोगों पूरे चाव से भरपेट ग्रहण किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा भी उपस्थित हुए तथा भारत विकास परिषद के मानव सेवा को समर्पित इस कार्यक्रम को मुक्त कंठ से प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवा देने वालों में नरेश मित्तल, अजय मस्करा, भगवती सर्राफ, विष्णु मस्करा, परिषद के संरक्षक अवधेश सिंह, सचिव उमेश सिकारिया, मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, राकेश कुशवाहा, विजय कुमार साह, सुरेश धनोठिया, अजय कुमार, सुनील कुमार, अजय पटेल, विकास कुमार, चंदेश्वर कुमार समेत परिषद के कई सदस्यों का नाम उल्लेखनीय रहा। इसकी जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

## स्मृति शेष राम गोविंद शर्मा के अधूरे सपने को पूरा करने का कार्य : सांसद

प्रात : किरण, संवाददाता

गया ।शांति निकेतन एकेडमी के संस्थापक एवं समाजसेवी स्मृति शेष राम गोविंद शर्जर्मा जी की 18 वी पुण्यतिथि दिन- शनिवार को नूतन नगर बेलदारी टोला स्थित उनके आवास श्री अवध निवास में मनाई गई, इस मौके पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, सांसद गया विजय मांझी, विधायक मखदुमपुर सतीश दास, मेयर गया बीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव,ए.एसपी. फादर जेम्स जार्ज, डॉक्टर नवनीत निश्चल,रविरंजन कुमार बीडीओ , वजीरगंजमृत्युंजय कुमार बीडीओ मानपुर, वेदप्रकाश बीडीओ जहानाबादसंतोष सिंह बीडीओ, चंदौतीडीएसपी रेल,थानाध्यक्ष टेकारी एवं मेडिकल, आर.पी. एफ.ईस्पेक्टर, डा.नीरज कुमार व परिजन, मीडियाकर्मी एवं विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय छपरा शाखा की ओर से महाशिवरात्रि महापर्व के अवसर पर शहर में निकाली गई भव्य चैतन्य शोभायात्रा

- चैतन्य शोभायात्रा आध्यात्मिक चेतना, नारी सशक्तिकरण और शांति का देता है संदेशः उप महापौर

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय छपरा शाखा की ओर से महाशिवरात्रि महापर्व के अवसर पर रविवार को छपरा शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र से जुड़े सैकड़ों भाई- बहन अपने हाथों में कलश और शिव बाबा का ध्वज लिए यात्रा में शामिल हुए। इस शोभायात्रा में शक्तिपुंज शिवलिंग, भारत माता, रथ पर सवार लक्ष्मी नारायण एवं राम सीता की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसका विधिवत शुभारंभ छपरा नगर निगम की उप महापौर रागिनी कुमारी एवं राजयोग केन्द्र की संचालिका बीके अनामिका दीदी के द्वारा संयुक्त रूप से शिव बाबा का पूजन और नारियल फोड़ने के बाद शिव बाबा का ध्वज एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। शोभायात्रा छपरा शहर के गुदरी राय के चौक स्थित राजयोग सह सेवा केंद्र से निकलकर शहर के निचले मार्ग के कटरा, बहुरियाकोठी, एसडीएस कॉलेज, अस्पताल चौक, डाक बंगला पथ होते हुए रामराज्य चौक, नारायण चौक, थाना चौक, साहेबगंज, कटहरी बाग से मेवालाल चौक, मौना चौक होते हुए नगरपालिका चौक, बस स्टैंड, दरोगा राय चौक, भरत मिलाप चौक होते हुए भगवानबाजार थाना रोड से वापस केंद्र पर आकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता धर्मनाथ पिंटू, डॉ बृजभूषण, वरीय पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी, रंजीत भोजपुरिया, प्रिंस कुमार, बीके प्रियांशु बहन, भाई अविनाश, भाई सचिन, भाई प्रशांत, सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। चैतन्य शोभायात्रा आध्यात्मिक चेतना, नारी सशक्तिकरण और शांति का देता है संदेशः उप महापौर इस दौरान उपमहापौर रागिनी कुमारी ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय इकाई छपरा के द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष निकलने वाला शिव बारात सह चैतन्य शोभायात्रा छपरा शहर ही नही बल्कि राज्य और देश के लिए आध्यात्मिक चेतना, नारी सशक्तिकरण और शांति का संदेश देने वाला है। कहा भी गया है कि निराकार परमात्मा शिव को याद करने से जीवन को मुक्ति मिलती है। वहीं शिवरात्रि का यह त्यौहार अज्ञान के अंधकार की रात्रि को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश लाने वाला यादगार पर्व है। जिस कारण हम सभी को इस पावन पर्व के अवसर पर अपने मन के अंदर और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। खुशहाल जीवन के लिए अपने विचारों और व्यवहारो में करना होगा बदलावः बीके अनामिका दीदी शिवरात्रि में रात्रि शब्द अज्ञानता, विकार वृति, दुख, अशांति और पाप को कहा गया है। ऐसे वक्त में शिव पिता परमात्मा के दिव्य अवतरण से शिवरात्रि की महिमा पूरे विश्व में प्रचलित है। शिव बाबा का संदेश देते हुए राजयोग केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी अनामिका दीदी ने बताया कि जीवन खुशहाल जिंदगी का नाम है। अगर हम खुशहाल जीवन जीना चाहते हैं तो अपने जीवन के विचारों को अपने व्यवहार एवं दृष्टिकोण को बदलने के साथ जीवन में आने वाली चुनौतियों को समझना एवं उनके प्रति अपनी भावनाओं को सकारात्मक बनाने की जरूरत है। इसमें कोई भी व्यक्ति दोषी नहीं है, बल्कि दोषी उसका व्यक्तिगत दृष्टिकोण है। जो कहीं न कहीं हमारे जीवन में दुख का कारण बनता है। इस दौरान शहर के विभिन्न चौक चौराहों सहित शोभायात्रा के मार्ग में स्थानीय प्रशासन के द्वारा यातायात व्यवस्था को लेकर भगवान बाजार एवं नगर थाना के पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। वही रामराज्य चौक पर संस्था से जुड़े बीके बंटी कुमार के द्वारा जबकि मौना पकड़ी के समीप अन्य सेवको द्वारा अल्पाहार एवं प्याऊ की व्यवस्था की गई थी। इस शोभायात्रा में शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को समझाते हुए गीत- संगीत के माध्यम से जीवन में सुख- शांति कैसे प्राप्त हो, इस पर आधारित सचित्र प्रदर्शनी के साथ और केंद्र के क्रियाकलाप से संबंधित हैंडविल बांट कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र से जुड़ी बीके भाई प्रिंस भाई, विष्णुपुरा से बीके निर्मला, मढ़ौरा से बीके आराधना, एकमा बीके कामलवती, जगदीशपुर से बीके मोनी, दिघवारा से बीके गौरी, पिरारी से बीके रीता, सोनपुर से बीके शालिनी, जलालपुर से बीके वीणा, सोनहो से बीके पार्वती, गरखा से भाई अनेश, मोतीराजपुर से भाई गणेश, भेल्दी अमनौर से भाई शेखर, फतेहपुर से बीके पानपती, भाई अशोक जी, भाई प्रभुनाथ जी, मशरक से बीके पुनम, कश्मीरी हाता से बीके धर्मशिला सहित कई अन्य भाई- बहनों का सहयोग सराहनीय रहा।

## मोतिहारी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार पटना द्वारा मोतिहारी में 9 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के साथ आज बाल कला प्रदर्शन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तीसरे दिन के कार्यक्रम का आरंभ बच्चों ने बाल संगीत और बाल नृत्य के साथ किया जिसके बाद विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ विभिन्न योजनाओं के काउंटर भी लगे जहां पर निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही हैं। सुबह से शाम तक चलने वाले इस कार्यक्रम करीब - करीब 1000 लोगों ने हिस्सा हिस्सा लिया और करीब 600 लोगों ने यहां लगे काउंटर पर ऑन स्पॉट निःशुल्क सुविधा भी उठाया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री जावेद अख्तर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पांच विद्यालय में पेभर ब्लॉक कार्य का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के विश्वंभरपुर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय लोहछा के परिसर में सौदार्यीकरण कार्य का मुखिया प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष अनिल पांडेय ने विधिवत रूप से किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा की मेरा लक्ष्य है की पंचायत के सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध करा दी जाए। वहीं इस मौके पर शिक्षको की मांग पर शीघ्र ही विद्यालय की चाहरदीवारी का भी निर्माण कराने का आश्वासन दिए।

# ब्यूटी मेकअप और हेयर सैलून खुलने से महिलाओं को मिलेगी प्रशिक्षण और रोजगार



प्रात : किरण, संवाददाता

गड़खा। गड़खा बाजार बसंत रोड स्थित दुर्गा मंदिर के समीप ग्लैम ब्यूटी मेक अप एंड हेयर सैलून वर्क शाप का उद्घाटन संस्थान की संचालिका दीक्षा रजनी एवं निदेशक जेपी सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट की गई ।दीक्षा रजनी ने बताया कि सौन्दर्य सेवाओं में ग्लैम ब्यूटी अपनी बेहतर व उत्कृष्ट पहचान के साथ विभिन्न इलाकों में अपनी शाखाओं का विस्तार कर रहा है जहां खुद को फ्रेश व स्मार्ट लुक देने की चाहत रखने वाली महिलाओं के लिए हाईटेक एवं अत्याधुनिक संसाधनों से लैस यह संस्थान एक बेहतर विकल्प साबित होगा ।जिसके माध्यम से प्रशिक्षण लेकर भी महिलाएं अपने खुद का स्वरोजगार आगे बढ़ा सकती है ।प्रशिक्षणार्थियो में हर्ष का माहौल देखा गया कास्मेटिक सेवाओ के विभिन्न तकनीकी श्रृखंलाओ में प्रशिक्षित छात्राओं ने बताया कि सौन्दर्य प्रसाधन के क्षेत्र में जिस बारीकी एवं दक्षता के साथ हमें प्रशिक्षित किया जाता है वह शायद अन्यत्र दुर्लभ है छात्राओं के मुताबिक एक मेक अप आर्टिस्ट के रूप में ब्यूटी आर्ट की सभी टिप्स अत्याधुनिक तकनीकों के द्वारा बताए जाते हैं जिन्हें हासिल कर स्वरोजगार की दिशा में वे आगे बढ़ रही है।

# धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह

- सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने सभी का मनमोहा
- अतिथियों ने किया संयुक्त रूप से उद्घाटन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। आर बी एस पब्लिक स्कूल, मौना पकड़ी, छपरा के सातवें वार्षिक समारोह पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद धर्मशिला गुप्ता थीं। छपरा विधायक डॉ० सी एन गुप्ता, जिला परिषद की अध्यक्ष जयमित्रा देवी, उप मेयर रागिनी देवी आदि सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। सभी अतिथियों का स्वागत प्राचार्य नीलम कुमारी व कृष्ण मोहन ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। मंच की अध्यक्षता डा0 राजू कुमार एवं संचालन प्रोफेसर सियाराम प्रसाद ने किया। बच्चों द्वारा स्वागत गीत गाकर भी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया ।मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद धर्मशिला गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि हर बच्चे में कोई ना कोई विशेष खुबी होती है। उसको विद्यालय और शिक्षण संस्थाओं को परखने और गंभीरता से समझने की सख्त जरूरत है। ताकि स्वाभाविक प्रतिभा और गुणों से युक्त नए जेनरेशन का लाभ देश व समाज को मिल सके।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक व मानवतापरक शिक्षा के लिए अपने शैक्षणिक पद्धति व सिलेबस में अमान बदलाव किया है। जिससे तैयार होने वाले हमारे बच्चे-बच्चियां कल के भारत को संस्कारी व सक्षम बनाने में निपुण होते जाएंगे।



# जीविका दीदी, बीपीएम के साथ भाजपा की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता। रिविलगंज। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के छपरा आगमन पर भव्य बनाने के लिये सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देश पर रिविलगंज के जीविका कार्यालय में बीपीएम,जीविका समूह,सामुदायिक उत्प्रेरक के साथ भाजपा के कार्यकर्ता के साथ बैठक किया गया। सारण में सबसे बड़ा लाभार्थी सम्मेलन 05 मार्च को जय प्रकाश यूनिवर्सिटी में होने जा रहा इसके तैयारी हेतु बैठक किया गया। सांसद रूडी द्वारा बिहार के सबसे बड़ा लाभार्थी सम्मेलन आयोजन कराया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सांसद राजीव प्रताप रूडी लगातार इस कार्यक्रम को सफलता के लिये लगे हुए है। जिले के सभी कार्यकताओं के साथ दिन रात बैठक कर रहे है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओं को एक हजार अस्सी करोड़ रुपये देकर सबसे बड़ा लाभार्थी सम्मेलन होगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य रूप से शिरकत करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से 50 वर्षीय महिला की हुई मौत

स्थानीय थाना क्षेत्र के मरहियां एनएच दो पर एक अज्ञात ट्रक के धक्के से 50 वर्ष की महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतिका की पहचान परसिया गांव निवासी स्वर्गीय जयचंद्र तिवारी की पत्नी किरण कुंवर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला एक शादी समारोह में अपने पुत्र के साथ मरहिया स्थित एक लॉन में आई हुई थी। जहां शादी समारोह संपन्न होने के बाद महिला अपने घर जाने के लिए अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से जा रही थी इसी क्रम में मोहनिया से बनारस की ओर जा रही एक ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि वाइक चालक को हल्की चोट लगी है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दुर्गावती पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर सदर अस्पताल भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की घटनास्थल पर हुई मौत

बिक्रमगंज (रोहतास) नगर परिषद क्षेत्र वार्ड 10 अंतर्गत एसडीएम आवास से महज कुछ दूरी पर सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन से एक वृद्ध की मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लिया। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 5:35 बजे नगर क्षेत्र के धनगाई रोड़ के वार्ड 10 में एडीएम आवास से कुछ दूरी पर लगभग 75 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने दर्दनाक तरीके से कुचल दिया था। जिस घटना में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के मानपुर पंचायत के कझाई गांव निवासी मुन्नी लाल के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह लंबे समय से अपना नृत्य पार्टी चला रहें थे। जो रविवार की सुबह वार्ड 10 अंतर्गत किसी कार्यक्रम समारोह से लौटते हुए कुछ डांसर को उनके आवास पर छोड़कर मुख्य सड़क से पैदल चलते हुए घर जाने के लिए वाहन पकड़ने आ रहे थे। इसी क्रम में एक अज्ञात तेज रफ्तार की वाहन उन्हें एसडीएम आवास समीप रौंद फरार हो गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोग जख्मी

कोचस (रोहतास) स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर नौवां मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल युवक थाना धनसोइ ग्राम खरवनिया निवासी मुन्ना पांडेय व रंजन पांडेय आपने बाइक पर सवार हो शादी समारोह मे शामिल होने के लिए कोचस के नौवां गांव जा रहे थे तभी नौवां मोड़ के निकट एक अज्ञात वाहन के चपेट मे आ गए, जिसमे बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और वे जमीन पर गिर बूरी तरह घायल हो गए। घायल अवस्था मे दोनो युवक को स्थानीय लोगों के द्वारा कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर तुषार कुमार ने दोनों को उपचार कर स्थिति नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया है।

# तेजस्वी भाई भोजाई, बहन बहनोई के पार्टी बना ले: पूर्व मुख्यमंत्री

## हम लोग चार सौ सीट जीत कर नरेंद्र मोदी के झोली में डालेंगे

प्रात: किरण संवाददाता



गया। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे पार्टी के संस्थापक जीतन राम मांझी ने कहा कि 13 मार्च तक बिहार में एनडीए का सीट बटवारा हो जाएगा, हम अभी यह ना नहीं कहेंगे कि कौन सी पार्टी कितना सीट लड़ेगी लेकिन एनडीए में 13 मार्च तक सब कुछ क्लियर हो जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि हमें मुख्यमंत्री को देखकर दया आती है। नीतीश कुमार हमेशा से हमें यह बोलते थे कि हम उनके कृपा से मुख्यमंत्री बने हैं तो आज हम यह कहेंगे कि वह अब हमारे कृपा से मुख्यमंत्री बने हुए हैं। हमने उन्हें शुद्ध समेत यह वापस कर दिया। उन्होंने राजद पर तंज कस्ते हुए कहा कि तेजस्वी यादव राजद को बाप की पार्टी बोलने के बयान पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि माय के साथ बाप की पार्टी बोल दिए तो हम कहेंगे कि वह भाई भोजाई, बहन बहनोई के पार्टी बना ले लेकिन उनको लोकसभा में एक भी सीट नहीं मिलने वाली है। हम लोग चार सौ सीट जीत कर नरेंद्र मोदी के झोली में डालेंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद सुशील कुमार का किया भव्य स्वागत

- भाजपा नेता डॉ. मनीष ने बताया औरंगाबाद जिला लोकसभा सांसद सुशील कुमार अनुमंडल बिक्रमगंज क्षेत्र के दावथ प्रखंड में कुलदेवी पूजन समारोह में शरीक होने जा रहें थे

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) काराकाट लोकसभा संसदीय क्षेत्र में औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह का रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। भाजपा नेता डॉ. मनीष ने बताया औरंगाबाद जिला लोकसभा सांसद सुशील कुमार अनुमंडल बिक्रमगंज क्षेत्र के दावथ प्रखंड में कुलदेवी पूजन समारोह में शरीक होने जा रहें थे। जिनके आगमन की सूचना मिलते ही सैकड़ों के संख्या में कार्यकर्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उपस्थित में उनके धारूपुर आवास अंतर्गत फूल माला पहना उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने भी उनका भव्य अभिनंदन किया।जबकि डॉ. मनीष ने फूल माला पहनाते हुए उन्हें बुके व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा भारत मोदी की गारंटी योजना अंतर्गत निरंतर विकास कार्य से विश्व के शिखर पर पहुंच रहा है। जिनकी विकास कार्य की लोहा आज पूरा विश्व भी मान रहा। साथ ही एनडीए के नेतृत्व में ये मोदी की गारंटी हैं तहत बिहार को विकास कार्य की 3 गारंटी का घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने बिहार का विकास, शांति और कानून व्यवस्था का राज, बहन-बेटियों को अधिकार को पूरा करते हुए नया विकसित बिहार बनाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति संकल्पबद्ध हुए।

# कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल चांदनी चौक से बीजेपी के उम्मीदवार घोषित

- कैट भोजपुर के जिलाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन ने दी बधाई

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) भोजपुर के जिलाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन ने राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक से बीजेपी के उम्मीदवार घोषित किए जाने पर खुशी व्यक्त कर बधाई दी है। श्री प्रेम पंकज ने बताया कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा ने देश के एक मात्र छोटे व मझोले व्यापारियों के संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल को दिल्ली के चांदनी चौक से प्रत्याशी घोषित किया है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा नेतृत्व बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा प्रवीण खंडेवाला को प्रत्याशित घोषित किए जाने से भाजपा को काफी मजबूती मिलेगी। छोटे एवं मझोले वर्ग के व्यापारियों का साथ मिलेगा और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने ह्यअबकी बार 400 के पारह्न लक्ष्य को पूरा करेगी। श्री ललन ने भाजपा नेतृत्व से मांग कि है की बिहार में भी कैट जुड़े व्यापारियों को टिकट देने का काम करें। निश्चित रुप से व्यापारी वर्ग अपनी सीट जीत कर भाजपा की झोली भरने का काम करेगें। कैट प्रवीण खंडेवाला को चांदनी चौक से बीजेपी का प्रत्याशित घोषित किए जाने पर कैट भोजपुरी से जुड़े लोगों ने भाजपा नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री को बधाई दी है। बधाई देने वालों में कैट भोजपुर के सुनील कुमार, निशांत नैयर उर्फ राजन, संतोष कुमार, सत्य प्रकाश केसरी, विशाल गुप्ता, लड्डू कुमार, आदित्य सिंह आदि, यीशु कुमार, अनिल कुमार, राहुल बदलानी समेत अन्य हैं। बता दें की कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (उअक्ळ) जो राष्ट्रीय स्तर पर छोटे व मझोले व्यापारियों का संगठन है। इस संगठन मे 8.50 करोड़ सदस्य व 45 संगठन जुड़े हुए हैं। बिहार स्तर पर 6 लाख छोटे व मझोले व्यापारियों का संगठन है। इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया जो पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट व उद्योगपति हैं। इसके राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल है, जिनको अभी- अभी भाजपा ने दिल्ली के चांदनी चौक से लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया है। बिहार के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा है। यह संगठन बिहार के 9 प्रमंडलों व 38 जिलों में कार्य कर रहा है। श्री प्रेम पंकज उर्फ ललन आरा के जिलाध्यक्ष है। जब की शाहाबाद प्रभारी श्री बबल कश्यप डेहरी आन सोन मे रहते है।

# विहिप भोजपुर के जिला उपाध्यक्ष बने राजीव रंजन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। बिहार के गया में विश्व हिंदू परिषद का तीन दिवसीय प्रांत कार्य समिति बैठक सम्पन्न हुआ, जिसमें केंद्रीय सगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, क्षेत्र संगठन मंत्री वीरेंद्र विमल, राम जन्मभूमि ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल आदि उपस्थित रहें। इस दौरान बिहार में कई जिलों के दायित्व की घोषणा की गई। जिसमें भोजपुर जिला से विभाग सत्संग प्रमुख रहें रमेश मिश्रा को प्रांत के सत्संग सह प्रमुख, आरा के राजीव रंजन को जिला उपाध्यक्ष, जिला कोषाध्यक्ष विमल किशोर पाठक को जिला कोषाध्यक्ष एवं रजनीश राजन को जिला सेवा प्रमुख बनाया गया। बता दें की शहर मीरगंज बांसटाल निवासी नवमनोनित जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन पिछले कई वर्षो से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं। वे आरा नगर निगम की महापौर इंदू देवी के देवर और भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन के छोटे भाई है। वर्तमान में वे मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं राजेंद्र प्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। राजीव रंजन ने बताया कि विहीप से जो मुझे दायित्व मिला है, मैं उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा। रामराज्य के बिना एक अच्छे राष्ट्र की हम कल्पना नहीं कर सकते हैं। आने वाले समय में भारत विश्व गुरु बनेगा और रामराज्य का सपना साकार होगा, इसके लिए मैं प्रयासरत रहूंगा। नव मनोनित पदाधिकारियो को भोजपुर जिला मंत्री उपेन्द्र तिवारी, जिला सह मंत्री अभिषेक चौरसिया और नगर मंत्री श्याम किशोर पाठक , सह संयोजक अमित पांडेय आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# कोईलवर नगर में नमो युवा चौपाल बिहार कार्यक्रम आयोजित हुआ



प्रात: किरण संवाददाता

कोईलवर भारतीय जनता पाटी युवा मोर्चा नगर मंडल अन्तर्गत शक्ति केन्द्र ह्व कोईलवर नगरह्व (बूथ संख्या-139,140) पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री प्रशांत कुमार मिश्रा जी के अध्यक्षता में NamoYuvaChaupalBihar कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा बिहार प्रदेस उपाध्यक्ष सह भोजपुर भाजयुमो जिला प्रभारी श्री जितेंद्र सिंह जी तथा साथ में भारतीय जनता युवा मोर्चा भोजपुर के जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह जी की उपस्तिथि हुए। NamoYuvaChaupalBihar कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवाओं का रजिस्ट्रेशन करने सहित अभी से आगामी लोकसभा चुनाव में Abki Baar400Paa के संकल्प के साथ लग कर मोदी जी हाथो को और मजबूत करने का आह्वान किया गया। वही मौके पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतुराज जी, श्रवण गुप्ता जी, श्याम प्रकाश बिंद, प्रभाकर जी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उपरोक्त कार्यक्रम कि जानकारी मीडिया सह संयोजक सतीश गुप्ता ने दी।

# नगर परिषद हुआ लापरवाह, खुला नाला मौत का कर रहा इंतजार

- शिकायत के बाद भी मौन साधे बैठे है नगर पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



डालमियानगर (रोहतास) डेहरी नगर थाना क्षेत्र के जककी बिघा स्थित डाक्टर बीएन राय के बगल मे सड़क नाले में तब्दील हो गया है। बहुत बाडा नाले खुले मे है इस नाले मे बहुत से बाइक सवार गिर कर जख्मी हो गए हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन ने इस खुले नाले को बंद कराना मुनासिब नहीं समझा। बताते चलें कि छोटे वाहन से लेकर बडे वाहन इस खुले नाले मे गिर जाता है। वाहनों को निकालने में क्रेन का सहारा लिया जाता है। व्यस्त इलाके से होकर स्कूली बच्चों इसी रास्ते से आते जाते हैं। इसी खुले नाले से हो कर स्थानीय लोग मोहन बिघा, पाली जाते हैं। सबसे मजे की बात है कि इसी रास्ते से प्रशासन तथा सांसद व विधायक आते जाते है लेकिन कोई भी नहीं पहल कर इस खुले नाले को बंद कराना मुनासिब नहीं समझते है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध मे प्रशासन से कइ बार शिकायत किया परंतु प्रशासन ने कान मे तेल डालकर सोया हुआ है।

# संपूर्ण वैश्य समाज की बैठक हुआ संपन्न

- युवा जिलाध्यक्ष राकेश महाजन के नेतृत्व में

प्रात: किरण संवाददाता

आरा : भोजपुर जिले के सम्पूर्ण वैश्य समाज के जिला इकाई का बैठक केजी रोड आरा के गणिनाथ हॉस्पिटल के कैंपस में हुआ। युवा जिलाध्यक्ष राकेश महाजन के नेतृत्व मे हुआ। वही बैठक मे राकेश महाजन ने कहा कि इस बार होली मिलन समारोह भव्य रूप से आयोजित होगा। जिसमे वैश्य समाज के प्रदेश एंव जिला के प्रमुख नेता शामिल होंगे। सम्पूर्ण वैश्य समाज के बैनर तले इस बार होली मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर यह बैठक हुआ। वही बैठक मे सम्पूर्ण वैश्य समाज के बिहार प्रदेश एंव जिला के कई पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम मे प्रदेश सचिव संजय गुप्ता,जिला सचिव नायक साह, संगठन मंत्री अक्षयवर गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष विणा गुप्ता, गणपति मास्टर, बबन साह, कन्हैया साह, बीरेन्द्र बहादुर गुप्ता वैश्य प्रेमि आदि।

# कोइलवर में भोजपुर सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोईलवर प्रखण्ड स्थित के आरपीपीएस स्कूल में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन मौर्या कपल लायन्स क्लब आरा की ओर से किया गया था। कार्यक्रम का उदघाटन भोजपुर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ के एन सिन्हा,पीएचसी प्रभारी उमेश कुमार,आरपीपीएस निदेशक रविकांत राय, जागा कुशवाहा और होम्योपैथी चिकित्सक डॉ बिजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। आरपीपीएस स्कूल के प्रांगण में आयोजित एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर में शिशु रोग,स्त्री रोग,शल्य,ईएनटी,दंत, समेत दर्जन भर विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। सभी स्टॉल पर विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद थे जहां पूरे दिन विभिन्न रोगों के निदान के लिए कोईलवर नगर समेत आसपास के गांवों के लोगों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से चिकित्सकीय सलाह ली। स्वास्थ्य शिविर में पीएचसी की ओर से मुफ्त हेल्थ चेकअप कर दवा भी दिया गया जिसमें बीपी,सुगर इत्यादि की जांच शामिल रहे। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया और मुफ्त चिकित्सकीय सलाह के साथ साथ दवाएं ली। इस मौके पर डॉ आजम खान,डॉ पूजा,दिलीप कुमार,अवधेश सिंह, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सेक्टर प्रभारियों ने की बैठक

- जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा शामिल हुए

प्रात: किरण संवाददाता

डालमियानगर (रोहतास) रविवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के तत्वाधान में काराकाट लोकसभा स्तरीय प्रदेश पदाधिकारी के साथ सेक्टर प्रभारी ने की बैठक। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा शामिल हुए। बैठक में काराकाट लोक सभा से एनडीए प्रत्याशी को जीतने के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सभी साथियों को विस्तार पूर्वक सभी तरह के आवश्यक निर्देश अभियान समिति के अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा द्वारा दिया गया।

# डालमिया कंपनी से जुड़े क्वार्टर वासियों ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

डालमियानगर (रोहतास) आउट-साइडर क्वार्टर मामले को लेकर उद्योग समूह से जुड़े क्वार्टर वासियों ने रविवार को स्थानीय दुर्गा मंदिर चावला मार्केट के प्रांगण में एक बैठक की। बैठक वार्ड पार्षद रितेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। अवसर पर वार्ड पार्षद ने बताया कि डालमियानगर कंपनी क्वार्टर में किराएदार लोगों के साथ उच्चतम न्यायालय के आदेश को देखते हुए एक अहम बैठक की गई। उस बैठक में सभी किराएदार लोगों से मिलकर केस से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए आगे की रणनीति तय किया गया और साथ में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश को देखते हुए प्रत्येक पहलू पर चर्चा की गई एवं सर्वसम्मति से क्वार्टर वासीयो के हित में कार्य करने एवं अंडरटेकिंग व एफिडेविट देने की बातें की गई। जो नीलामी की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए आपसी सहयोग के साथ आगे की लड़ाई मिलजुल कर लड़ने पर विचार विमर्श किया गया। बताया कि कंप्लीट क्वार्टर किराएदार लोगों को अधिवक्ता के तरफ से जो पेपर का मांग किया गया है।

# लोकसभा चुनाव के तैयारी में सभी कार्यकर्ता लग जाय: सत्येन्द्र रंजन

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर सदर प्रखंड अरवल के अंतर्गत ग्राम - कोनिका में प्रखंड स्तरीय लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के सम्मानित पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकताओं के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद लोकसभा के चुनाव प्रभारी सह प्रदेश महासचिव रामाश्रय शर्मा उर्फ पुनदेव शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने -- अपने प्रखंड में एक बूथ दस यूथ कार्यक्रम चलाकर सभी पोलिंग बूथ को सशक्त और मजबूत बनायें। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष शीघ्र बूथ कमिटी का गठन कर सूची जिलाध्यक्ष के पास जमा कर दें। बैठक के विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के उम्मीदवार बनाने की मांग राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान किया।

# जलभरी सह शोभायात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू



प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज प्रखंड के दुगार्डीह(अमाथू) में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए जलभरी सह शोभायात्रा निकाली गई। जलभरी के साथ महायज्ञ की शुरूआत हो गई। जलभरी में घोड़े, हांथी व ऊंट सहित दर्जनों वाहन शामिल हुए। महायज्ञ के लिए शोभायात्रा निकालने से पहले यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन किया गया। उसके पश्चात यज्ञ के आचार्यों द्वारा मुख्य कलश की पूजा की गई। जलभरी सह शोभा यात्रा दुगार्डीह (अमाथू) स्थित यज्ञ मंडप से चलकर बिक्रमगंज तेंदुनी चौक होते हुए धावां पुल के पास नहर पर पहुंचा। जहां भक्तों द्वारा नहर से जल कलश में भरकर पुनः यज्ञ मंडप तक पहुंचा। जलभरी में शामिल घोड़े, हाथी व रथ पर भगवान राम, माता जानकी व लक्ष्मण की झांकी काफी आकर्षक लग रही थी। जलभरी सह शोभायात्रा में दुगार्डीह, अमाथू के अलावे मोरौना व कस्तर समेत दर्जनों गांव के लोग शामिल हुए। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि 1 मार्च से श्री मद्भागवत कथा प्रारंभ है। 3 मार्च रविवार जलभरी शोभायात्रा, अरणी मंथन व मंडप प्रवेश के बाद यज्ञ प्रारंभ हो गया। श्री श्री 1008 श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 8 मार्च तक चलेगा। 8 मार्च को पूणार्हुति व भंडारे के साथ यज्ञ की समाप्ति हो जायेगी। शोभायात्रा में पहुंचे अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र देकर किया गया। शोभायात्रा नहर से वापस यज्ञ मंडप तक पहुंचने के बाद भक्तों द्वारा जल कलश मंडप में रखकर परिक्रमा किया गया।

# कैमूर के डॉ. संतोष कुमार सिंह बिहार आईएमए के राज्य सचिव चुने गए

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। शनिवार को आईएमए बिहार राज्य शाखा का 79 वां वार्षिक अधिवेशन बोधगया मे आयोजित किया गया। आईएमए बिहार के इस वार्षिक सम्मेलन में आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन ( मुख्य अतिथि ) राष्ट्रीय महासचिव डॉ अनिल कुमार नायक ( विशिष्ट अतिथि ), राष्ट्रीय वित्त सचिव डॉ क्षितिज बाली ( विशिष्ट अतिथि ) डॉ वेद प्रकाश मिश्र विशिष्ट अतिथि थे। अधिवेशन के साइंटिफिक सत्र का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह द्वारा किया गया। अधिवेशन मे आईएमए बिहार राज्य शाखा के वर्ष 2024- 25 के लिए निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गई। जिसमे गया के डॉ ए एन राय को राज्य अध्यक्ष एवं कैमूर के डॉ संतोष कुमार सिंह को अवैतनिक राज्य सचिव चुना गया। व डॉ शिवेंद्र सिन्हा को वित सचिव चुना गया। पहली बार पटना से बाहर का राज्य सचिव बना है। आईएमए कैमूर के अध्यक्ष डॉ डी के सिंह को आईएमए सीजीपी विंग का सह सचिव बनाया गया है। अधिवेशन के दौरान आईएमए कैमूर के तीन चिकित्सको डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ संजय कुमार व डॉ सिद्धार्थ राज सिंह को सम्मानित किया गया।

# डीएसपी दिलीप कुमार ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास जिले के शिवसागर प्रखंड स्थित बड्डी ओपी को थाना का दर्जा मिल गया है। रविवार को डीएसपी सासाराम दिलीप कुमार की उपस्थिति मे बड्डी ओपी को थाना के कार्य के लिए हरी झंडी दिखाई गई। इस मौके पर ओपी प्रभारी विश्वजीत की अध्यक्षता मे पूरे थाना परिसर को सजाया गया। इस मौके पर शिवसागर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर राकेश गोसाई,शिवसागर सर्किल इंस्पेक्टर आदित्य कुमार प्रीतम के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बल मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी दिलीप कुमार ने मुख्य गेट पर गीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर पहूचे ग्रामीणों ने कहा की थाना के दर्जा मिलने से इलाके मे निरीक्षण सीधे तौर पर होगा। पहले शिवसागर थाना कांड संख्या मे मामले दर्ज होते थे अब सीधा बड्डी थाना मामले को दर्ज करेगा।

# जन वितरण प्रणाली की दुकान पर आयुष्मान कार्ड बनाने में लगी भीड़

प्रातः किरण संवाददाता। करपी। प्रखण्ड क्षेत्र में जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने का काम शुरू किया गया है। जन वितरण विक्रेताओं के द्वारा राशन कार्ड धारी को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बुलाया गया। कई जनवितरण प्रणाली की दुकानों पर ऑपरेटर नहीं पहुंच सके जिसके कारण आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शुरू नहीं किया जा सका। लेकिन अधिकांश जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार ने बताया कि ऑपरेटर के नहीं पहुंचने के कारण कुछ दुकानों पर कार्य शुरू नहीं किया जा सका है।



# ये काली काली आंखें 2 से फिर धमाल मचाने को तैयार ताहिर राज भसीन

नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज ये काली काली आंखें ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अब यह अपने अगले भाग के लिए तैयार है। नेटफ्लिक्स ने आधिकारिक तौर पर अपनी हिट सीरीज ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन की पुष्टि की। वहीं सीरीज में मुख्य भूमिका निभाने वाले अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपना उत्साह भी साझा किया। पहले सीजन की सफलता के बाद अब एक बार फिर ताहिर नई दुनिया से दर्शकों को रूबरू करवाने के लिए उत्सुक हैं।

## सीरीज पर क्या बोले ताहिर

दूसरे सीजन पर उत्साह व्यक्त करते हुए ताहिर ने कहा कि मेरे करियर के पिछले कुछ साल अच्छे रहे हैं। मेरे काम के लिए हर तरफ से प्यार मिलने से लेकर बैक टू बैक हिट देखने तक बहुत कुछ मिला। अविश्वसनीय रूप से शानदार भूमिकाएं मिली। यह सफलता की एक रोमांचक यात्रा रही है। एक परियोजना, जो इस सूची में सबसे अलग है, वह निश्चित रूप से ये काली काली आंखें है, क्योंकि मुझे स्क्रीन पर एक ऐसे नायक की भूमिका निभाने का मौका मिला, जो जरूरत पड़ने पर बेहद ग्रे भी हो जाता है। वह फिर भी भरोसेमंद है, वह जो करता है, वह जीवन से भी बड़ा है। ये काली काली आंखें एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जिससे मुझे मर्दानी के साथ-साथ शायद सबसे अधिक प्रशंसा मिली है।

## सीरीज के लिए उत्साहित हैं अभिनेता

उन्होंने आगे कहा कि मैं रोमांचित हूं कि नेटफ्लिक्स ने इस हिट सीरीज के दूसरे सीजन की घोषणा की है। मुझे इसके माध्यम से अधिक प्यार और अधिक प्रशंसा मिलने की आशा है। नायक की भूमिका निभाना हर अभिनेता का सपना होता है और मैं ये काली काली आंखें के साथ इसे फिर से जीने जा रहा हूं। रोमांचक सवारी के लिए तैयार रहें और उम्मीद है कि आपको यह थ्रिलर सीरीज एक बार फिर पसंद आएगी।

## अभिनेता ने शुरू की शूटिंग

ताहिर ने सीरीज की शूटिंग भी शुरू कर दी है। ताहिर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दूसरे सीजन की शूटिंग की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिसमें वे क्लैपबोर्ड लिए नजर आए।



# पहले से ज्यादा धमाकेदार होगी पुष्पा 2, श्रीवल्ली के किरदार को लेकर रश्मिका ने किया खुलासा

रश्मिका मंदाना इन दिनों इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शुमार है। शनिवार को रश्मिका ने जापान के टोक्यो में क्रंच्यरोल एनीमे अवार्ड्स 2024 में हिस्सा लिया। इस दौरान रश्मिका मंदाना ने एक साक्षात्कार में भी शामिल हुईं, जहां अभिनेत्री ने अपनी आगामी फिल्मों को लेकर बातचीत की। साथ ही उन्होंने अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 को लेकर भी दिलचस्प खुलासा किया।
पुष्पा 2 को लेकर रश्मिका ने कहा कि यह फिल्म पहले से भी ज्यादा धमाकेदार होने वाली है। वहीं फिल्म में अपने किरदार श्रीवल्ली को लेकर रश्मिका ने कहा, फिल्म में अब वे पुष्पा की पत्नी हैं और उन पर अब बहुत सारी जिम्मेदारियां हैं। दर्शकों को पुष्पा के सीक्वल में ढेर सारा ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा, जो पहले पार्ट से कहीं ज्यादा हैं। फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताते हुए रश्मिका ने कहा, सुकुमार जैसे परफेक्शनिस्ट निर्देशक के साथ काम करना शानदार रहा। फिल्म के साथ-साथ लोगों को इसके कलाकारों से भी काफी उम्मीदे हैं, अब यह कलाकार पर निर्भर करता है कि वे अपना कितना बेहतर दे सकते हैं। पुष्पा के सीक्वल के जरिए एक बार फिर से पुराने कलाकारों के साथ काम करने को लेकर रश्मिका ने कहा कि यह पार्टी करने जैसा है। रश्मिका ने आगे कहा, अल्लू अर्जुन, सुकुमार और बाकी टीम के साथ फिर से काम करना मजेदार है। इतने लंबे समय तक काम करते हुए हम सभी का एक-दूसरे से काफी लगाव हो गया है। अब यह घर जैसा लग रहा है। गौरतलब है कि आर्य और अब पुष्पा के साथ सुकुमार और अल्लू अर्जुन चौथी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म आर्य के भी दो सुकुमार ने दो भाग बनाए थे। पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के अलावा फहद फासिल, जगपति बाबू, प्रकाश राज, सुनील जैसे कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं, फिल्हाल फिल्म की शूटिंग जारी है।

# मनीषा ने साझा किया 28 साल बाद भंसाली के साथ काम करने का अनुभव

**मनीषा कोइराला संजय लीला भंसाली की हीरामंडी में नजर आएंगी। इस वेब सीरीज से भंसाली ओटीटी की दुनिया में डेब्यू करने जा रहे हैं। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख समेत और भी कई अभिनेत्रियां नजर आ रही हैं। हाल ही में मनीषा कोइराला ने भंसाली के साथ काम करने के अनुभव साझा किया। इस सीरीज में वे करीब 28 साल बाद भंसाली के साथ काम कर रही हैं।**

## निर्देशक की डेब्यू फिल्म में आई थीं नजर

मनीषा कोइराला ने पहली बार संजय लीला भंसाली के साथ फिल्म खामोशी- द म्यूजिकल में काम किया। वर्ष 1996 में आई यह फिल्म बतौर निर्देशक भंसाली की पहली फिल्म थी। मनीषा के साथ फिल्म में सलमान खान नजर आए। हाल ही में मनीषा कोइराला ने फिल्म खामोशी के दौरान और अब हीरामंडी में भंसाली के साथ काम करने का अनुभव साझा किया।

## भंसाली की तारीफ में कही ये बात

मनीषा कोइराला ने संजय लीला भंसाली के साथ काम करने के अनुभवों को एक शानदार यात्रा करार दिया। मनीषा कोइराला ने आगे कहा, हम सभी ने अपना बेस्ट देने की कोशिश की है, क्योंकि हम सभी एक मास्टर के साथ काम कर रहे हैं। खामोशी के साथ एक लंबे अरसे बाद काम करना, इससे बेहतर नहीं हो सकता था। मैंने उन्हें बतौर आर्टिस्ट आगे बढ़ते हुए, विकसित होते हुए देखा है। वह देश के बेस्ट आर्टिस्ट हैं। महान फिल्म निर्माता हैं। उनके साथ काम कर रहे हैं, ये हमारा सौभाग्य है।

## नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

हीरामंडी- द डायमंड बाजार इस साल के आखिर में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। बीते दिनों नेटफ्लिक्स ने अपने इवेंट नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स इंडिया में इस सीरीज के किरदारों का पोस्टर जारी किया। भंसाली अपनी फिल्मों के सेट के लिए जाने जाते हैं। उनकी इस डेब्यू सीरीज में भी इस बात का खास ख्याल रखा गया है। हीरामंडी के लिए भी भंसाली ने काफी भव्य सेट तैयार किया है। यह सीरीज बड़े स्तर पर बनाई गई है।





# मडगांव एक्सप्रेस में मराठी गाने पर धमाल मचाएंगी नोरा फतेही

हंसी और उत्साह के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि नोरा फतेही एक्सेल एंटरटेनमेंट के मडगांव एक्सप्रेस का हिस्सा बन गई हैं। निर्माताओं ने फिल्म के एक नए पोस्टर के साथ नोरा फतेही का परिचय देने के लिए ग्लैमर और मस्ती से भरपूर एक वीडियो जारी किया है। कुणाल खेमू द्वारा निर्देशित, यह फिल्म हंसी से भरी यात्रा पेश करती है और दर्शकों को दिव्येंदु, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की गतिशील तिकड़ी से परिचित कराती है, जो उनके पहले सहयोग को चिह्नित करता है। मेकर्स ने मडगांव एक्सप्रेस से नोरा फतेही का परिचय वीडियो साझा किया है। वह सिजलिंग चार्टबस्टर मराठी डांस नंबर ब्रिंग इट ऑन पर भी थिरकेंगी। जानकारी के अनुसार, नोरा फतेही का मडगांव एक्सप्रेस में एक बेहद बेहतरीन डांस नंबर होगा। जैसा कि नोरा ने इंडस्ट्री को कुछ सिजलिंग डांस नंबर दिए हैं, वह एक बार फिर गाने में अपने किलर डांस मूव्स से स्टेज पर आग लगा देंगी। नोरा का मराठी डांस नंबर निश्चित रूप से दर्शकों का दिल जीतेगा। यह गाना अजय अतुल द्वारा रचित प्रसिद्ध मराठी गीत ब्रिंग इट ऑन का प्रस्तुतीकरण होगा। चूंकि इस जोड़ी ने हमेशा ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, इसलिए फिल्म में उनका प्रसिद्ध ब्रिंग इट ऑन गाना निश्चित रूप से सही माहौल स्थापित करेगा।
निर्माताओं ने वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन दिया है, सबके हैं ग्लैमर के सपने, पर इस बार, लग गए अपने...मडगांव एक्सप्रेस का ट्रेलर 5 मार्च को आएगा। मडगांव एक्सप्रेस तीन बचपन के दोस्तों की कहानी है जो गोवा की यात्रा पर निकलते हैं। इस दौरान उनके जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। फुकरे, रॉक ऑन और डॉन जैसी हिट फिल्मों के निर्माताओं में से, मडगांव एक्सप्रेस कुणाल खेमू के निर्देशन की पहली फिल्म है।



# शादी के लिए सपोर्टिव पार्टनर ढूंढ रही हूं

**एक्ट्रेस रागिनी खन्ना पिछले काफी समय से छोटे परदे से दूर हैं। तकरीबन 12 साल पहले वो फिक्शन शो ससुराल गेंदा फूल में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आई थीं। अपने चुलबुले अंदाज से रागिनी ने घर-घर में अपनी जगह बनाई थी। इसके बावजूद, बीते काफी समय से वह किसी फिक्शन शो में नजर नहीं आईं। साल 2016 में वो आखरी बार रियलिटी शो कॉमेडी नाइट्स लाइव में नजर आई थीं।**

इन दिनों, रागिनी अपने सोशल मीडिया पर खुद के बनाए कंटेंट पर काम कर रही हैं। इतना ही नहीं, वो अपनी मां कामिनी खन्ना के सपनों को पूरा करने की राह पर भी निकल पड़ी हैं। एक्ट्रेस की मानें तो किसी और के विजन की बजाए खुद के विजन पर काम करना काफी संतोषजनक है। रागिनी लंबे समय तक सिंगल रही हैं। एक वक्त था जब उन्हें रिलेशनशिप में कमिटमेंट से डर था। लेकिन अब वो अपना घर बसाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## पहले कमिटमेंट इशू थे, अब शादी के लिए लड़कों से मिल रही हूं

मुझे भी प्यार हुआ था लेकिन उस वक्त मुझे कमिटमेंट इश्यूज थे। उस वक्त मैं शादी को लेकर सीरियस नहीं थी। मैं दिन-रात काम करती थी, मेरे पास किसी की फैमिली अरेंज करने का वक्त ही नहीं था। मैं सामने वाले को कभी अंधेरे में नहीं रखती। रिलेशनशिप में, मेरी तरफ से सामने वाले को हमेशा ही क्लीयर पिक्चर मिली है। मैं अपना पक्ष हमेशा क्लियर रखती हूं। कोई मेरे साथ हो या ना हो। आपकी चॉइस है और आपकी चॉइस सर माथे पर। मैं स्ट्रैट फॉरवर्ड महिला हूं। अब मेरी प्रायोरिटी बिल्कुल बदल गई है। अब मैं शादी के लिए लड़कों से मिल रही हूं। मेरी मां मुझसे हर दिन लड़के से मिलने के लिए फोर्स करती है। मैं उनकी बात मानती भी हूं। मैं कभी सिंगलहुड या सिंगल क्लब को प्रमोट नहीं करूंगी। मुझे प्यार और शादी पर बहुत भरोसा है। मेरे लिए कोई रिलेशनशिप टेम्परारी नहीं होता। उसका दर्जा उतना ही है जितना शादी का होता है। मैं ऐसा पार्टनर चाहती हूं जो मेरे वर्क आउट से लेकर मेरे बच्चों तक, ट्रैवलिंग से लेकर फैमिली तक... हर चीज में मेरा सपोर्ट करे। इंतजार है उस पल का जब मैं सामने से अपनी मां को उनके दामाद से मिलाउं। अभी तक ऐसा कोई बंदा ही नहीं आया।

## अब मां की ख्वाहिशें पूरी करने में जुट गई हूं

सोशल मीडिया पर मैं जिस तरह का काम कर रही हूं उसमें बहुत मजा आ रहा है। बहुत ज्यादा सीख रही हूं। पहले मैं हमेशा दूसरे के विजन पर काम करती थी। अब मैं अपने और अपनी मां के विजन पर चल रही हूं। अब फोर-फ्रंट में रहकर आइडिएशन पर काम होता है। खुद का कंटेंट क्रिएट करने में ज्यादा मजा आता है। जब मैं टेलीविजन पर काम कर रही थी, तब मैं सोशल मीडिया से बहुत अट्रैक्टेड थी लेकिन, उस वक्त टीवी पर मैं बहुत ज्यादा दिखती थी। मुझे लगता था कि सोशल मीडिया पर आई तो ओवरडोज हो जाएगा। टीवी से ब्रेक लेकर मैंने वर्ल्ड सिनेमा सीखना शुरू कर दिया। मैंने एक्टिंग वर्कशॉप ली।



# तमन्ना भाटिया के हाथ लगी ओडेला 2

दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार तमन्ना भाटिया अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह अपनी एक नई फिल्म को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। तमन्ना भाटिया की आगामी फिल्म ओडेला 2 को लेकर एक नई अपडेट सामने आ रही है। तमन्ना की इस नई फिल्म की शूटिंग आज से शुरू हो चुकी है। फिल्म के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी। तमन्ना भाटिया अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग शुरू होने से बेहद खुश हैं। तमन्ना के साथ इस फिल्म में हेबा पटेल और वशिष्ठ एन. सिम्हा भी नजर आएंगे। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। डी मधु मधु क्रिएशन्स और संपत नंदी टीमवर्क्स के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। ये फिल्म अपनी दिलचस्प कहानी और दमदार अभिनय से दर्शकों को लुभाने का वादा करती है। आज एक मार्च से फिल्म की शूटिंग प्राचीन शहर काशी में शुरू हुई है। टीम ने पवित्र नदी गंगा के घाटों पर फिल्म से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सीन फिल्माया है।

# मैं किसी को कुछ प्रूव करने नहीं आया हूं

**अपारशक्ति खुराना जल्द ही स्त्री 2 में नजर आने वाले हैं। एक्टर जी सिने अवार्ड्स शो को भाई आयुष्मान खुराना के साथ होस्ट करते भी दिखाई देंगे। अपारशक्ति ने एम टीवी के शो रोडीज से अपने सफर की शुरुआत की। अपारशक्ति ना सिर्फ एक्टर बल्कि सिंगर, कॉमेडियन, शो होस्ट और रेडियो जॉकी भी रह चुके हैं। उन्होंने हाल ही में बातचीत की।**

## इस बार जी सिने अवार्ड्स में क्या कुछ खास होगा

अपारशक्ति से पूछा गया कि इस बार जी सिने अवार्ड्स में बड़े बड़े स्टार्स परफॉर्म कर रहे हैं- शाहरुख खान, आलिया भट्ट, मौनी रॉय और आयुष्मान खुराना। ऐसे में इस बार अवार्ड्स शो में क्या कुछ खास होने वाला है? इस बात पर अपारशक्ति का कहना था- जी सिने अवार्ड्स के साथ मेरा पुराना रिश्ता है। मैं और भाई आयुष्मान खुराना पहले भी होस्ट कर चुके हूं।

## मैं किसी को कुछ प्रूव करने नहीं आया हूं

अपारशक्ति खुराना की पर्सनैलिटी काफी पॉजिटिव और खुशमिजाज है। लेकिन अब हाल ही में एक्टर ने निगेटिव और सीरियस रोल भी निभाए हैं। अपारशक्ति ने साल 2022 में आई फिल्म धोखा में निगेटिव रोल निभाया था। उन्होंने जुबली सीरीज में निभाए गए बिनोद किरदार के लिए भी काफी तारीफें बटोरी थीं। ऐसे में उनसे पूछा गया कि क्या आपको लगता है कि मेकर्स अब आपके टैलेंट को ज्यादा बेहतर तरीके से समझने लगे हैं? इस पर अपारशक्ति कहते हैं- मैं ऐसे नहीं सोचता हूं कि मेकर्स को मेरा काम अब दिखना या समझ आना शुरू हो रहा है। मैं बस अपना काम करने यहां आया हूं और वहीं करने में मुझे बहुत खुशी मिलती है। मैं ये जॉब किसी को पॉइंट प्रूव करने के लिए नहीं कर रहा हूं। मैं इस शहर में किसी को कोई पॉइंट प्रूव करने नहीं आया हूं। एक कलाकार के तौर पर मैं अपनी कला से संतुष्ट हो जाता हूं। जो लोग मेरी कला को, मेरी संतुष्टि को समझ जाते हैं- बहुत अच्छा लगता है। मुझे इस इंडस्ट्री में सबके प्रति लगाव है। मैं मानता हूं हर किसी की एक अलग जर्नी होती है। मुझे जितना प्यार मिल रहा है, मैं उससे काफी खुश हूं।

## अपारशक्ति खुराना का सपना पूरा हुआ

अपारशक्ति खुराना ना सिर्फ होस्टिंग बल्कि एक्टिंग में भी छाए हुए हैं। ऐसे में एक्टर से उनके पिछले साल के एक्सपीरियंस के बारे में पूछा गया। अपारशक्ति ने जवाब में कहा- एक आर्टिस्ट हर तरह के रोल करने के लिए मुंबई आता है। अलग-अलग किस्म के किरदार निभाने का मेरा सपना पिछले साल पूरा हुआ है। मैं खुद को बहुत खुशनसीब समझता हूं। बहुत अच्छा लगता है जब ऑडियंस से प्यार मिलता है।



### 3 बार दिए बोनस शेयर

**नईदिल्ली।** रिलैक्सो फुटवियर्स के शेयरों ने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। फुटवियर कंपनी के शेयरों ने सब्र रखने वाले लॉन्ग टर्म इनवेस्टर्स को मालामाल कर दिया है। रिलैक्सो फुटवियर्स के शेयरों में कुछ साल पहले लगाए गए 1 लाख रुपये अब 5 करोड़ रुपये हो गए हैं। कंपनी के शेयरों ने यह कमाल बोनस शेयर्स के दम पर दिखाया है। रिलैक्सो फुटवियर्स ने अपने इनवेस्टर्स को अब तक 3 बार बोनस शेयरों का तोहफा दिया है।




### हर शहर में खुलेगा एक बैंक

**नईदिल्ली।** हर शहर में अब एक शहरी सहकारी बैंक खुलेगा। दरअसल, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम की शुरुआत की है। इसके साथ ही उन्होंने निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अजय देवगन ने खरीदे मल्टीबैगर रिटर्न देने वाली कंपनी के 1 लाख शेयर, 6 महीने में पैसा डबल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन ने शेयर बाजार में बड़ा निवेश किया है। 'सिंघम' ने स्मॉलकैप स्टॉक पनोरमा स्टूडियोज़ इंटरनेशनल के एक लाख शेयर खरीदे हैं। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है।

रेगुलेटरी को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि अलॉटमेंट के जरिए 9 निवेशकों ने 24.66 करोड़ रुपये का निवेश किया है। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने 274 प्रति शेयर के हिसाब से 2.74 करोड़ रुपये का निवेश किया है। बता दें, शनिवार को स्पेशल सेशन के बंद होने के बाद 949 रुपये के लेवल पर थे।

पनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल का 52 वीक हाई 970 रुपये प्रति शेयर और 52 वीक लो लेवल 91 रुपये प्रति शेयर है। वहीं, कंपनी का मार्केट कैप 1181.20 करोड़ रुपये का है।

शेयर बाजार में पनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल का प्रदर्शन पिछले 6 महीने के दौरान शानदार रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 271 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। यानी पोजीशनल निवेशकों का पैसा इस दौरान दोगुना से अधिक हो गया है। वहीं, एक साल से स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 861 प्रतिशत का फायदा हुआ है।

### 1 शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड दे रही हैं कंपनी, रिकॉर्ड डेट इसी हफ्ते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में डिविडेंड देने वाली कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। सनोफी इंडिया लिमिटेड इस हफ्ते शेयर बाजार में एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेगी। कंपनी ने एक शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड देने का ऐलान किया है। आइए डीटेल्स में जानते हैं कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 1 शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 7 मार्च 2024 तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम इस दिन कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेगा उन्हें ही डिविडेंड का लाभ मिलेगा।

**लगातार डिविडेंड देती आ रही है कंपनी :** कंपनी नियमित अंतराल पर डिविडेंड देती आ रही है। कंपनी ने पिछले साल 377 रुपये का डिविडेंड दिया था। 28 अप्रैल को शेयर बाजार में कंपनी एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड किया था। इससे पहले 2022 में भी कंपनी ने 500 रुपये से अधिक का डिविडेंड दिया था।

**शेयर बाजार में दमदार प्रदर्शन? :** शनिवार को स्पेशल सत्र बंद होने के बाद कंपनी के शेयरों को भाव बीएसई में 8736.10 रुपये था।

# गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई की कुर्सी को खतरा

## एआई जेमिनी की नाकामी के बाद उठ रहे हैं सवाल, एआई की होड़ में काफी पिछड़ चुकी है गूगल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज टेक कंपनी गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के भारतीय मूल के सीईओ सुंदर पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। नवंबर 2022 में जब ओपनएआई और चैटजीपीटी रिलीज किया था तो गूगल पर दबाव बढ़ गया था। गूगल ने इसके जवाब में एआई चैटबॉट जेमिनी लॉन्च किया। लेकिन इसे अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है और यह एक तरह से हास्य का पात्र बनकर रह गया है। यही वजह है कि पिचाई पर दबाव बढ़ गया है। माना जा रहा है कि वह अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं या फिर कंपनी उन्हें निकाल सकती है। पिचाई 2022 में अमेरिका में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सीईओ थे। उन्हें 22.6 करोड़ डॉलर की सैलरी मिली। अगर भारतीय रुपयों में देखें तो यह करीब 18,84,39,13,900 रुपये बैठती है। यानी पिचाई की रोजाना की कमाई पांच करोड़ रुपये से अधिक रही।



जेमिनी के एआई इमेज जेनरेशन टूल की इतनी आलोचना हुई कि उसने इस फीचर को अपने चैटबॉट से हटा लिया है। कंपनी का कहना है कि इसे दुरुस्त करने के बाद ही बहाल किया जाएगा। पिचाई ने भी त्द्द्द्वद्वठ्ठद्व से हुई गलतियों को स्वीकार किया है। इसे ठीक किया जा रहा है और हमारी टीम लगातार इस मामले को ठीक करने के लिए 24 घंटे काम कर रही है। इस बीच गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के शेयरों में भी गिरावट आई है। इससे पहले जेमिनी के पिछले अवतार बार्ड में भी कई खामियां सामने आई थी। इससे गूगल की कल्चर पर भी सवाल उठने लगे हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि कंपनी आधे-अधूरे प्रॉडक्ट्स बाजार में लॉन्च कर रही है। इस कारण अब कंपनी के सीईओ पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

कल्चर पर उठ रहे सवाल

दरअसल गूगल की पहचान एक ऐसी कंपनी की रही है जो ठोक-बजाकर अपना माल बाजार में उतारती है। लेकिन बार्ड और अब जेमिनी की नाकामी ने कंपनी के बारे में इस धारणा को चूर-चूर कर दिया है। निवेशकों के बीच यह धारणा बन रही है कि गूगल एआई की रेस में पिछड़ चुकी है। एनालिस्ट बेन थॉमसन ने अपने पब्लिकेशन स्ट्रैटचेरी ने कहा कि गूगल को अपनी संस्कृति में बड़ा बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गूगल ने जेमिनी का इमेज जेनरेशन टूल को बंद कर दिया है लेकिन इसका टेक्स्ट जेनरेशन टूल भी बेतुका है। गूगल को एआई को डोमिनेट करना चाहिए था लेकिन उसकी सबसे बड़ी बाधा उसका कल्चर है। यही कारण है कि पिचाई के मैनेजमेंट पर सवाल उठ रहे हैं।

पोपलिटी एआई के सीईओ अरविंद श्रीनिवास का कहना है कि अगर पिचाई अपने पद से हटते हैं तो उन्हें ही गूगल का सीईओ नियुक्त करना होगा। इसकी वजह यह है कि वह अल्फाबेट के भी सीईओ हैं। इससे पहले हेलिओस कैपिटल के फाउंडर समीर अरोड़ा ने यह दावा किया था कि जेमिनी एआई के नाकाम होने की वजह से गूगल पिचाई को निकालने का फैसला ले सकती है। एक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर समीर अरोड़ा से एआई चैटबॉट जेमिनी को लेकर हुई कंट्रोवर्सी पर ओपनियन मांगा। इस पर जवाब देते हुए अरोड़ा ने लिखा कि पिचाई को निकाल दिया जाएगा या वे इस्तीफा दे देंगे। जेमिनी-एआई को लीड करने के बाद भी वह इस पर पूरी तरह से विफल हो गए हैं, जबकि दूसरी कंपनियों एआई में कहीं आगे निकल गई हैं।

## यूट्यूब का भूत उतारने के लिए मां ने घर से निकाला, आज हैं दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूबर, जमकर छाप रहे पैसा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिस्टरबीस्ट के नाम से तो आप वाकिफ होंगे। ऑनलाइन दुनिया में जिम्मी डॉनल्डसन की पहचान मिस्टरबीस्ट के रूप में है। यूट्यूब में टी-सीरीज के बाद मिस्टरबीस्ट के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं। जिस स्पीड से उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ रही है, वह जल्दी ही टी-सीरीज को पछाड़ देंगे। इसकी वजह यह है कि पांच महीने में भी कम समय में उनके सब्सक्राइबर्स की संख्या में 4.2 करोड़ का इजाफा हुआ है। अक्टूबर के मध्य में उनके 20 करोड़ सब्सक्राइबर्स थे जो अब 24.2 करोड़ पहुंच चुके हैं। टी-सीरीज के सब्सक्राइबर्स की संख्या 26 करोड़ है। जिम्मी डॉनल्डसन ने करीब एक दशक पहले 12 साल की उम्र में अपने यूट्यूब करियर की शुरुआत की थी। शुरुआत में उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा लेकिन आज उनके हर वीडियो पर लाखों व्यूज आते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 10 करोड़ डॉलर है।

यूट्यूब से उनकी सालाना कमाई 2.6 करोड़ डॉलर से अधिक है। वह अपने यूट्यूब चैनल्स पर विज्ञापनों के जरिए कमाई करते हैं। वह अपने मुख्य यूट्यूब चैनल के लिए 10 लाख डॉलर स्पॉन्सरशिप फीस चार्ज करते हैं। साथ ही वह हरेक महीने मर्केंडाइज के जरिए करीब 25 लाख डॉलर कमाते हैं। डॉनल्डसन का जन्म सात मई 1998 को अमेरिका में नॉर्थ कैरोलाइना के शहर ग्रीनविले में हुआ था। वह 12 साल की उम्र से यूट्यूब पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिल रही थी। माइक्रोफोन खरीदने के लिए उन्होंने एक-एक डॉलर बचाए थे। साल 2016 में उन्होंने स्कूल की पढ़ाई छोड़कर मीडिया की सबसे बड़ी पहेली को सुलझाने की कोशिश की। यह पहेली थी कि यूट्यूब पर वीडियो कैसे वायरल होता है। उस समय उनकी उम्र 16 साल थी। वह करीब पांच साल से यूट्यूब पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिल पा रही थी।

**मां संभालती है अकाउंट:** उन्हें लगा कि वह यूट्यूब के अलगॉरिद्म को अनलॉक करने के काफी करीब हैं। इसके बाद उन्होंने अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर इस कोड को क्रैक करने की कोशिश की। डॉनल्डसन याद करते हैं, मैं हर समय यूट्यूब के बारे में सोचता था, वीडियो और फिल्ममेकिंग के बारे में सोचता था। यही मेरी दिनचर्या थी। जब उन्होंने स्कूल छोड़ा तो उनकी मां बहुत निराश हुई। मां ने डॉनल्डसन को घर से निकाल दिया था। लेकिन डॉनल्डसन का यह फैसला रंग लाया। साल 2017 में उनके पहले वायरल वीडियो में उन्होंने अपने कमरे में एक चेयर पर बैठकर 100,000 तक गिनती की। इसमें उन्हें 40 घंटे का समय लगा। जैसे-जैसे उनके फॉलोअर्स की संख्या बढ़ने लगी उन्हें विज्ञापन भी मिलने लगे। इस कमाई को उन्होंने वीडियो बनाने पर खर्च किया और शानदार तथा बेहतर स्टंट किए। आज यूट्यूब में उनके फॉलोअर्स की संख्या 24 करोड़ पहुंच गई है। टिकटॉक पर भी उनके 9 करोड़ से अधिक और इंस्टाग्राम पर चार करोड़ फॉलोअर्स हैं। साथ ही वह मेटा के नए सोशल ऐप पर 10 लाख फॉलोअर्स हासिल करने वाले वह पहले शख्स थे। उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग से पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली थी। उन्होंने इस उपलब्धि हासिल करने का जश्न भी अपने अंदाज में मनाया और रेंडम तरीके से चुने गए एक फैन को टेस्ला की कार गिफ्ट की। आज उनकी मां ही उनका अकाउंट संभालती है।

## बायजू कर्मचारियों को नहीं मिली फरवरी की सैलरी, मालिक बोले- हम पैसे देने में असमर्थ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडुटेक कंपनी बायजू का संकट बढ़ता जा रहा है। बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन और निवेशकों के बीच विवाद का असर अब कर्मचारियों पर भी पड़ने लगा है। बायजू रवींद्रन ने कहा कि निवेशकों के साथ विवाद के कारण बायजू अपने कर्मचारियों का वेतन देने में असमर्थ है। मतलब ये हुआ कि बायजू के कर्मचारियों को अपने फरवरी के वेतन के लिए इंतजार करना होगा।

रवींद्रन ने कहा कि कुछ निवेशकों की वजह से राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई रकम को एक अलग खाते में रखा गया है। रवींद्रन ने आरोप लगाया कि निवेशकों का छोटा समूह निचले स्तर तक गिर गया है। हम आपकी मेहनत की कमाई का भुगतान करने के लिए जुटाए गए फंड का उपयोग करने में असमर्थ हैं।




**निवेशकों ने की कमाई:** बायजू रवींद्रन के मुताबिक राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई राशि वर्तमान में एक अलग खाते में बंद है। यह एक दुखद वास्तविकता है कि इनमें से कुछ निवेशकों ने पहले ही पर्याप्त मुनाफा कमा लिया है। इनमें से एक ने अपने शुरुआती निवेश से आठ गुना अधिक मुनाफा कमाया है। बायजू रवींद्रन ने अपने कर्मचारियों से कहा- हम अस्थायी रूप से आपको वह वित्तीय सहायता प्रदान करने में असमर्थ हैं जिसके आप हकदार हैं। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि आपके वेतन का भुगतान 10 मार्च तक कर दिया जाए।

**राइट्स इश्यू रोकने की मांग:** बता दें कि बायजू के निवेशकों ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने अमेरिका में एक अस्पष्ट हेज फंड में 533 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हेराफेरी की। इसके साथ ही 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर के राइट्स इश्यू पर रोक लगाने की मांग की है। निवेशकों का आरोप है कि यह राइट्स इश्यू अवैध और कानून के उलट है। एनसीएलटी ने भी बायजू को राइट्स इश्यू आगे बढ़ाने की सलाह दी थी। हालांकि, यह अनिवार्य नहीं किया था। ऐसे में बायजू ने अपना राइट्स इश्यू आगे बढ़ाने की बजाए 28 फरवरी को बंद कर दिया।

## 112 तक जाएगा यह शेयर, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जर बनाती है कंपनी, अडानी से भी मिला है काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग सॉल्यूशन प्रोवाइडर सर्वोटेक पावर सिस्टम के शेयर इन दिनों फोकस में हैं। कंपनी के शेयरों की अंतिम ट्रेडिंग 95.25 रुपये है। हाल ही में इसे हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड (एचपीसीएल) से लगभग ?102 करोड़ का ऑर्डर मिला है और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) लिमिटेड से ?111 करोड़ का एक और ऑर्डर मिला है। सर्वोटेक के शेयर में बीते शनिवार को भारी बिकवाली रही। यह शेयर एनएसई पर 95.25 रुपये पर बंद हुआ। शेयर में 5 फीसदी का लोअर सर्किट लगा। इससे पहले शेयर ने छह फरवरी को 108.70 रुपये के 52 वीक हाई को टच किया। पिछले साल 29 मार्च को यह शेयर 16.48 रुपये के 52 वीक लो पर पहुंच गया था। हाल ही में सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर को लेकर ब्रोकरेज ने एक टारगेट प्राइस दिया है।

## अनंत-आकाश और इशा के पास रिलायंस के कितने शेयर, मुकेश अंबानी ने इस तरह किया है बंटवारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत समेत दुनियाभर में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेशन की चर्चा हो रही है। दुनिया की तमाम बड़ी हस्तियों ने 3 दिन तक चलने वाले इस प्रोग्राम में हिस्सा लिया है। इस प्रोग्राम के दौरान अनंत अंबानी की स्पीच का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस स्पीच वीडियो में बेटे अनंत की बातें सुनकर मुकेश अंबानी बेहद भावुक नजर आ रहे हैं। बतौर पिता मुकेश अंबानी का अपने बच्चों- आकाश, इशा और अनंत अंबानी के लिए एक समान प्यार अकसर मीडिया की सुर्खियों में रहता है। पिछले साल ही



मुकेश अंबानी ने आकाश, इशा और अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल में शामिल करने का ऐलान किया था। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डिंग पैटर्न को भी देखें तो तीनों भाई-बहन की बराबर शेयर हिस्सेदारी है।

### किसके पास कितने शेयर

दिसंबर 2023 तक के रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक प्रमोटर्स के पास कंपनी में 50.30 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 49.70 फीसदी की है। प्रमोटर्स में अंबानी फैमिली के 6 लोगों में मुकेश अंबानी के अलावा उनकी मां कोकिलाबेन धीरू अंबानी, प प्रतिशती नीता अंबानी और बच्चे- इशा, आकाश और अनंत अंबानी शामिल हैं। मुकेश अंबानी के तीनों बच्चे यानी इशा, आकाश और अनंत अंबानी के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज के एक समान 80,52,021 शेयर हैं।

## ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर सदैव फैशन में नैक्स्ट पेश करने में अग्रणी

### फैशन, स्टाईल और म्यूज़िक में नैक्स्ट का अनुभव पाईये, ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट में, जो लेकर आ रहा है भारत का पहला फैशन फेस्टिवल

**भोपाल।** ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर सदैव फैशन में नैक्स्ट पेश करने में अग्रणी रहा है। यह ऐसे अनुभव लेकर आता है, जिन्होंने पूरी पीढ़ी के स्टाईल को आकार दिया है। अब यह ब्रांड ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के साथ आगे बढ़ रहा है, और फैशन को रनवे के दायरे से बढ़ाकर भारत के पहले फैशन फेस्टिवल तक ले जा रहा है।

फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल की कल्पना स्टाईल की विकसित होती हुई दुनिया को पेश करने के ब्रांड के मंत्र के अनुरूप की गई है। इसमें भारत के सर्वश्रेष्ठ डिज़ाईनर्स और स्टाईलिश सेलिब्रिटीज़ फैशन का बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। अब एक नए अवतार में फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल ब्रांड की स्टाइलिश दुनिया को नए शहरों के ग्राहकों तक ले जा रहा है, जिसकी शुरुआत पुणे से हुई है, और समापन मार्च, 2024 में भुवनेश्वर में हो रहा है। इस ब्रांड ने कुछ सबसे लोकप्रिय और चर्चित लाईफस्टाईल ब्रांड्स के साथ गठबंधन किया है, जो कई दिलचस्प अनुभव तैयार कर रहे हैं। इसका मिशन साफ है कि यह युवा और विकसित होते हुए भारत की पनपती भावनाओं को आधुनिक फैशन के अनुभवों से जोड़ना है, जो अभी तक चुनिंदा मेट्रो तक ही सीमित हैं।

इस फेस्टिवल ने अपने पहले संस्करण में विभिन्न शैलियों में सबसे आकर्षक ब्रांड्स के साथ शानदार गठबंधन कए हैं। उदाहरण के लिए नैशर माईल्स आधुनिक समय के यात्रियों के लिए एक फैशन एक्सेसरी ब्रांड है, जो हाल ही में शार्क टैंक इंडिया में आने के बाद सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। दूसरा दिलचस्प ब्रांड ऑल यू कैन स्ट्रीट है, जो एक स्ट्रीटवियर कलेक्टिव है। यह ग्राहकों को अपने परिधान को कस्टमाईज़ करने में मदद करने के लिए डीआईवाई स्टेशंस के साथ अनेक स्ट्रीटवियर ब्रांड लेकर आ रहा है। इसी प्रकार, बीयर्डो और माईग्लैम जैसे ब्रांड्स ग्रूमिंग और स्टाईलिंग स्टेशन लेकर आ रहे हैं, जिनमें स्टाईल एक्सपर्ट फेस्टिवल में आने वाले लोगों का स्टाईलिश मेकओवर कर देंगे। इसके अलावा, जॉन जैकब्स वर्चुअल ट्राई-ऑन्स द्वारा अपने अत्याधुनिक आईवियर का अनुभव प्रदान करने के लिए पॉप-अप्स स्थापित कर रहे हैं। डूडल मैपुल्स भी एक कायोस्क लगा रहे हैं, जिसमें कलाकार टी-शर्ट्स और स्निकर्स को फेस्टिवल जाने वालों के लिए स्केच और कस्टमाईज़ करेंगे। साथ ही ऑडी (पुणे) फेस्टिवल में अपने लेटेस्ट कलेक्शन का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो आगंतुकों को लग्ज़री का अनुभव कराएगा। इन बेहतरीन स्टाईल के अनुभवों के साथ ही इसमें भुवनेश्वर में डिज़ाईनर नचिकेत बरवे और सान्या मल्होत्रा, पुणे में डिज़ाईनर वरुण बहल और अदिति राव हैदरी द्वारा फैशन शोकेज़ होंगे। इसके अलावा लोकप्रिय कलाकार जैसे रित्विज़ कायन, प्रोग्रेसिव ब्रदर्स और रबाब रंधावा शानदार संगीत प्रस्तुति देकर आगंतुकों के लिए पूरे दिन जश्न का माहौल बनाकर रखेंगे।

कुल मिलाकर, फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल में फैशन, म्यूज़िक और टेक्नोलॉजी के बहुआयामी अनुभव होंगे। यह अपनी तरह का पहला कॉन्सेप्ट है, जो भारत के पहले फैशन फेस्टिवल के साथ फैशन, स्टाईल और ग्लैमर की हर चीज़ को परिभाषित कर रहा है।

पेरनोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, ''जहाँ हम भारत में फैशन के परिदृश्य का नेतृत्व कर रहे हैं, वहीं ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल्स एक आकर्षक नया फॉर्मेट लेकर आया है, जो हमारे अनुभवों को नए शहरों में ले जा रहा है। हम इन शानदार ब्रांड्स के साथ गठबंधन करके उत्साहित हैं, जो स्टाईल और ग्लैमर की दुनिया का गेटवे बनने के हमारे मिशन के साथी हैं।''

श्रुति केडिया डागा, को-फाउंडर एवं सीएमओ, नाशेर माईल्स ने कहा, ''हम भुवनेश्वर और पुणे में ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के पहले संस्करण में स्टाईल 360 ब्रांड पॉप-अप ज़ोन का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं। इस गठबंधन से भारतीय यात्रियों का स्टाईल बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। नाशेर माईल्स में हमारा विश्वास है कि हर सफर स्टाईल और फंक्शनलिटी का प्रदर्शन करने का अवसर होता है, और यह पार्टनरशिप हमें यात्रा के अनुभव को परिभाषित करने में समर्थ बना रही है। यश शेट्टी और अभिषेक गांधी - को-फाउंडर, ऑल यू कैन स्ट्रीट ने कहा, ''सबसे बड़े प्रीमियर प्रोग्रेसिव फैशन फेस्टिवल के रूप में हम विभिन्न ब्रांड्स का संग्रह तैयार करते हैं। लेकिन इस बार भुवनेश्वर और पुणे में ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के लिए हमने ब्रांड्स का एक एक्सक्लुसिव संग्रह तैयार किया है, जो फैशन उद्योग में हलचल मचा रहा है। मेरा मानना है कि ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल और ऑल यू कैन स्ट्रीट मिलकर आपको बिल्कुल नया फैशन का संग्रह पेश कर रहे हैं, जो विपरीत ग्राहकों को भारत में मुख्य धारा के फैशन में लेकर आ रहा है।

## कई देश भारत के साथ रुपए में व्यापार शुरू करने को इच्छुक: सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि कई देश रुपए में व्यापार शुरू करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की बुनियाद मजबूत है और भारतीय मुद्रा ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले लगभग स्थिर है। सीतारमण ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में पंडित हृदय नाथ कुंजरू मेमोरियल व्याख्यान 2024 में कहा कि भारत ने निजी निवेश के लिए हर क्षेत्र को खोल दिया है।



देश नए साधनों का इस्तेमाल करके कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों को राजकोषीय और नीतिगत समर्थन देगा। उन्होंने कहा, अमेरिकी डॉलर को छोड़कर, जिसमें अस्थिरता थी, भारतीय रुपया ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले स्थिर रहा है। भारतीय रुपया कई अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कहीं अधिक स्थिर रहा है। सीतारमण ने अपने पूर्व संस्थान में छात्रों और प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह वजह है कि आज कई देश रुपए में व्यापार करना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में, जेएनयू ने मुझे अखिल भारतीय अनुभव दिया। इससे मुझे एक विद्यार्थी के रूप में बेहतर बनने में मदद मिली। यह पुरानी यादों को ताजा करने वाली यात्रा थी। सीतारमण ने जेएनयू में स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज और स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज से क्रमशः एमए और एमफिल किया है। उन्होंने कहा कि रुपए के व्यापार में शुरुआती समस्याएं हो सकती हैं लेकिन इससे डॉलर की कमी वाले देशों को मदद मिल रही है। मंत्री ने कहा कि जी20 या संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच अब संस्थानों में सुधार के लिए भारत की बात सुन रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जल शक्ति मंत्रालय ने शुरू की स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग पहल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने भारत के पर्यटन क्षेत्र में स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ाने के प्रयासों के तहत लोकप्रिय स्थलों पर सौंदर्य और स्वच्छता मानकों को बढ़ाने के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग नामक पहल शुरू की है। यह जानकारी केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने दी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के तहत पेयजल और स्वच्छता विभाग ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के साथ मिलकर इस अवधारणा को पेश किया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर सौंदर्य और स्वच्छता मानकों को बढ़ाने के लिए पर्यटकों के लिए विश्व स्तरीय स्वच्छता युक्त सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। शेखावत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे देश के आतिथ्य और विकास के राजदूत के रूप में हमारी सभी पर्यटक सुविधाओं को हमारे पर्यटन स्थलों के सौंदर्य और स्वच्छता स्तर को बढ़ाने में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में नर्मदापुरम के मध्य मढ़ई में स्थित बाइसन रिसार्ट्स ने पहले पांच स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रमाणपत्र प्राप्त कर अग्रणी स्थान हासिल किया है। यह सम्मान जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं के प्रति रिसार्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### दंगों में नुकसान पर धामी सरकार का होगा सख्त ऐक्शन, वूसली के लिए बनेगा सख्त कानून

**देहरादून, एजेंसी।** दंगा, हड़ताल और विरोध-प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक और निजी सम्पत्ति को होने वाले नुकसान की भरपाई का कानून सोमवार को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक में आ रहा है। पुष्कर सिंह धामी सरकार उत्तराखंड में अध्यादेश के जरिए लागू कर सकती है। इस कानून के तहत सम्पत्ति को हुए नुकसान की भरपाई घटना के दिन वाले बाजार मूल्य के आधार पर उपद्रवियों से की जाएगी। विरोध-प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक और निजी सम्पत्ति को निशाने पर लेने की प्रवृत्ति पर लगाम कसने के लिए गृह विभाग ने उत्तराखंड लोक एवं निजी संपत्ति क्षति वसूली कानून तैयार कर लिया है। इसे सोमवार को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक के एजेंडे में रखा गया है। इस कानून के तहत उपद्रवियों से तय समय के भीतर नुकसान की शत-प्रतिशत भरपाई की जाएगी। इसके अनुसार वसूली बाजार दर पर होगी, कुछ मामलों में यदि ट्रिब्यूनल को उचित लगता है। तो हर्जाने की वसूली कुल लागत से दोगुनी तक हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, सरकार इस कानून को अध्यादेश के जरिए भी लागू कर सकती है। प्रस्तावित कानून के तहत नुकसान की भरपाई के लिए रिटायर जिजा जज की अध्यक्षता में स्वतंत्र ट्रिब्यूनल बनाया जाएगा, जिसे सिविल कोर्ट की शक्तियां प्रदान की जाएंगी। सार्वजनिक सम्पत्ति को हुए नुकसान की भरपाई के लिए विभागाध्यक्ष घटना के तीन महीने के भीतर ट्रिब्यूनल के सामने अपील करेंगे।

### राजस्थान में 7 प्रत्याशी नए, शेखावत, मेघवाल और चौधरी समेत 8 प्रत्याशी रिपीट

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों में से 15 के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। बीजेपी ने 7 नए प्रत्याशियों को टिकट दिया है। जबकि 8 प्रत्याशी रिपीट किए है। मोदी कैबिनेट में शामिल तीनों मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी पर फिर विश्वास जताया गया है। चूरू से रामसिंह कस्वां का टिकट काट दिया है। जबकि नागौर से ज्योति मिर्धा को टिकट दिया गया है। बता दें ज्योति मिर्धा को विधानसभा का चुनाव हारने के बाद भी टिकट दिया गया है। बीकानेर - अर्जुन राम मेघवाल, चुरू - देवेंद्र झाझड़िया,सीकर - सुमेधानंद सरस्वती. अलवर - भूपेंद्र यादव ,नागौर - ज्योति मिर्धा, पाली - पीपी चौधरी, जोधपुर - गजेंद्र सिंह शेखावत. बाड़मेर - कैलाश चौधरी, जालोर - लुंबाराम चौधरी,उदयपुर - मन्नालाल रावत, बांसवाड़ा - महेंद्रजीत सिंह मालवीय, चित्तौड़गढ़ - सीपी जोशी, कोटा - ओम बिरला झालावाड़ - दुष्यंत सिंह और भरतपुर - रामस्वरूप कोली को टिकट दिया है। बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट में राजस्थान के लिए 15 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को अलवर से टिकट दिया है। भूपेंद्र यादव पहली बार चुनावी मैदान में उतरे है।

# एनसीपी-शिवसेना में टूट के बाद बदल गई महाराष्ट्र की तस्वीर



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट की घोषणा कर दी है, लेकिन महाराष्ट्र को लेकर तस्वीर अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। एनडीए एवं विपक्षी गठबंधन दोनों का मानना है कि लोकसभा में उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक संख्या में सांसद भेजने वाले महाराष्ट्र में सीट आवंटन का एक मात्र फार्मूला जीत की संभावना है। महाराष्ट्र में 2019 के बाद से कई बार राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिली है। वर्ष 2019 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भाजपा के साथ अपने पुराने गठबंधन को तोड़ दिया था फिर शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को भी दलों में विभाजन का सामना करना पड़ा।

शिवसेना के अधिकतर विधायक अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ हैं जिन्होंने भाजपा के साथ हाथ मिला लिया हैं। इसके अलावा अजित पवार भी अपने समर्थक पार्टी विधायकों के साथ पिछले साल शरद पवार नीत एनसीपी से अलग होकर सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हो गए। सत्तारूढ़ एवं विपक्षी दलों के नेताओं ने बताया कि दलों के विभाजन के बाद समीकरण बदलने के कारण सीटों का बंटवारा एक मुश्किल काम हो गया है।

भाजपा ने तत्कालीन अविभाजित शिवसेना के साथ मिलकर 2019 में 41 सीट पर जीत हासिल की थी और इस बार भाजपा ने अपने राष्ट्रवादी जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 45 सीट जिताने का लक्ष्य रखा है जबकि विपक्षी कांग्रेस 2019 का प्रदर्शन नहीं दोहराना चाहेगी जब उसे मात्र एक सीट पर जीत मिली थी। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सीट बंटवारे के मामले पर केंद्रीय नेतृत्व के साथ चर्चा की जा रही है। विपक्षी गठबंधन 'महा विकास आघाडी' में ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी का शरद पवार नीत धड़ा और कांग्रेस शामिल हैं। विपक्षी गठबंधन प्रकाश आंबेडकर नीत वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) को लुभाने की कोशिश कर रहा है लेकिन बाबा साहेब आंबेडकर के पौत्र ने इस बारे में अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है।

### मार्च में पीएम समेत भाजपा के दिग्गज नेताओं का छत्तीसगढ़ दौरा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। इसके साथ ही प्रदेश में आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेताओं का दौरा है। फरवरी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जांजगीर चांपा में एक बड़ी सभा को संबोधित कर लोकसभा चुनाव का बिल्कुल फूंक चुके हैं। वही अब मार्च के महीने में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं तो उसके बाद केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ में बड़ी आमसभा करेंगे।

छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना और महतारी वंदन योजना को लेकर जमकर चर्चा हो रही है। इन चर्चाओं के बीच लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 8 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी रायपुर आ रहे हैं। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में पीएम मोदी एक बड़ी आम सभा करेंगे। 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्रदेश की सभी पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली पहली किस्त की राशि 1000 रुपए उनके खाते में डालने की तैयारी की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले महतारी वंदन योजना की पहली किस्त महिलाओं को दिलाने की तैयारी में जुट गई है। भाजपा की यह कोशिश है कि आचार संहिता लगने से पहले प्रधानमंत्री की ज्यादा से ज्यादा राज्यों में सभाएं की जा सके। जिससे कि केंद्र सरकार की योजना और मोदी की गारंटी को जल्द से जल्द जनता के बीच लागू किया जा सके। इसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी भारतीय जनता पार्टी एक-एक कर मोदी की गारंटी को पूरा करने में लगी है। छत्तीसगढ़ में 70 लाख से ज्यादा महिलाओं ने महतारी वंदन योजना को लेकर आवेदन कर दिया है। जिसमें पत्र महिलाओं की सूची लगभग तैयार हो गई है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 8 मार्च को दी जा सकेगी।

वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ आ रहे है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के ठीक दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ में एक बड़ी आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह भाजपा किसान मोर्चा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह का यह दौरा पहले दो या तीन मार्च को होने वाला था, लेकिन उसे आगे बढ़ा दिया गया है।



### छात्र की मौत मामले में राज्यपाल की कार्रवाई, विश्वविद्यालय के कुलपति को किया निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम आर शशिंद्रन को निलंबित कर दिया। राज्यपाल ने यह कार्रवाई हाल हीम में दूसरे वर्ष की छात्र की मौत मामले में की है। मालूम हो कि सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज के एक छात्र ने 18 फरवरी को अपने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया गया था। छात्र की पहचान जेएस सिद्धार्थ के रूप में की गई है। वहीं, राज्यपाल ने अपने निलंबन आदेश में कहा कि प्रोफेसर शशिंद्रन द्वारा दी गयी रिपोर्ट 18 फरवरी को 20 वर्षीय सिद्धार्थ की मौत से जुड़े घटनाक्रम के दौरान कुलपति की ओर से कर्तव्यों में घोर लापरवाही का प्रमाण है। उन्होंने कुलपति की लापरवाही पर चिंता व्यक्त करते हुए घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त न्यायाधीश से इस पूरे घटना का जांच कराने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि केरल उच्च न्यायालय के महापंजीयक से इस मामले में उचित अनुरोध किया जाएगा।

### वरुण गांधी का टिकट कटना तय, मेनका को लेकर भी संशय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए घोषित पहली सूची में प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी समेत 195 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं, लेकिन इनमें बिहार, महाराष्ट्र व कर्नाटक जैसे बड़े राज्य बाकी हैं, जहां गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अधिकांश पुराने चेहरों पर दिखाया भरोसा दिखाया है, लेकिन दिल्ली में भावी रणनीति को देखते हुए कई चेहरे बदले हैं। क्षत्रपों में भी फेरबदल किया गया है और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय राजनीति में लाया जा रहा है। बिगड़े बोल वाले नेताओं से दूरी बनाई गई है। पार्टी ने राज्यसभा के 11 सांसदों को भी लोकसभा के मैदान में उतारा है। मंत्री स्मृति ईरानी, चंदौली से केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, लखीमपुर-खीरी से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा (टेनी) महराजगंज से केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मोहनलालगंज से राज्य मंत्री कौशल किशोर को फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है।

## सामने आई आंध्र प्रदेश में रेल हादसे की वजह, ड्राइवर मोबाइल पर देख रहा था क्रिकेट मैच; 14 लोगों ने चुकाई लापरवाही की कीमत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दावा किया कि 29 अक्टूबर 2023 को आंध्र प्रदेश में जब दो यात्री रेलगाड़ियों की टक्कर हुई, तो उस समय एक ट्रेन का लोको पायलट और सहायक लोको पायलट मोबाइल फोन पर क्रिकेट मैच देख रहे थे। नए सुरक्षा उपायों के बारे में बात करते हुए उन्होंने इस दुर्घटना का जिक्र किया।

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के कंटाकापल्ली में हावड़ा-चेन्नई मार्ग पर रायगड़ा पैसेजर ट्रेन ने विशाखापत्तनम पलासा ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटन जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक यात्री घायल हुए थे।

रेल मंत्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश में यह दुर्घटना इस कारण हुई, क्योंकि लोको पायलट और सह-पायलट दोनों का ध्यान क्रिकेट मैच की वजह से भटक गया था। हम ऐसी प्रणाली स्थापित कर रहे हैं जो यह सुनिश्चित कर सकती है कि पायलट और सहायक पायलट का ध्यान पूरी तरह से ट्रेन चलाने पर रहे। हम हर घटना का मूल कारण जानने का प्रयास करते हैं ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो।

रेलवे सुरक्षा आयुक्तों (सीआरएस) की जांच रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। हालांकि, घटना के एक दिन बाद प्रारंभिक रेलवे जांच के हवाले से कहा गया था कि ट्रेन हादसे के लिए रायगड़ा यात्री गाड़ी के लोको पायलट और सहायक लोको पायलट जिम्मेदार हैं तय नियमों का उल्लंघन किया। इस हादसे में चालक दल के दोनों सदस्यों की मौत हो गई थी। आने वाले वर्षों में बनेंगी एक हजार से अधिक अमृत भारत ट्रेन रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नयी पीढ़ी की कम से कम 1,000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेगा। 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने यह भी कहा कि रेलवे ने पहले ही वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम करना शुरू कर दिया है और आने वाले पांच वर्षों में देश द्वारा पहला निर्यात किये जाने की उम्मीद है। नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के पिछले 10 वर्षों में रेलवे द्वारा की गई परिवर्तनकारी पहलों पर उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल-चिनाब पुल और कोलकाता मेट्रो के लिए नदी के नीचे पहली जल सुरंग रेल क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है।

### बांग्लादेश की इमारत में आग लगने के मामले में तीन गिरफ्तार

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश की इमारत में लगी आग के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में 46 लोगों की जान चली गई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार लोगों की पहचान चुमुक नामक भोजनालय के दो मालिकों और कच्ची भाई रेस्तरां के प्रबंधक के रूप में की गई है।



ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के अतिरिक्त आयुक्त खमहिदउद्दीन ने शुक्रवार शाम मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि इमारत के भूतल पर एक खाद्य दुकान में गुरुवार को आग लग गई। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटना में हुई मौतों के मामले में लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार का कोई भी व्यक्ति चाहे तो मामला दर्ज करा सकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इमारत के मालिकों की ओर से कोई लापरवाही हुई है, तो उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अपनी गतिविधियों को सुरक्षा पहले सिद्धांत के अनुसार संचालित करने को कहा। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और प्रधानमंत्री शेख हसीना ने घटना में जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। ढाका के अतिरिक्त उपायुक्त एकेएम हेदायतुल इस्लाम ने कहा, हमने मृतकों के परिवारों को 25 हजार टका की सहायता दी है। इमारत की छत और अलग-अलग मंजिलों से 70 लोगों को बचाया गया, इनमें 42 बेहोश थे।

## निज्जर की हत्या के खिलाफ खालिस्तान समर्थकों का प्रदर्शन, लेकिन नहीं हो रहा असर




**ओटावा, एजेंसी।** सरे में ओटावा में भारत के उच्चायुक्त की उपस्थिति में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को बाधित करने की घटना के ठीक एक दिन बाद खालिस्तान समर्थक समूहों ने शनिवार को टोरंटो और वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावासों के सामने विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, इसका कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला। आपको बता दें कि यह कार रैली ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में 18 जून को खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के विरोध में आयोजित की गई थी। जिस समय ये विरोध प्रदर्शन हुए उस समय दोनों ही दूतावास साप्ताहिक अवकाश के लिए बंद थे। इसलिए, इसका कोई असर नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों को दूतावासों के करीब आने से रोक दिया गया। कनाडाई पुलिस ने इमारतों की घेराबंदी कर दी, बैरिकेड्स लगा दिए और प्रदर्शनकारियों को दूर रखा। आपको बता दें कि यह इस विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के द्वारा बुलाया गया था। शुक्रवार की शाम को उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने शहर के शेरेटन गिल्डफोर्ड होटल में सरे बोर्ड ऑफ ट्रेड को संबोधित किया। आपको बता दें कि इसी इलाके में निज्जर की हत्या हुई थी। एसएफजे ने शहर को युद्ध क्षेत्र बताया और कहा कि वह वर्मा का विरोध जारी रहेगा। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कार्यक्रम स्थल के सभी प्रवेश द्वारों को अवरुद्ध कर दिया। इसके कारण कोई भी प्रदर्शनकारी अंदर दाखिल नहीं हो पाए। मौके पर उग्र झड़पें भी हुईं। आयोजकों ने दावा किया कि कार्यक्रम स्थल पर लगभग 500 प्रदर्शनकारी थे।

### अमेरिका भारत को एमक्यू-9बी ड्रोन बेचने के लिए उठाएगा अगला कदम

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी कांग्रेस की सौदे की समीक्षा के लिए 30 दिन की अवधि शुक्रवार को खत?म हो गई। इसके बाद भारत को गोला-बारूद के साथ 31 एमक्यू-9बी स्काईगार्डियन सशस्त्र ड्रोन बेचने के लिए अगला कदम उठाने का रास्ता अब साफ हो गया है।ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी, टोही और भूमि, वायु और समुद्री युद्ध के लिए हैं। भारत के पास इनमें से दो ड्रोन - एमक्यू-9ए - निर्माता जनरल एटॉमिक्स से कंपनी-लीज और ऑपरेशन के आधार पर हैं।भारत ने गोला-बारूद के साथ ड्रोन के जिस पूरे पैकेज की मांग की है, उसकी अनुमानित लागत 3.99 अरब डॉलर होगी।ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे; 35 एल3 रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट; 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें; 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइलें; 310 जीबीयू-39बी/बी लेजर छोटे व्यास वाले बम और आठ जीबीयू-39बी/बी एलएसडीबी गाइडेड टेस्ट वाहन लाइव फ्यूज के साथ।

## इस्राइल हमास के साथ छह हफ्ते के युद्धविराम पर सहमत

**यरूशलम, एजेंसी।** अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि प्रस्तावित गाजा संघर्ष विराम और बंधकों के रिहाई समझौते के लिए इस्राइल सहमत है, लेकिन अब इस पर फैसला हमास को करना है। अधिकारी ने कहा कि इस्राइल ने संघर्ष विराम प्रस्ताव को लगभग स्वीकार कर लिया है। प्रस्ताव के अनुसार गाजा में छह सप्ताह के संघर्ष विराम के साथ-साथ हमास बंधक बनाए गए बीमार, घायल, बुजुर्ग और महिलाओं को रिहा भी करेगा। फिलहाल, गेंद हमास के पाले में है। हम जितना संभव हो सकेगा युद्धविराम के लिए प्रयास करेंगे।

वहीं, अमेरिका ने जॉर्डन के सहयोग से शनिवार को आपात मानवीय सहायता के रूप में विमान के जरिये गाजा में खाद्य सामग्री के 38,000 पैकेट गिराए। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया, राहत सामग्री के 66 बंडल गिराए गए। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा,




यूएस सेंट्रल कमांड और जॉर्डन की वायु सेना ने शनिवार को अपराह्न तीन से पांच बजे के बीच गाजा में संघर्ष से प्रभावित नागरिकों के लिए जरूरी राहत सामग्री एयरड्रॉप की। इस संयुक्त ऑपरेशन में अमेरिकी वायु सेना और आरजेएएफ सी-130 विमान के सैनिक शामिल थे। हवाई डिलीवरी के लिए बंडल बनाए गए और सैनिकों ने खाद्य सहायता की सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित की।

गाजा में इस्राइल-हमास के बीच करीब पांच महीने से संघर्ष जारी है। सात अक्तूबर को दक्षिण इस्राइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में तीस हजार से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। इस्राइली सेना ने शनिवार को रफा सिटी में एक अस्पताल के पास बने शरणार्थी शिविर पर बमबारी की, जिसमें 11 फलस्तीनी नागरिक मारे गए और 50 अन्य घायल हुए हैं। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस्राइली सेना ने दीर अल-बलाह और जबालिया में तीन घरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। इन हमलों में 17 फलस्तीनी मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं।

### ईशनिंदा मामले में अदालत ने दो भाईयों को किया बरी, निजी दुश्मनी के चलते लगाए गए थे आरोप

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने पंजाब प्रांत में एक हाई प्रोफाइल ईशनिंदा मामले में दो भाईयों को बरी कर दिया गया है। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान कहा गया कि निजी दुश्मनी के चलते दोनों भाईयों को फंसाया गया था। बता दें पाकिस्तान में ईशनिंदा में मौत की सजा का प्रावधान है।

यह मामला 16 अगस्त, 2023 को कुरान के अपमान के आरोप में लाहौर से लगभग 130 किलोमीटर दूर जारनवाला शहर में हजारों मुसलमानों की हिंसक भीड़ द्वारा 24 चर्चों और ईसाइयों के 86 घरों को जलाने से संबंधित है। भीड़ का नेतृत्व कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी, तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने किया था। गौरतलब है कि जरनवाला में हुई घटना के बाद सैकड़ों ईसाई अपने घर छोड़कर भाग गए। चर्चों और ईसाई घरों पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 100 से अधिक लोग वर्तमान में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। पुलिस ने पाकिस्तान दंड संहिता की कई धाराओं के तहत आरोप में दो भाइयों उमर सलीम उर्फ रॉकी और उमैर सलीम उर्फ राजा को भी गिरफ्तार किया था। फैसलाबाद में आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश मुहम्मद हुसैन ने शुक्रवार को दोनों ईसाई भाइयों को बरी करने का आदेश दिया क्योंकि यह पता चला कि उन्हें स्थानीय मुसलमानों ने व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण फंसाया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129